सूर्योदय 5:27 सूर्यास्त 7:26

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 24 अधि |
| धर्मशाला | 21 न्यू | 32 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,500.47 |
| निफ्टी | 25,149.85 |
| सोना | 97,511 |
| चांदी | 1,10,290 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




बुमराह बोले- मेहनत करता हूं, मैं मैच फीस नहीं कटवाना चाहता

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 13 जुलाई 2025 | 29 आषाढ़, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 195, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### मणिपुर में गिरफ्तार किए आठ उग्रवादी

**एजेंसी, इंफाल।** सुरक्षाबलों ने मणिपुर के तीन जिलों से विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के आठ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित पीआरईपीएके (वीसी-रेड आर्मी) के एक सक्रिय कैडर को शुक्रवार देर रात को इंफाल पश्चिम जिले के महाराबी से गिरफ्तार किया गया, जबकि सोरेपा के दो सदस्यों को काकचिंग के उमाथेल इलाके से गिरफ्तार किया गया। अन्य गिरफ्तारियों में वीरवार को इंफाल पश्चिम के विभिन्न हिस्सों से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के तीन सक्रिय कार्यकर्ता और शुक्रवार को इंफाल पश्चिम के फुमलोउ ममांग लेइकाई और इंफाल पूर्वी जिले के केइबी खुल्लेन गांव से पकड़े प्रतिबंधित केसीपी (ताइबांगनबा) के दो सदस्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आगे की जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली में चार मंजिला इमारत ढही, 2 की मौत



**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के वेलकम इलाके में शनिवार सुबह चार मंजिला इमारत ढह गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक साल के बच्चे समेत आठ लोग घायल हो गए। बिल्डिंग में 10 लोगों का एक परिवार रहता था। इमारत के सामने वाले घर में रहने वाले अनीस अहमद अंसारी ने बताया कि जैसे ही इमारत गिरी, उसका मलबा हमारे घर पर आ गिरा। इस वजह से मैं भी घायल हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि सुबह 7 बजे सीलमपुर में ईदगाह रोड के पास जनता कॉलोनी की गली नंबर 5 में इमारत गिरने की सूचना मिली थी। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने बचाव कार्य शुरू कर दिया था। जब बिल्डिंग गिरी उस समय स्थानीय लोग सुबह की सैर पर निकले थे। इन्हीं लोगों ने सबसे पहले बचाव कार्य शुरू किया। फायर ब्रिगेड के मौके पर पहुंचने से पहले ही मलबे में फंसे लोगों को बचाने की कोशिश शुरू कर दी गई थी। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिकी विदेश मंत्रालय से 1350 कर्मी निकाले

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्रालय में बड़ा फेरबदल करते हुए ट्रंप प्रशासन ने 1,350 से ज्यादा कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। इनमें 1,107 सिविल सर्विस और 246 फॉरेन सर्विस ऑफिसर शामिल हैं। ट्रंप प्रशासन इस कदम को अमेरिका फर्स्ट एजेंडे के तहत विदेश नीति को फिर से दिशा देने की शुरुआत बता रहा है। डेमोक्रेट सांसदों और पूर्व राजनयिकों ने इस कदम की आलोचना की है। स्टेट डिपार्टमेंट ऑफिस में विदाई ले रहे कर्मचारियों के लिए उनके साथियों ने तालियों से 'क्लैप-आउट' किया। कई लोग भावुक होकर रोते देखे गए। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सड़कें बहाली के लिए 2-2 करोड़ रुपए जारी -पेज 3
- बस स्टैंड पर युवती से अश्लील हरकतें करने वाला कंडक्टर गिरफ्तार -पेज 4
- ओनम मॉडल पर होगा पुनर्विचार: सीएम सुक्खू -पेज 6
- ...जब रास्ता बनते देख ग्रामीणों की आंखों में छलक पड़े आंसू -पेज 10
- सुरक्षा की दृष्टि से डेंजर जोन बन चुके मशरूम चौक पर बनेगा फुटपाथ -पेज 12


# सुप्रीम आदेश पर काटे सेब से लदे पेड़, हड़कंप

## वन भूमि पर कब्जा करने वालों पर चला कानून का डंडा, प्रदेश सरकार ने शुरू की भूमि वापस लेने की प्रक्रिया

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हिमाचल प्रदेश में सालों से वन भूमि पर अवैध कब्जा जमाए बैठे लोगों से भूमि वापस लेने की प्रक्रिया राज्य सरकार ने शुरू कर दी है। वन, राजस्व व स्थानीय प्रशासन ने शनिवार को अपर शिमला के कई इलाकों में संयुक्त कार्रवाई को अंजाम देकर वन भूमि पर अवैध रूप से तैयार किए गए सैकड़ों बीघा बागानों से सेब से लदे हरे-भरे पड़ों के साथ-साथ नाशपाती और चेरी आदि के पेड़ भी काट डाले और कई जगह बुलडोजर चलाकर उखाड़ दिए।

राजपत्र में शुक्रवार देर शाम कार्रवाई संबंधी सूचना प्रकाशित होने पर त्वरित एक्शन पर कब्जाधरियों में हड़कंप मच गया है। बागवान इस सीजन में पेड़ कटान के लिए मोहलत की गुहार लगाते रहे, लेकिन उनकी एक नहीं सुनी गई। सरकार ने जिलावार विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर दिया है, जो राजस्व विभाग की ओर से व्यक्तियों या संस्थाओं को दिए गए अवैध या अनधिकृत आवंटन की गहराई से जांच करेगा। एसआईटी का पूरा अमला अपने दल बल के साथ फील्ड में उतर गया है और अतिक्रमणकारियों पर कानून का डंडा बरसाते हुए आगे की कार्रवाई अंजाम दी जा रही है। जानकारी के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट के कड़े रुख से हिमाचल सरकार पर तत्काल कार्रवाई का दबाव है। यह मामला टीएन गोदावर्मन थिरुमुलपाद बनाम भारत संघ रिट याचिका संख्या 202, 1995 से जुड़ा है, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय ने 15 मई, 2025 को सभी राज्यों को ऐसे भूमि दुरुपयोग के मामलों की जांच करने और वन भूमि को दोबारा प्राप्त करने का निर्देश दिया था। इसके बाद हिमाचल सरकार हरकत में आई है।

### हर हाल में वापस करनी होगी सरकारी जमीन

**सरकार** की ओर से जिलावार विशेष जांच दल (एसआईटी) को उन सभी मामलों की पहचान और जांच करने का निर्देश दिया गया है, जहां राजस्व विभाग के नियंत्रण वाली वन भूमि का गैर-वानिकी उपयोग के लिए प्रयोग किया गया है। ऐसी भूमि पर से कब्जा हटाकर उसे तत्काल वन विभाग को वापस हस्तांतरित करना होगा। इतना ही नहीं, जहां भूमि का पुनः दावा व्यापक जनहित में न हो, वहां वन विकास के लिए भूमि की लागत को कब्जाधारक से वसूलने की सिफारिश भी एसआईटी करेगी। सरकार की कार्रवाई से यह स्पष्ट संकेत है कि अब सरकारी भूमि पर कोई भी अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



वन भूमि पर किए अवैध कब्जे से काटे गए सेब से लदे पेड़।

### डीसी, डीआरओ और डीएफओ को दिया जिम्मा

**प्रदेश** सरकार की ओर से जारी अधिसूचना में बताया गया है कि प्रत्येक विशेष जांच दल की अध्यक्षता संबंधित जिले के उपायुक्त करेंगे। जिला राजस्व अधिकारी सदस्य सचिव के रूप में कार्य करेंगे, जबकि प्रभागीय वन अधिकारी सदस्य के रूप में अपनी भूमिका निभाएंगे। यह शक्तिशाली तिकड़ी अब हर जिले में वन भूमि पर हुए अवैध कब्जों की नब्ज टटोलेगी।

### सेब के करीब 3800 पेड़ों पर चलेगी कुल्हाड़ी

**वन** विभाग की अगुवाई में शुरू हुई इस कार्रवाई में अब तक करीब 100 सेब के पेड़ काटे जा चुके हैं, जबकि करीब 3800 सेब के पेड़ को हटाया जाना तय है, जो लगभग पौने तीन सौ बीघा भूमि पर लगाए गए थे। इस कार्रवाई को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक तैयारी की गई थीं।

### कार्रवाई से बढ़ीं वन संपदा के संरक्षण की उम्मीदें

**प्रदेश** सरकार के इस कदम से आम जनता में खुशी की लहर है। वर्षों से लंबित पड़ी इस समस्या पर कार्रवाई होने से लोगों में उम्मीद जगी है कि अब वन संपदा का सही ढंग से संरक्षण हो पाएगा और अवैध गतिविधियों पर लगाम लगेगी। यह कार्रवाई न केवल कानून का राज स्थापित करेगी, बल्कि प्रदेश की प्राकृतिक विरासत को बचाने में भी महत्वपूर्ण साबित होगी।

### कुमारसेन में भी वन भूमि से अवैध बगीचे हटाए

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** कोटगढ़ वन मंडल के तहत कुमारसेन तहसील के सराहन गांव में कुमारसेन के रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर और कानूनगो बड़ागांव के नेतृत्व में वन भूमि पर अवैध कब्जे पर प्रशासन का बुलडोजर चला है। वन विभाग ने कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई करते हुए फलों से लदे सेब, नाशपाती और चेरी के पेड़ काटकर वन भूमि को कब्जा मुक्त करवाया है। इस कार्रवाई में वन विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस, लोक निर्माण विभाग, बागवानी विभाग, जल शक्ति और बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे। इस कार्रवाई से क्षेत्र में भारी हड़कंप मच गया है।

# राहत कोष में दान दें लोग: सुक्खू

## प्रदेश में आई आपदा में सीएम ने जनता से मांगा सहयोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए जन सहयोग की अपील की है। उन्होंने लोगों से आपदा राहत कोष में बढ़-चढ़कर अंशदान करने का आग्रह किया है, ताकि प्रभावितों को बड़े पैमाने पर सहायता पहुंचाई जा सके।



मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल इस समय प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहा है। इन आपदाओं के कारण हुए व्यापक नुकसान से निपटने और प्रभावितों के पुनर्वास के लिए प्रदेश सरकार एक बड़े अभियान पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस विशाल मुहिम को केवल सरकार के बलबूते पर चला पाना मुश्किल है और इसमें जनता की सक्रिय भागीदारी नितांत आवश्यक है। उन्होंने दान देने वालों की सुविधा के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और एचडीएफसी बैंक में विशेष खाते खोले जाने की जानकारी दी। कोई भी व्यक्ति अपनी सहयोग राशि नकद, बैंक ड्राफ्ट या डिजिटल माध्यमों जैसे गूगल पे, आरटीजीएस, एनईएफटी, फोनपे या नेट बैंकिंग के जरिए सीधे खातों में जमा करवा सकता है।

### राशि पर नहीं लगेगा आयकर

**मुख्यमंत्री** ने जोर देकर कहा कि इस आपदा राहत के लिए दी गई कोई भी धनराशि आयकर अधिनियम की धारा 80-जी के अंतर्गत 100 प्रतिशत आयकर से मुक्त होगी, जो दानदाताओं के लिए एक अतिरिक्त प्रोत्साहन है।

### ऐसे कर सकते हैं मदद

**सीएम** ने बताया कि दानदाता राज्य सहकारी बैंक की खाता संख्या 40610107381 (आईएफएससी कोड- एचपीएससी 0000406), एचडीएफसी की खाता संख्या 50100663774303 (आईएफएससी कोड- एचडीएफसी, एचडीएफसी 0004116) और एसबीआई के खाते 42088576875 (आईएफएससी कोड- एसबीआईइन 0050204) में सीधे राशि भेज सकते हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि दान राशि सीएम हिमाचल. निक.आईएन वेबसाइट पर ई-बैंकिंग के माध्यम से डेबिट या क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके भी भेजी जा सकती है। इसके अलावा नकद, बैंक हस्तांतरण निफ्ट आरटीजीएस या लोकप्रिय डिजिटल भुगतान ऐप्स जैसे गूगल पे और फोन पे का उपयोग करके उपरोक्त बैंक खातों में दान कर सकते हैं।

## 16वें रोजगार मेले में मोदी ने कहा-युवाओं का कौशल भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी

# पीएम ने 51000 युवाओं को बांटे जॉब लेटर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 16वें रोजगार मेले में 51 हजार से ज्यादा युवाओं को जॉब लेटर बांटे। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कहा कि युवाओं का सामर्थ्य हमारे भारत के भविष्य के लिए सबसे बड़ी पूंजी और गारंटी है। हमारी सरकार इस पूंजी को समृद्धि का सूत्र बनाने में जुटी है।

उन्होंने कहा कि दो दिन पहले ही 5 देशों की यात्रा से लौटा हूं। हर देश में भारत की युवा शक्ति की गूंज सुनाई दी। इन देशों में जो भी समझौते हुए हैं, उनसे युवाओं को फायदा होना ही है। आपके विभाग अलग हैं, लेकिन ध्येय एक है। कार्य कोई भी हो, पद कोई भी हो इलाका कोई भी है, एक ही ध्येय राष्ट्र सेवा, एक ही सूत्र नागरिक सेवा है। इस नई यात्रा के लिए बहुत शुभकामनाएं। (अनंत ज्ञान)

### तेज गति से आगे बढ़ रहा देश का नौजवान

**पीएम** ने कहा कि आज हमारा देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। ये हमारे देश के नौजवानों का कमाल है। मुझे खुशी होती है कि मेरे देश का नौजवान तेज गति से आगे बढ़ रहा है। मेन्युफैक्चरिंग सेक्टर को गति देने के लिए मिशन मेन्युफैक्चरिंग की घोषणा की गई है। सिर्फ पीएलआई से 11 लाख रोजगार बने हैं। इलेक्ट्रानिक सेक्टर का विस्तार हुआ है। 11 लाख करोड़ रुपए की इलेक्ट्रानिक मेन्युफैक्चरिंग हो रही है। पहले मोबाइल फोन मेन्युफैक्चरिंग की दो या चार यूनिट थीं, इस समय 300 यूनिट हैं, जिनमें लाखों युवा काम कर रहे हैं।



61वें रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से युवाओं को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश के विभिन्न स्थानों पर आयोजित मेले में भाग लेते युवा।

### डिफेंस मेन्युफैक्चरिंग में भी नए रिकॉर्ड बना रहा देश

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि डिफेंस मेन्युफैक्चरिंग में भी भारत नए रिकॉर्ड बना रहा है। डिफेंस प्रोडक्शन सवा लाख करोड़ से ऊपर पहुंच चुका है। भारत सबसे ज्यादा लोकोमोटिव बनाने वाला देश बन गया है। कई देश में एक्सपोर्ट हो रहा है। ऐसी अनेक योजनाओं की वजह से 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। अब आप कल्पना कीजिए इनका आत्मविश्वास कितना होगा। वर्ल्ड बैंक जैसी संस्थाएं भारत को मॉडल की तरह पेश करती हैं। भारत की कम असमानता वाले शीर्ष देशों में रखा जा रहा है। भारत के 90 करोड़ लोगों को वेलफेयर स्कीम के तहत लाया गया है। इससे बड़ी संख्या में रोजगार बने हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम आवास के तहत 4 करोड़ पक्के घर बने हैं। 3 करोड़ घर बन रहे हैं।

# भारत-नेपाल के बीच 6 साल बाद फिर शुरू होगी बातचीत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और नेपाल के बीच छह साल बाद इस महीने बाउंडरी वर्किंग ग्रुप (बीडब्ल्यूजी) की बैठक होने जा रही है। यह द्विपक्षीय समूह भारत-नेपाल सीमा पर पिलर्स की मरम्मत, निर्माण और सर्वे जैसे तकनीकी कामों को देखता है। हालांकि, सुस्ता और कालापानी जैसे विवादित इलाकों को बातचीत से बाहर रखा गया है।

**विवादित इलाकों पर अभी नहीं होगी चर्चा**

बीडब्ल्यूजी की आखिरी बैठक अगस्त 2019 में देहरादून में हुई थी। तब तय हुआ था कि 2022 तक बॉर्डर से जुड़े सभी काम पूरे कर लिए जाएंगे, लेकिन कोरोना महामारी और उसके बाद नक्शे को लेकर बढ़े विवाद के कारण बातचीत ठप हो गई। अब भारत ने जुलाई के दूसरे और अंतिम हफ्ते के लिए दो संभावित तारीखें प्रस्तावित की हैं। बीडब्ल्यूजी की स्थापना 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेपाल यात्रा के दौरान हुई थी। गौर रहे कि बीडब्ल्यूजी बॉर्डर पिलर्स की मरम्मत, जीपीएस आधारित सर्वेक्षण, दोनों देशों की जमीन पर कब्जों की सूची और संयुक्त निरीक्षण जैसे तकनीकी पहलुओं पर काम करता है। (अनंत ज्ञान)

## अहमदाबाद एयर इंडिया विमान क्रैश मामले की जांच में खुलासा

# उड़ान के तीन सेकंड बाद ही बंद हो गई थी दोनों इंजनों की ईंधन आपूर्ति

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की शुरुआती रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, एयर इंडिया के बोइंग 787-8 विमान (एआई 171) ने 12 जून को जब अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरी तो केवल तीन सेकंड बाद ही ईंधन की आपूर्ति बंद हो गई। टेकऑफ के बाद दोनों इंजनों की ईंधन आपूर्ति बंद होते ही केवल 29 सेकंड बाद विमान मेघाणीनगर में क्रैश हो गया। एएआईबी की रिपोर्ट के मुताबिक टेकऑफ के समय ईंधन



सप्लाई बंद होते ही इंजनों की पंखे की गति कम होने लगी थी। 213.4 टन वजन के साथ उड़ा विमान हवाई अड्डे की परिधि की दीवार पार करने से पहले ही नीचे आने लगा। इस समय टेकऑफ वजन 2,13,401 किलोग्राम रहा, जो अधिकतम अनुमानित वजन 2,18,183 किलो से कम था। (अनंत ज्ञान)

### 'तुमने कटऑफ क्यों किया'

**एएआईबी** ने कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर का भी विश्लेषण किया है। इसमें एक पायलट दूसरे से पूछता है, 'तुमने कटऑफ क्यों किया? जवाब मिलता है, 'मैंने नहीं किया।' इससे अंदेशा है कि यह कटऑफ स्वचालित या तकनीकी गड़बड़ी के चलते हुआ, जिसे अब गहराई से जांचा जा रहा है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि पायलटों ने दोनों इंजनों को फिर से शुरू करने की कोशिश की। इंजन-1 दोबारा शुरू होने लगा लेकिन इंजन-2 बार-बार फ्यूल रीइंट्रोड्यूस करने के बावजूद पर्याप्त गति नहीं पकड़ पाया था।

# हिमाचल में अब तक 95 लोगों की मौत, 33 अभी भी लापता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में मानसून अपने विकराल रूप में है, जिसने राज्य में भारी तबाही मचाई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 20 जून से अब तक बादल फटने, भूस्खलन और बाढ़ जैसी आपदाओं में 95 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है, जबकि 33 लोग अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है। इस दौरान 175 लोग घायल भी हुए हैं।

पूरे प्रदेश में 1,193 से अधिक घर और दुकानें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, वहीं 785 गोशालाओं को भी भारी नुकसान पहुंचा है। दुखद रूप से 953 पशुओं की मौत हुई है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका लगा है। मानसून से हुए कुल नुकसान का आंकड़ा 75,195.89 लाख रुपए तक पहुंच गया है, जिसमें आपदा प्रभावित मंडी जिले में सर्वाधिक क्षति हुई है। सड़क हादसों में भी 39 लोगों की मौत हुई है।

### 18 जुलाई तक बारिश जारी रहने का अनुमान

**मौसम** विज्ञान केंद्र शिमला ने 18 जुलाई तक बारिश जारी रहने का पूर्वानुमान जताया है और 13 से 18 जुलाई तक कुछ स्थानों पर भारी बारिश के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया है। लोगों से सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की गई है।

**कार्रवाई** सांसदों से कराए जा रहे साइन, लोकसभा में लाया जाएगा महाभियोग प्रस्ताव

# जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने की तैयारी शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व जज जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने के लिए केंद्र सरकार ने संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए लोकसभा सांसदों के साइन जुटाए जा रहे हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, कई सांसदों के दस्तखत लिए जा चुके हैं। इससे संकेत मिल रहा है कि प्रस्ताव लोकसभा में लाया जा सकता है।

लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए कम से कम 100 सांसदों के साइन जरूरी होते हैं। वहीं, राज्यसभा में यह संख्या 50 सांसदों की होती है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पहले ही कह चुके हैं कि जस्टिस वर्मा को हटाने का प्रस्ताव 21 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र में लाया जाएगा। कैश केस की जांच कर रहे सुप्रीम कोर्ट के पैनल की रिपोर्ट 19 जून को सामने आई थी। 64 पेज की रिपोर्ट में कहा गया कि जस्टिस यशवंत वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों का स्टोर रूम पर सीक्रेट या एक्टिव कंट्रोल था। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू की अध्यक्षता वाले तीन जजों के पैनल ने 10 दिनों तक जांच की। 55 गवाहों से पूछताछ की और जस्टिस वर्मा के आधिकारिक आवास का दौरा किया था। (अनंत ज्ञान)

### वर्मा के आवास के स्टोर रूम में मिले थे 500 रुपए के जले नोट



**जस्टिस** वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास के स्टोर रूम में 14 मार्च की रात आग लग गई थी। यहां से 500-500 रुपए के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे। जस्टिस वर्मा फिलहाल इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज हैं। दिल्ली हाईकोर्ट से उनका ट्रांसफर कर दिया गया था। हालांकि, उन्हें किसी भी तरह का न्यायिक कार्य सौंपने पर रोक है।




## न्यूज ब्रीफ

### नई गाइडलाइन से बीपीएल सूची से बाहर हो रहे गरीब



**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** हमीरपुर भाजपा महिला मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष अर्चना चौहान ने कहा कि बीपीएल की नई गाइडलाइन का विरोध करते हैं। इस गाइडलाइन के कारण सैकड़ों जरूरतमंद परिवार सूची से बाहर हो गए हैं, जिससे उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं और सुविधाओं से वंचित होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पहले विकलांग, विधवा, वृद्ध व असहाय लोग स्वतः ही बीपीएल में शामिल होते थे, लेकिन नई गाइडलाइन के अनुसार यदि विकलांगता 50 प्रतिशत से कम है या कोई व्यक्ति दिहाड़ी मजदूरी कर रहा है तो उसे बीपीएल में नहीं माना जा रहा, भले ही उसकी आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर हो। अर्चना चौहान ने कहा कि कुछ परिवारों के पास मात्र दो पक्के कमरे हैं, जिन्हें उनके पूर्वजों द्वारा या सरकारी सहायता से बनाया गया था, उन्हें अमीर मान लिया गया है, जबकि ऐसे परिवार आज भी कर्ज में डूबे हुए हैं और बच्चों की पढ़ाई व बुजुर्गों की दवा तक मुश्किल से कर पा रहे हैं। कई वृद्धजन, बीमार या अस्पताल में भर्ती लोग आवेदन की प्रक्रिया में भाग नहीं ले पाए, जिससे वे सूची से बाहर रह गए हैं। ऐसे मामलों में प्रदेश सरकार मानवीय दृष्टिकोण अपनाए।

### प्राथमिक शिक्षक संघ गलोड़ के अध्यक्ष बने शशि भूषण

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ गलोड़ के चुनाव राजकीय प्राथमिक पाठशाला कांगू में संपन्न हुए। इन चुनावों को पर्यवेक्षक खंड बिझड़ से देशराज राजेश और खंड बिझड़ के प्रधान रोशन लाल के द्वारा संपन्न करवाया गया। इन चुनावों में सर्वसम्मति से शशि भूषण अध्यापक राजकीय प्राथमिक पाठशाला दाड़ को प्राथमिक शिक्षक संघ गलोड़ का प्रधान चुना गया और शशि ठाकुर अध्यापक राजकीय प्राथमिक पाठशाला बढेड़ा थाना को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कौशल अध्यापक राजकीय प्राथमिक पाठशाला गलोड़ कोषाध्यक्ष, राजकीय प्राथमिक पाठशाला कांगू से कमला कुमारी महालेखाकार, बिंदु शर्मा राजकीय प्राथमिक पाठशाला पंनसाई से मीडिया सलाहकार, वीरेंद्र कुमार राजकीय प्राथमिक पाठशाला कड़साई को चुना गया। चुनावों के बाद नवनयुक्त प्रधान शशि भूषण ने कहा कि जो दायित्तव आज उन्हें उनके सहयोगी और वरिष्ठ लोगों ने उन्हें सौंपा है, उस पर बह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। शिक्षकों की हर जायज मांगों को वह सरकार और शिक्षा विभाग के समक्ष रखेंगें और उनका निवारण करवाएंगे।

### आपदा प्रभावितों को दी राशन सामग्री व सामान



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** हमीरपुर जिले के बड़सर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उपाध्यक्ष दिनेश व्यास व अन्य से सहयोगी उनके द्वारा मंडी जिले के सिराज में आई आपदा के दौरान आपदा प्रभावितों को राशन सामग्री, अन्य जरूरी सामान दिया गया।

### टिक्कर डिडवीं से आपदा पीड़ितों को भेजी सामग्री



**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, भोटा।** सिराज विधानसभा क्षेत्र के आपदा पीड़ित परिवारों के लिए टिक्कर डिडवीं व उसके आसपास के गांव से लोगों द्वारा दान दी गई राहत सामग्री की एक गाड़ी टाटा 407 को टिक्कर से सेवानिवृत्त अधिशाषी अभियंता गोपाल शर्मा द्वारा रवाना किया गया। इस राहत सामग्री के लिए 72,000 व अन्य सामान लोगों द्वारा दान दिया गया। मुख्य योगदान बख्शी राणा बीके हार्डवेयर, सुजीत सिंह कटोच, डॉ. सुभाष कटोच, सुरेश पटियाल, कृष्ण सोनी, प्रीतम कटोच ने योगदान दिया।

### प्रेस क्लब नादौन ने मंडी प्रभावितों को दी राहत



**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** मंडी में आपदा से प्रभावित क्षेत्रों के लिए नादौन क्षेत्र से समाज सेवियों तथा प्रेस क्लब नादौन द्वारा दो ट्राला भर कर राहत सामग्री भेजी गई है। भरमोटी पंचायत नादौन के पूर्व प्रधान प्रियतोष निशु सहित प्रेस क्लब नादौन के महासचिव वीरेंद्र गोस्वामी तथा पूर्व अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने बताया कि राहत सामग्री में सोलर लाइट, गैस चूल्हे, प्रेशर कुकर, राशन, कंबल, राशन किट, गद्दे, कपड़े, जूते चप्पल, सैनेटरी पैड, रसोई के बर्तन, काफी मात्रा में तिरपाल, बैड शीटस, रजाई तलाई, बच्चों के लिए दूध की बोतल सहित अन्य खाद्य पदार्थ तथा प्रतिदिन प्रयोग में होने वाली वस्तुएं प्रचुर मात्रा में भेजी गई हैं। बीडीओ नादौन निशांत शर्मा तथा प्रशासन के सहयोग व मार्गदर्शन से दोनों वाहन मंडी के दूर दराज में स्थित प्रभावित क्षेत्रों को भेजे गए हैं। प्रेस क्लब नादौन तथा समाज सेवियों ने इस कार्य में सहयोग करने वाले लोगों का आभार जताया है। वहीं, उन्होंने बीडीओ नादौन निशांत शर्मा का भी विशेष आभार जताया है।

### नामदेव समाज महासभा के जिलाध्यक्ष बने सतीश



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** शनिवार को नामदेव समाज महासभा हमीरपुर के त्रैवार्षिक चुनाव रिटर्निंग ऑफिसर श्री अनिल जी, प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष अंजन केशव, संस्थापक सदस्य डॉ संजय कौशल, शशि पाल अत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुए 7 जिला अध्यक्ष सतीश कुमार भारद्वाज, उप प्रधान रविंद्र इंदौरिया, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार, सचिव कुंदन राठौर, संगठन सचिव मस्तराम इंदौरिया, उप प्रधान कांता देवी, सह सचिव निर्मला कुमारी, कानूनी सलाहकार अमरनाथ, मुख्य सलाहकार संजय गौंधी, प्रेस सचिव रमेश कुमार जरियाल को सर्व सम्मति से चुना गया इस मौके पर जिला कोआर्डिनेटर प्रिंसिपल श्री रमेश रतन, कोषाध्यक्ष प्रकाश, जिला ऊना उप प्रधान कैलाश, सचिव विनोद कुमार, बिलासपुर जिला से रिटायर्ड एक्स इन मनमोहन लाल भट्टी, रिटायर्ड एस डी ओ देवराज चंदेल एवं हमीरपुर जिला से लगभग 60 अन्य गणमान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### 88.4 मेगाहर्ट्स पर 'ढटवाल की आवाज'

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** हमीरपुर से 88.4 मेगाहर्ट्स पर 'ढटवाल की आवाज' स्थानीय समुदाय और बाहरी श्रोताओं के लिए गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर पर उपलब्ध है। यह सामुदायिक रेडियो स्टेशन धौलाधार कम्युनिटी ट्रस्ट, धर्मशाला द्वारा संचालित है। इस महीने के अंत से इसके व्यावसायिक उपयोग के लिए उपलब्ध होने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में धौलाधार सामुदायिक विकास ट्रस्ट, धर्मशाला की स्थापना विधि सिंह ढटवालिया, हिमाचल प्रदेश राज्य वन सेवा अधिकारी ने 20 जनवरी, 2005 को की थी। फरवरी 2021 में सेवानिवृत्ति के बाद श्री एएस कुलदीप सिंह ढटवालिया पारिवारिक ट्रस्ट में शामिल हो गए और अब ट्रस्ट की गतिविधियों के एक अन्य क्षेत्र, सामुदायिक रेडियो स्टेशन 'ढटवाल की आवाज' के माध्यम से सूचना एवं मीडिया संचार के क्षेत्र में गतिविधियां शुरू करने जा रहे हैं। ढटवालिया ने कहा है कि हालांकि सामुदायिक रेडियो (सीआरएस) पिछले एक महीने से परीक्षण के तौर पर चल रहा है, उम्मीद है कि आधिकारिक प्रसारण आगामी स्वतंत्रता दिवस पर या उससे पहले शुरू हो जाएगा। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया है कि वे अपनी कहानियां, विचार, राय और सीआरएस टीम के साथ व्हाट्सएप नंबर 9971383015 पर साझा कर सकते हैं।

# कामकाजी महिलाओं को मिलेगा छात्रावास

## एचपीटीयू कांप्लेक्स के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग करवाएगा 8.41 करोड़ से निर्माण

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** नजदीकी इलाके दड़ूही में स्थित हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के परिसर के साथ ही कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास की सुविधा मिलेगी। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से तकनीकी विवि को कामकाजी महिला छात्रावास के निर्माण बारे जरूरी औपचारिकताएं मुकम्मल हो गई हैं। इसमें लगभग आठ करोड़ 41 लाख का बजट का प्रावधान किया गया है।

यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो राजेंद्र वर्मा ने कहा कि कामकाजी महिला छात्रावास के निर्माण से यूनिवर्सिटी सहित अन्य विभागों में कार्यरत महिलाओं को भी आवास की सुविधा मिलेगी। कामकाजी महिला छात्रावास में 50 महिलाओं को रहने की व्यवस्था होगी। इस पहल के लिए तकनीकी विवि परिसर को कामकाजी महिला छात्रावास के लिए चयनित करने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का वाइस चांसलर ने आभार भी जताया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही भूमि सहित अन्य प्रक्रिया पूरा करने के लिए संबंधित विभागों से समन्वय किया जाएगा, ताकि भवन निर्माण शुरू हो सकें। उन्होंने कहा कि तकनीकी विवि की ओर से कामकाजी महिला छात्रावास भवन निर्माण के लिए पूर्ण सहयोग दिया जाएगा।



कैंपस का मुआयना करते राजेश्वर, साथ हैं तकनीकी विवि के अधिकारी।

काबिले गौर यह है कि कामकाजी महिला छात्रावास हमीरपुर जिला मुख्यालय पर इससे पहले एचआरटीसी की वर्कशॉप के बगल में चार दशक पहले बनाया गया था, लेकिन उस समय कामकाजी महिलाओं की तादाद बेहद कम थी। इस वजह से यह भवन सफल नहीं हो पाया। काफी समय तक यह खाली रहा। दसके बाद इसे कल्याण विभाग के सुपुर्द कर दिया गया था। अब वहां पर उन्हीं का दफ्तर भी चल रहा है। अब यह नई प्रपोज तैयार हो रही है लेकिन एक बात यह है कि जिस जगह पर अब इसका निर्माण होगा, उसका एचपीटीयू को मिलने वाली संभावित जमीन पर असर तो नहीं पड़ेगा, यह विषय भी अलग से है क्योंकि तकनीकी विश्वविद्यालय के विस्तार और कैंपस निर्माण के लिए भी काफी बड़ी जगह चाहिए। इसकी लंबे समय से कवायद तो जारी है, मगर इस पर अंतिम मोहर नहीं लग पा रही है। मौजूद रहे।

बता दें कि केंद्र सरकार द्वारा पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता के तहत कामकाजी महिला छात्रावास के लिए बजट मिला है, जिसके तहत हमीरपुर जिला में कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास की सुविधा मुहैया करवाने के लिए भवन का निर्माण किया जाएगा।

इस मौके पर तकनीकी विवि के कुलसचिव कमल देव सिंह कंवर, परियोजना अधिकारी अमित ठाकुर भी उपस्थित थे।

### एचपीएसआईडीसी जल्द बनाएगा भवन की डीपीआर

महिला एवं बाल विकास विभाग निदेशालय ने कामकाजी महिला छात्रावास भवन को लेकर हिमाचल प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (एचपीएसआईडीसी) को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) बनाने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को इसके महाप्रबंधक आईएएस अधिकारी राजेश्वर गोयल की अगुवाई में टीम ने दड़ूही में प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया। गोयल ने कहा कि जल्द ही डीपीआर बनाने की प्रक्रिया सहित अन्य औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी, ताकि भवन का निर्माण शुरू किया जा सके।

## नारायण सेवा समिति बिझड़ी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए दी 7800 की राशि

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** नारायण सेवा समिति बिझड़ी की मासिक बैठक संरक्षक व संस्थापक दीना नाथ की उपस्थिति में व प्रधान ओंकार पठानिया की अध्यक्षता में कुआं चौक, मंदिर परिसर बिझड़ी में आयोजित की गई। सर्वप्रथम मंडी जिले में हाल ही में बादल फटने की घटनाओं से मौत के आगोश में समाए लोगों को दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई, तदोपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिझड़ी में दंत चिकित्सा की कुर्सी के कंप्रेशर के लिए दी गई 7800 रुपए की राशि देने का अनुमोदन किया।

महासचिव करतार सिंह ढिल्लों ने समिति से संबधित आय-व्यय का ब्यौरा सब के समक्ष रखा तथा भवन निर्माण कार्य की प्रगति पर विस्तार से प्रकाश डाला। यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि यथायोग राशि मंडी जिला में आई आपदा से प्रभावितों को मुख्यमंत्री राहत कोष के जरिए शीघ्र दी जाए। इस दौरान समिति की स्थायी सदस्यता ग्रहण करने पर नए सदस्यों चमेल सिंह, रवि चंद शर्मा और सरूप चंद, सुरेंद्र कुमार, तजियार, रोशन लाल, खरोल, संजीव संजू, अंग्रेज सिंह, और विद्या देवी, चकमोह का समिति की स्थायी सदस्यता ग्रहण करने पर आभार प्रकट किया गया।

**बैठक में ये रहे मौजूद :** बैठक में, सरवन सिंह, जसवंत सिंह, विक्रम ठाकुर, कैप्टन कर्म रत्न चंद, कैप्टन कृष्ण चंद, ब्रह्म दास, पुरुषोतम शर्मा, रत्न चांगरा, नरेंद्र पठानिया, शास्त्री लेख राम, शास्त्री रमेश चंद, भैल ग्राम पंचायत के प्रधान प्रेम सिंह, इकबाल सिंह, सूरम सिंह, नरेंद्र दत्त, सुख राम, हरी राम, तिलक राज शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, रवि चंद शर्मा, कैप्टन हरबंस सिंह व रत्न चंद आदि उपस्थित थे।



नारायण सेवा समिति बिझड़ी की मासिक बैठक में गणमान्यों ने कई प्रस्ताव पारित किए।

## जाहू पुल पर एक महिला ने दिया बच्चे को जन्म, जच्चा-बच्चा स्वस्थ

**अनंत ज्ञान, जाहू**

▶ एंबुलेंस से पहुंचाई अस्पताल 24 घंटे बाद मिलेगी छुट्टी

एक महिला ने जाहू पुल पर बच्चे को जन्म दिया। महिला बद्दी की, बताई जा रही है जिसका पति जाहू में मजदूरी का कार्य करता है। पति और पत्नी जाहू में झुग्गी-झोपड़ियों में रहते हैं। महिला की अचानक तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाने के लिए पुल पर लाई गई तो उसे खुले आसमान के नीचे ही अपने बच्चे को जन्म देने के लिए मजबूर होना पड़ा।

हालांकि जच्चा और बच्चा दोनें स्वस्थ हैं। 'जाको राखे साइयां मार सके न कोई' यह कहावत जाहू में चरितार्थ हुई। इस दौरान उनके साथ आई महिलाओं ने प्रसव करवाने में उसकी मदद की। यह प्रसव जिस हालत में हुआ, उसे सुनकर हर कोई हैरान है और महिला के हिम्मत की दाद दे रहे हैं। महिला और पति दोनें मजदूरी का काम करते हैं। शनिवार को महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हुई परंतु जब हालात बिगड़ते दिखे तो अन्य लोगों के द्वारा 108 पर फोन किया। महिला को सड़क पर पहुंचाया गया तो उसने बच्चे का सड़क के किनारे ही बच्चे को जन्म दे दिया। उसके बाद बच्चे और उसकी मां को एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया।

डॉक्टर अरुण चंदेल ने बताया कि महिला को अधिक पीड़ा होने के बाद 108 पर कॉल आने के वाद एंबुलेंस के पहुंचने से पहले ही महिला के द्वारा बच्चे को जन्म दे दिया गया। एंबुलेंस के माध्यम से जच्चा और बच्चे को अस्पताल में लाया गया। दोनों स्वस्थ हैं और अस्पताल में दाखिल किया गया है। 24 घंटे के वाद जच्चा ओर बच्चा को अस्पताल से छुट्टी कर दी जाएगी।

## धनेटा कॉलेज में 21 तक बीसीए कोर्स की प्रवेश तिथि

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से बीसीए (बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन) पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया जारी है, जिसकी अंतिम तिथि 21 जुलाई निर्धारित की गई है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा ने बताया कि इस वर्ष प्रवेश पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जा रहा है, अतः इच्छुक विद्यार्थी समय पर अपना आवेदन पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज जैसे मैट्रिक एवं जमा दो का प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र आदि जमा कर प्रवेश सुनिश्चित करें।

महाविद्यालय शीघ्र ही नए भवन में स्थानांतरित होगा, जिसके उपरांत और भी व्यावसायिक पाठ्यक्रम आरंभ किए जाएंगे। बीसीए कोर्स के साथ विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग, सॉफ्ट स्किल्स विकास एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## आधी रात को गिरा स्लेटपोश मकान, बाल-बाल बचा परिवार

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** नादौन के पुतड़ियाल में आधी रात को स्लेटपोश मकान गिर गया है। इस हादसे में परिवार बाल-बाल बच गया है। हलांकि मकान गिरने से गरीब परिवार के सिर से छत छिन्न गई है, जिससे काफी नुकसान हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार पंचायत पुतड़ियाल के गांव रक्कड़ के राहुल कुमार पुत्र स्व. मनोहर लाल दिहाड़ी मजदूरी के लिए घर से बाहर गया हुआ था। उसकी पत्नी व तीन बच्चे घर में सोये थे।

रात करीब डेढ़ बजे राहुल की पत्नी को आभास हुआ कि मकान गिर सकता है। उसने तीनों बच्चों को जगाया और सभी सुरक्षित कमरे से बाहर निकल गए ज्यों ही वे बरामदे में पहुंचे, देखते दो कमरों का स्लेटपोश मकान बरामदे सहित गिर गया। यह जानकारी देते हुए समाज सेवी एवं पुतड़ियाल पंचायत के उप प्रधान संजीव कुमार ने बताया कि हादसा बीती रात हुआ है। परिजनों को राहुल के भाई के मकान में ठहराया गया है। परिवार बहुत ही गरीब है। उसका कच्चा मकान था, वह भी गिर गया है।

पंचायत उपप्रधान सहित वार्ड पंच उर्मिला देवी, संसार चंद, राजेश कुमार, सीता राम आदि ने प्रशासन से आग्रह किया है कि पीड़ित परिवार को हुए नुकसान का मुआवजा दिया जाए तथा उसे नया घर बनाने के लिए शीघ्र राशि उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने बताया कि बीते दिनों लगातार हुई बारिशों के चलते राहुल का कच्चा मकान खस्ताहाल में हो गया था, जिसके चलते मकान गिर गया है।

**क्या बोले एसडीएम :** एसडीएम नादौन राकेश शर्मा ने बताया कि संबधित पटवारी को हुए नुकसान की रिपोर्ट भेजने शीघ्र भेजने के निर्देश दिए हैं, ताकि नियमानुसार पीड़ित परिवार को सहायता उपलब्ध करवाई जा सके।



पुतड़ियाल पंचायत के गरीब का ढहा हुआ मकान।

## सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट ने थुनाग में मंडी प्रभावितों को बांटी राहत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

मंडी जिले के सिराज विधानसभा क्षेत्र के थुनाग इलाके में हाल ही में आई भीषण बारिश और बादल फटने की आपदा ने दर्जनों परिवारों की खुशियां छीन लीं। खेत खलिहान मलबे में दब गए, कई घर जमींदोज हो गए और लोग खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए, ऐसे में एक बार फिर सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट ने मानवता का फर्ज निभाते हुए पीड़ितों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया।

पिछले 25 वर्षों से सामाजिक कार्यों और जरूरतमंदों की सेवा में समर्पित सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट के संस्थापक और सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा, ट्रस्ट के अध्यक्ष अभिषेक राणा, जिला हमीरपुर अध्यक्ष लेखराज ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुजानपुर और टौणी देवी जसवंत सिंह, विक्रम राणा समेत पूरी ट्रस्ट टीम राहत सामग्री लेकर आज थुनाग पहुंची। ट्रस्ट ने वहां आपदा पीड़ित परिवारों को 250 तिरपाल और किचन के सामान की 120 किटें वितरित कीं।




सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट के सदस्य जिन्होंने मंडी प्रभावितों के कुछ दुखों पर मरहम लगाया।

कई बुजुर्गों और महिलाओं की आंखों में आंसू थे, लेकिन उन आंसुओं में दर्द से ज्यादा अब भरोसा था कि कोई तो है जो इस मुश्किल वक्त में उनके साथ खड़ा है। इस दौरान राजेंद्र राणा और ट्रस्ट पदाधिकारी पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और उनकी पत्नी साधना ठाकुर से भी मिले। जयराम ठाकुर ने कहा कि उन्होंने पिछले तीन दशक से सिराज क्षेत्र को विकास के पथ पर ले जाने के लिए दिन-रात मेहनत की, लेकिन यह प्राकृतिक आपदा क्षेत्र के लिए बड़ा झटका है। उन्होंने कहा कि अब पहले से दोगुनी ताकत से इसे फिर से खड़ा करना होगा। राजेंद्र राणा ने कहा कि सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट का हर सदस्य इस कठिन समय में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है।

## प्राइवेट स्कूल संघ ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** 2023 से पहले वाली स्टेट कोटे से एमबीबीएस व बीडीएस में प्रवेश की पात्रता के लिए कक्षा आठवीं, दसवीं, 10+1 व 10+2 की पास करने की शर्त को लागू कर प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने हिमाचल प्रदेश में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को शानदार मौका दिया है। इसके लिए मुख्यमंत्री सुक्खू का हिमाचल प्रदेश प्राइवेट स्कूल संघ आभार व्यक्त करता है।

यह बात हिमाचल प्रदेश प्राइवेट स्कूल की प्रदेश अध्यक्ष जगजीत ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि पुराने प्रावधान को लागू करने के कारण हिमाचल प्रदेश में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को डॉक्टर बनने के बाद अधिक मौके प्राप्त होंगे। प्रदेश के लोगों के द्वारा अन्य बोर्डों से अपने बच्चों को शिक्षा ग्रहण करवाने के फोबिया से अब बाहर निकला पड़ेगा।

## समाजसेवी अरुण ने बच्चों का दी साइकिलें



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** समाज सेवा क्षेत्र में एक और उत्कृष्ट योगदान देते हुए हमीरपुर जिले के ब्लॉक टौणी देवी की पंचायत बराड़ा से संबंध रखने वाले समाजसेवी अरुण सरीन ने गत दिवस शहीद अंकुश ठाकुर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मनोह में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की व स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे 50 स्कूली बच्चों को साइकिलें वितरित की, जिनकी बाजारी कीमत करीब साढ़े चार लाख के करीब बनती है। गौरतलब है कि अरुण सरीन इससे पहले भी कई स्कूलों में स्कूली बच्चों को साइकिलें वितरित कर चुके हैं व समय समय पर जरूरतमंद गरीब लोगों की सेवा के लिए भी सदैव तत्पर रहते हैं।

**ये रहे मौजूद :** स्कूल में आयोजित वार्षिक पारितोषिक विवरण समारोह के दौरान स्थानीय विधायक सुरेश कुमार, कौशल विकाश निगम के निदेशक अतुल कड़ोहता, ब्लॉक अध्यक्ष विजय वन्याल, स्कूल प्रधानाचार्य ओम प्रकाश रनौत, पुरषोत्तम चंद, रीना कुमारी, सुरेंद्र सिंह, प्यार चंद, भूमि विकास बैंक के निदेशक रोशन लाल शर्मा, कर्नल अशोक वर्मा, सेवन स्टार इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल भोटा के उपप्रधानाचार्य सतीश कुमार इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## आपदाग्रस्त मंडी में जल्द पहुंचेगी अनुराग की बड़ी मदद की और खेप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर हिमाचल प्रदेश में बाढ़ व बारिश की मार झेल रहे क्षेत्रों में लगतातार आपदा प्रभावितों को मदद पहुंचाने का काम कर रहे हैं। प्राकृतिक आपदा के चलते लोगों की घर-गृहस्थी बिखर जाने से हुए नुकसान को देखते हुए अनुराग ठाकुर द्वारा लगातार बर्तन, गृहउपयोगी सामान, दवाएं व सेनेट्री पैड के वितरण का काम किया जा रहा है। इसी क्रम में अब सांसद द्वारा मंगलवार को मंडी के आपदा प्रभावित क्षेत्र में मदद की बड़ी खेप पहुंचने जा रही है। ठाकुर मंडी द्वारा पीड़ितों के लिए 600 तिरपाल, 100 बैग, 2000 कॉपी, 2000 पेंसिल, 1000 बॉक्स, 1000 पेन, 1000 शार्पनर, 5000 बिस्किट पैकेट, 5000 प्रोटीन बॉक्स, 1000 क्लिप बोर्ड की बड़ी मदद की खेप मंडी भेजी जा रही है। अभी तक अनुराग ठाकुर द्वारा भेजी गई सहायता को दुर्गम क्षेत्रों में अस्पताल सेवा की टीमें पैदल कई किलोमीटर दूर चल कर घर-घर जाकर मदद पहुंचाने में जुटी हुई हैं।



सांसद अनुराग ठाकुर मंडी प्रभावितों को अपनी टीमों के माध्यम से लगातार राहत बांट रहे हैं।

**फायदा** मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार ने किया दुकानों और ग्रामीण हाट का शिलान्यास

## सीएम ने सुनी गरीब खोखाधारकों की पुकार : बिट्टू

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने शनिवार को बस स्टैंड के निकट लगभग 35 लाख रुपए की लागत से खोखाधारकों के लिए बनने वाली दुकानों और एपीएमसी की अपनी मंडी-ग्रामीण हाट का शिलान्यास किया। इसके बाद रानी झांसी पार्क में जनसभा को संबोधित करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने गरीब एवं लाचार खोखा धारकों की पुकार सुनते हुए इन्हें पक्की दुकानों की सौगात दी है।

उन्होंने कहा कि इन खोखाधारकों को उजाड़ दिया गया था और इनके पुनर्वास के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई थी, लेकिन प्रदेश की कमान संभालते ही मुख्यमंत्री ने इन खोखाधारकों का पुनर्वास सुनिश्चित किया है। इन खोखाधारकों के लिए दुकानों के निर्माण के साथ-साथ मुख्यमंत्री ने महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्री के लिए ग्रामीण हाट बनाने का निर्णय भी लिया गया है। इससे ग्रामीण महिलाओं को अपने उत्पादों की बिक्री के लिए एक उपयुक्त जगह मिलेगी और इन उत्पादों को अच्छे दाम मिलेंगे।



लोगों का सरकारी की उपलब्धियां गिनाते मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा।

हमीरपुर में जारी विभिन्न विकास कार्यों की चर्चा करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि नगर निगम का दर्जा मिलने के बाद हमीरपुर शहर के विकास को बल मिलेगा। इसके शुरुआती दौर में लगभग 150 करोड़ रुपए की योजनाओं का खाका तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हमीरपुर में प्रदेश के सबसे बड़े बस अड्डे का निर्माण करवा रहे हैं।

उन्होंने हमीरपुर के मेडिकल कॉलेज में कार्डियोलॉजी, नैफ्रोलॉजी और न्यूरोलॉजी जैसे महत्वपूर्ण विभागों की स्थापना, जोल सप्पड़ में बन रहे कॉलेज के नए कैंपस में कैंसर केयर संस्थान, मातृ-शिशु अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज, अत्याधुनिक पैट स्कैन मशीन और रोबोटिक सर्जरी जैसी तकनीक का प्रावधान किया है। इससे लोगों को अपने घर के पास ही अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

इस अवसर पर एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा ने मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार का दुकानों एवं ग्रामीण हाट के शिलान्यास के लिए आभार व्यक्त किया। खोखाधारक यूनियन, महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों और अन्य संस्थाओं ने भी सुनील शर्मा बिट्टू का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में कांग्रेस के निवर्तमान जिला अध्यक्ष सुमन भारती, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश रानी एपीएमसी के सदस्य एवं ब्लॉक कांग्रेस भोरंज के निवर्तमान अध्यक्ष विजय बन्याल, पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता, ग्राम पंचायत धनेड़ की प्रधान नीलम शर्मा, दिम्मी की प्रधान उषा बन्याल, पूर्ववर्ती नगर परिषद के पार्षद रहे अनिल चौधरी, राजेश चौधरी, अन्य पार्षद एवं मनोनीत पार्षद व अन्य गणमान्य मौजूद थे।

**न्यूज ब्रीफ**


## भोरंज में पेड़ गिरने से महिला की मौत


आंगन में गिरा पेड़ व (इनसेट) मृतक महिला।

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** : उपमंडल भोरंज की ग्राम पंचायत दिम्मी में एक दुखद हादसे में एक महिला की जान चली गई। शुक्रवार सुबह ग्राम दसमल, दिम्मी की निवासी शरबी देवी (54), पत्नी दुलची राम, अपने घर के आंगन में झाड़ू लगा रही थीं। उसी दौरान आंगन में खड़ा एक पेड़ अचानक गिर पड़ा, जिससे वह उसकी चपेट में आ गईं। पेड़ के नीचे दबने से उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना ग्राम पंचायत दिम्मी की प्रधान ने थाना भोरंज को दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मृतका के पुत्र व अन्य प्रत्यक्षदर्शियों के बयान कलमबंद किए। प्रारंभिक जांच में किसी अन्य कारण या संदेहास्पद स्थिति के संकेत नहीं मिले हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए डॉ. आरकेएमवी अस्पताल, हमीरपुर भेजा है। थाना भोरंज के प्रभारी एसएचओ प्रशांत सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच नियमानुसार जारी है।

## शांता कुमार ने उत्तर प्रदेश में हिंदुओं के धर्मांतरण पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि पिछले 11 सालों से भारत में भाजपा का शासन है और नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं। उत्तर प्रदेश में आदित्य नाथ योगी मुख्यमंत्री हैं। इस सबके बाद भी जलालुदीन छांगुर बाबा पिछले 15 सालों से उत्तर प्रदेश में अपना केंद्र बनाकर हजारों हिंदुओं को मुसलमान बनाने का काम करता रहा। मुस्लिम देशों से नेपाल के रास्ते से उसे लगभग 1500 करोड़ रुपए 40 खाते में प्राप्त हुए। धन का लालच देकर हजारों हिंदुओं को मुसलमान बनाया। उन्होंने कहा कि एक रिपोर्ट के अनुसार 1500 गरीब हिंदु लड़कियों को मुसलमान बनाया। भारत को इस्लामीस्तान बनाने की योजना वह चलाता रहा। शांता ने कहा कि ऐसे समाचार पढ़ कर हैरानी होती है कि भारत में पीएम मोदी के होते हुए भी यह क्या हो रहा है और क्यों हो रहा है, गुप्तचर एजेंसियां क्या करती रही। इस समाचार को सुनकर पूरे भारत के लोग हैरान हैं। उन्होंने कहा कि थोड़ी-सी राहत इस समाचार से मिली है कि योगी के बुलडोजर से जलालुदीन बाबा के महल जैसे बहुत बड़े घर को मिट्टी में मिला दिया है और उसे तथा उसकी सहयोगी नीतु उरफ नसरीन को गिरफ्तार कर लिया है और ईडी उससे पूछताछ कर रहा है।




# आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सड़कें बहाल करने के लिए 2-2 करोड़ रुपए जारी

## सरकार का त्वरित कदम, सड़कों की बहाली के लिए जारी हुई फौरी राहत

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में भारी बरसात के कारण हुए व्यापक नुकसान के मद्देनजर, प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए 50-50 लाख की तत्काल राहत राशि जारी की गई है। इसके अतिरिक्त, जिन विधानसभा क्षेत्रों में आपदा का विशेष प्रभाव पड़ा है, उन्हें सड़कों की बहाली के लिए 2-2 करोड़ की अतिरिक्त राशि प्रदान की गई है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने इस बात की जानकारी देते हुए कहा कि राहत कार्यों को सुचारु रूप से चलाने के लिए सड़कों की बहाली सबसे पहली और अनिवार्य शर्त है।



- सभी विधानसभा क्षेत्रों को 50-50 लाख रुपए वितरित
- लोक निर्माण विभाग को सख्त निर्देश, फंड का हो सही उपयोग

विक्रमादित्य सिंह ने विभाग के आला अधिकारियों को सड़कों की बहाली के कार्य की दैनिक समीक्षा करने और उन्हें रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि राहत कार्य प्रभावी ढंग से आगे बढ़ें, जारी की गई राशि का उपयोग टिपर और जेसीबी मशीनों की व्यवस्था करने में किया जाएगा। इसके साथ ही, डंगे लगाने और नालियों के निर्माण जैसे आवश्यक कार्यों पर भी यह पैसा खर्च किया जाएगा, जिससे बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान की मरम्मत की जा सके और भविष्य में ऐसी आपदाओं से बचाव हो सके।

### केंद्रीय सहायता के लिए दिल्ली का दौरा

**राज्य** में आई आपदा की विशालता को देखते हुए, राहत कार्यों के लिए अत्यधिक धन की आवश्यकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने घोषणा की है कि वह जल्द ही केंद्रीय मंत्रियों से मिलने के लिए दिल्ली जाएंगे। उनका मुख्य उद्देश्य प्रदेश के लिए एक व्यापक राहत पैकेज जारी करवाने का प्रयास करना है, ताकि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण और राहत कार्य बिना किसी वित्तीय बाधा के जारी रह सकें।

### निरंतर चुनौतियां और आगामी मानसून की तैयारी

**हालांकि,** सरकार ने सड़कों की बहाली के लिए त्वरित कदम उठाए हैं, लेकिन हिमाचल प्रदेश में मानसून के दौरान प्राकृतिक आपदाओं का खतरा बना हुआ है। हाल ही में लाहौल की चोटियों पर हल्की बर्फबारी और मानसून के कारण अब तक 95 लोगों की जान जाने जैसी खबरें बताती हैं कि स्थिति अभी भी नाजुक है। 252 सड़कें अभी भी बाधित हैं, जो राहत कार्यों और सामान्य जनजीवन के लिए चुनौती बनी हुई हैं।

## एनएच पर जगह-जगह लैंडस्लाइड दूल्हा और बाराती भी जाम में फंसे

**अनंत ज्ञान, पंडोह**


लैंडस्लाइड के बीच पैदल जाते हुए दूल्हा व बराती।

हिमाचल के मंडी जिले में बारिश से कहर का बदस्तूर लगातार जारी है। बीती शाम से हो रही बारिश के चलते चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाइवे पर एक बार फिर से जगह-जगह लैंडस्लाइड शुरू हो गया है। ताजा लैंडस्लाइड की बड़ी घटना पंडोह के डयोड़ के पास पेश आई है, जिसमें बारात लेकर जा रहा दूल्हा और बाराती भी फंस गए।

लैंडस्लाइड होने से जब गाड़ियां यहां से नहीं निकल पाई तो दुल्हे के लिए कुल्लू की ओर से टैक्सी मंगवाई गई, जिसमें दूल्हे को बैठाकर आगे भेजा गया। वहीं, अन्य बारातियों को जाम में फंसे अन्य वाहनों के साथ सड़क मार्ग खुलने का इंतजार करना पड़ा। लैंडस्लाड शनिवार सुबह 10 बजे खोल गया।

मिली जानकारी के अनुसार मंडी जिले में भारी बारिश के चलते चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे जगह-जगह लैंडस्लाइड होने से बाधित हो गया है। पंडोह के डयोड़ के पास मगर नाला से भी भारी लैंडस्लाइड की एक तस्वीर सामने आई है। बताया जा रहा है कि इस मार्ग से एक दूल्हे की बारात जा रही थी और वह भी लैंडस्लाइड के कारण लगे जाम में फंस गई। बारात के साथ आए दूल्हे के रिश्तेदार जयराम ने बताया कि यह बारात सुबह तीन बजे दुदर से ज्वालापुर के लिए निकली थी। 4 बजे यह बारात कैंचीमोड़ पहुंची, यहां से जगह-जगह हुए लैंडस्लाइड से बचते बचाते हुए बारात डयोड़ के मगर नाला के पास पहुंची, जहां भारी मात्रा में सड़क पर मलबा गिरा हुआ था, जिसके बाद उनकी बारात बारात यहीं रुक गई।

वहीं, एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि जाम में फंसे सभी वाहनों को सुरक्षित निकाला जा रहा है।

## गेयटी थियेटर में रंगमंच पर हुई महत्वपूर्ण गोष्ठी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला और अनाड़ी फाउंडेशन उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में रंगमंच पर एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हिमाचल प्रांत प्रचार प्रमुख प्रताप समयाल ने मुख्यातिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि अखिल भारतीय शाश्वत परिषद के उपाध्यक्ष और शिमला के पूर्व पार्षद गौरव शर्मा विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। गोष्ठी की अध्यक्षता पूर्व प्रशासनिक अधिकारी, प्रसिद्ध रंगकर्मी और रंग समीक्षक श्रीनिवास जोशी ने की, जिन्होंने कार्यक्रम को दिशा प्रदान की। इस गोष्ठी के दौरान रंगमंच से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की गई। विशेष रूप से, भारतीय रंगमंच के जाने-माने निर्देशक-अभिनेता बादल सरकार के रंगकर्म पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया, जिसमें उनके योगदान और शैलियों पर प्रकाश डाला गया।

## सराज में पेयजल बहाली युद्ध स्तर पर: उपमुख्यमंत्री

### 241 योजनाएं क्षतिग्रस्त, 150 आंशिक रूप से बहाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सराज विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में आई आपदा ने जल शक्ति विभाग की 241 पेयजल योजनाओं को भारी नुकसान पहुंचाया है। उपमुख्यमंत्री एवं जल शक्ति मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि इन क्षतिग्रस्त योजनाओं की बहाली का कार्य विभाग द्वारा युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।



- दुर्गम क्षेत्रों में भी निर्बाध पेयजल सुनिश्चित करने का लक्ष्य

उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य में विभागीय अधिकारी और कर्मचारी दुर्गम परिस्थितियों में भी दिन-रात कड़ी मेहनत कर रहे हैं, ताकि क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति सामान्य हो सके। अब तक कुल 150 योजनाओं को आंशिक रूप से बहाल कर दिया गया है, जो एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन शेष योजनाओं को भी शीघ्र बहाल करने के लिए प्रयास जारी हैं।

अग्निहोत्री ने बताया कि प्रतिकूल मौसम और दुर्गम भूभाग के बावजूद, विभाग का मुख्य ध्यान लोगों को स्वच्छ और निर्बाध पेयजल सुनिश्चित करने पर है। अधिकारी और कर्मचारी कठिन से कठिन क्षेत्रों में भी पहुंचकर मरम्मत कार्य कर रहे हैं ताकि प्रभावित आबादी को पीने के पानी की समस्या का सामना न करना पड़े।

### सरकार की प्राथमिकता में राहत और बहाली की समीक्षा

**उपमुख्यमंत्री** ने यह भी बताया कि वह स्वयं राहत एवं बचाव कार्यों तथा क्षतिग्रस्त योजनाओं की बहाली के कार्यों की नियमित समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने जोर दिया कि ऐसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में लोगों को पेयजल सहित अन्य आवश्यक सामग्री सुनिश्चित करना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## मुख्यमंत्री का संकल्प, हर बच्चा पढ़ेगा, खेलेगा और मुस्कुराएगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हाल ही में आई आपदा ने हिमाचल प्रदेश के बच्चों से उनका बचपन, उनकी मासूम मुस्कान और उनके सुनहरे सपनों को छीनने की कोशिश की है। कई बच्चों ने अपने घर, स्कूल और खेलने की जगह गंवा दी है, जिसका सीधा असर उनके मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर पड़ा है। यह समय उन सभी बच्चों के लिए अत्यंत चुनौतीपूर्ण है, जिनके जीवन में अचानक आए इस संकट ने अंधेरा कर दिया है। उनके छोटे कंधों पर आई यह बड़ी विपदा किसी से छिपी नहीं है और इसने राज्य को झकझोर कर रख दिया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इन बच्चों की पीड़ा को महसूस करते हुए उनके बेहतर भविष्य के लिए एक दृढ़ संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस स्थिति में उम्मीद की एक नई किरण जगाई है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है, कि अब हमने ठान लिया है हर बच्चा फिर से पढ़ेगा, खेलेगा और मुस्कुराएगा।

## आपदा प्रभावित करसोग का दौरा कर पीड़ितों से मिले नेता प्रतिपक्ष जयराम

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**


करसोग में आपदा प्रभावितों से मिलते हुए पूर्व सीएम जयराम ठाकुर व अन्य।

**मंडी।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शनिवार को करसोग विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान वह आपदा प्रभावितों से मिले और उन्हें हौसला दिया। उन्होंने आपदा प्रभावितों के प्रति संवेदना व्यक्त की और मृत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि हम हिम्मत नहीं हारेंगे। इस कठिन घड़ी में हमें हौसला रखना है और बारिश के मौसम में अपने और अपने परिवार का ध्यान रखना है।

उन्होंने कहा कि मेरे गृह विधानसभा क्षेत्र सराज में भी कल्पनातीत तबाही हुई है। बहुत सारे लोगों की जान गई, आधारभूत ढांचा बहुत हद तक नष्ट हो चुका है। सड़के ज्यादातर बंद हो गई हैं, इसलिए यहां पहुंचने में थोड़ा वक्त लगा। जयराम ने मीडिया के प्रतिनिधियों से बात करते हुए कहा कि करसोग में भी बहुत तबाही हुई है। लोगों की जमीन, खेती, बाग, फसलें सह बह गए हैं। लोगों की निजी संपत्तियों को हद से ज्यादा नुकसान हुआ है। मैं मुख्यमंत्री सुक्खू से आग्रह करता हूं कि वे वक्त निकालकर स्वयं करसोग के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करें। तभी उन्हें यहां हुए नुकसान का वास्तविक अंदाजा लग पाएगा। उसी के हिसाब से राहत प्रदान करने की प्रभावी योजना बनाएं।

- बोले-सीएम सुक्खू खुद आकर करसोग की तबाही देखें और बनाएं राहत पहुंचाने की योजना

उन्होंने कहा कि सरकार काम कर रही है, लेकिन यह काम हमें युद्ध स्तर पर करना होगा। यहां पर भी लोगों को फौरी राहत तक नहीं मिली है। जयराम शनिवार को शंकर देहरा होते हुए करसोग पहुंचे और करसोग के अंतर्गत आपदा प्रभावित क्षेत्र सनारली, शरकोल नाला, कुट्टी, पुराना बाजार का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ भाजपा प्रदेश महासचिव बिहारी लाल, बल्ह विधायक इंद्र सिंह गांधी, भाजपा संगठनात्मक जिला सुंदरनगर के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक हीरा लाल, करसोग के विधायक दीप राज आदि साथ रहे।

## हिमाचल पेंशनर्स वेलफेयर एसो. ने की आत्माराम के बयान की कड़ी निंदा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने आत्माराम शर्मा द्वारा सभी पेंशनभोगियों की एक दिन की मूल पेंशन मुख्यमंत्री राहत कोष में काटने की घोषणा की कड़ी निंदा की है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने आत्माराम शर्मा की इस घोषणा को गलत बताया है और उनसे इसे तुरंत वापस लेने का आग्रह किया है।

सुरेश ठाकुर ने एक प्रेस बयान में कहा कि वह आत्माराम शर्मा को पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन 16/89 का प्रधान नहीं मानते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शर्मा 8 जुलाई को होने वाले प्रदेश स्तरीय चुनाव में शामिल होने से डर रहे थे और इसी वजह से उन्होंने 6 जुलाई को पेंशनभोगियों के एक छोटे समूह के साथ चुनाव करवाकर खुद को प्रधान और हुकम सिंह को महासचिव बना लिया। ठाकुर ने इसे गलत तरीके से कुर्सी हथियाना बताया।

**मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान के प्रस्ताव को बताया गलत**

एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार पेंशनभोगियों को 4+4+3+2 फीसदी महंगाई भत्ते की अधिसूचना जारी करती है, तो पेंशनभोगी स्वयं एक दिन की ही नहीं, बल्कि इससे अधिक राशि भी मुख्यमंत्री राहत कोष या प्रभावित लोगों को सम्मानजनक रूप से दान कर सकते हैं।

सुरेश ठाकुर ने 6 जुलाई को सुंदरनगर में हुए चुनाव को असांविधानिक और गैर-कानूनी करार दिया। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में कई जिलों के चुने हुए प्रतिनिधियों को बुलाया ही नहीं गया था। उन्होंने कहा कि अब यह देखना बाकी है कि पेंशनभोगियों की मांगों को मनवाने के लिए सड़कों पर कौन आता है, वहीं से संख्या बल का पता चलेगा। उन्होंने आत्माराम शर्मा द्वारा प्रेस वार्ता में दिए गए बयानों को झूठ का पुलिंदा बताया।

## घाटे वाले होटलों पर हिमाचल में बवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी, प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज, प्रवक्ता अजय राणा और राकेश शर्मा ने हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के सरकारी होटलों को निजी हाथों में देने के फैसले पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह हिमाचल ऑन सेल का मामला है और मुख्यमंत्री तथा कैबिनेट रैंक वाले एचपीटीडीसी अध्यक्ष पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया।

भाजपा नेताओं ने सवाल उठाया कि क्या यह संभव है कि कैबिनेट रैंक वाले व्यक्ति को 28 जून से 10 जुलाई तक कैबिनेट के फैसलों की जानकारी ही न हो? उनका कहना है कि इस बड़े भ्रष्टाचार की पटकथा काफी समय पहले से लिखी जा रही थी। भाजपा नेताओं ने दावा किया कि हिमाचल सरकार अब वही कर रही है जिसका डर था। सरकारी संपत्ति को निजी हाथों में देकर पैसा कमाना और पुराने कर्मचारियों की नौकरी छीनना। 14 सरकारी होटलों को निजी हाथों में सौंपने का आदेश जारी कर दिया गया है। इन होटलों के ऑपरेशन और मेंटेनेंस की जिम्मेदारी अब निजी कंपनियों को दे दी जाएगी, और पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव ने एचपीटीडीसी के प्रबंध निदेशक को इस काम को पूरा करने के लिए 3 महीने की समय-सीमा दी है। इस फैसले से कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है और वे आंदोलन की चेतावनी दे रहे हैं। भाजपा ने इस कदम को दुर्भाग्यपूर्ण बताया, यह कहते हुए कि सरकार ने अपने ही होटलों से मुंह मोड़ लिया है।



- भाजपा ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

भाजपा नेताओं ने इस फैसले के समय पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह फैसला तब लिया गया जब पर्यटन निगम के राजस्व में वृद्धि हो रही थी और होटल घाटे से उबर रहे थे। उनका तर्क है कि जब होटल मुनाफे में आ रहे थे, तब उन्हें बेचने की क्या आवश्यकता थी? भाजपा का आरोप है कि यह एक सोची-समझी साजिश है, जिसमें सरकार जान-बूझकर होटलों को पिछले दरवाजे से निजी हाथों में सौंप रही है।

### कश्मीर हाउस होटल क्या वास्तव में घाटे में था?

**नवंबर** 2024 में हिमाचल हाईकोर्ट ने एचपीटीडीसी के 18 घाटे वाले होटलों को बंद करने का आदेश दिया था, उन्हें सफेद हाथी बताया था। भाजपा ने उस समय भी दावा किया था कि होटल घाटे में नहीं थे, बल्कि गलत आंकड़े पेश किए गए थे। यह भी आरोप लगे थे कि निगम के चेयरमैन आर.एस. बाली ने अपनी ही विधानसभा के 70 से अधिक लोगों को बिना योग्यता के इन होटलों में तैनात करवा दिया था। भाजपा ने विशेष रूप से धर्मशाला के कश्मीर हाउस होटल का जिक्र करते हुए पूछा कि क्या यह संपत्ति वास्तव में घाटे में थी, या इसके पीछे कोई खास खरीदार तय था।

**सरोकार** | सराज में राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए सात करोड़ रुपए जारी, नुकसान का लिया जायजा

## थुनाग-जंजैहली में आपदा प्रभावितों से मिले राजेश धर्माणी

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गोहर।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास एवं तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक व औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने शनिवार को मंडी जिला के सराज क्षेत्र में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।

उन्होंने आपदा से प्रभावित परिवारों से भेंट कर उनका दुख-दर्द साझा किया और क्षेत्रों में चल रहे राहत एवं पुनर्वास कार्यों की जानकारी प्राप्त की। विश्राम गृह थुनाग में स्थानीय अधिकारियों व पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आपदा से हुए नुकसान के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा आपदा प्रभावित क्षेत्रों का व्यापक दौरा करने के उपरांत आवश्यक सेवाओं की बहाली के लिए सात करोड़ रुपए की घोषणा की गई थी। प्रदेश सरकार की ओर से यह राशि जिला प्रशासन को तुरंत प्रभाव से जारी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों ने अपने आशियाने खोए हैं, उन्हें सात लाख रुपए की सहायता गृह निर्माण के लिए और पशुधन की हानि पर 50 हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त सभी प्रभावितों को तय समयावधि में फौरी राहत प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके लिए उपायुक्त के माध्यम से सभी एसडीएम को राशि जारी की जा चुकी है। प्रभावित गांवों तक राशन की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है और बेघर लोगों को राहत शिविरों में ठहरने व भोजन की व्यवस्था की गई है।



आपदा प्रभावितों से मिलते हुए मंत्री राजेश धर्माणी।

उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में सड़कें इत्यादि खोलने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है जिसके लिए समुचित संख्या में मशीनरी तैनात की गई है। विद्युत आपूर्ति सुचारु करने के लिए निरंतर कार्य हो रहा है। जंजैहली क्षेत्र में 117 ट्रांसफार्मर बहाल कर दिए गए हैं। क्षतिग्रस्त मकानों का आकलन करने के निर्देश राजस्व विभाग को दिए गए हैं। बागीचों, फसलों, पशुशाला इत्यादि का भी भारी नुकसान हुआ है। भारी मलबा आने के कारण नाले अवरुद्ध हो गए हैं और उनका स्तर भी थोड़ा बढ़ गया है। ऐसे में इन नालों को चैनेलाइज करने के लिए संबंधित अधिकारियों को सर्वेक्षण इत्यादि कर डीपीआर राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को भेजने को कहा गया है।

मंत्री ने इससे पूर्व बगस्याड़ स्थित फार्मेसी कॉलेज में निर्माणाधीन भवनों का निरीक्षण कर आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने निर्माणाधीन प्रिंसिपल भवन का भी अवलोकन किया।

धर्माणी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी क्षतिग्रस्त संरचनाओं का जल्द मूल्यांकन कर आवश्यक मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कार्य समयबद्ध ढंग से प्रारंभ किया जाए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने आईटीआई भवन का भी निरीक्षण किया और उसकी स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि छात्रों की सुविधा में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और सरकार द्वारा संस्थान की शैक्षणिक गतिविधियां सुचारु रूप से चलाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

इसके उपरांत उन्होंने थुनाग में आपदा प्रभावित परिवारों के लिए शिवशरण श्री राम लंगर समिति घुमारवीं द्वारा लगाए गए लंगर का निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थुनाग की एनएसएस छात्राओं के साथ बातचीत की और आपदा राहत में किए जा रहे कार्यों के लिए उनका उत्साहवर्द्धन किया। गांव सुराह, खुनागी और कंडी मोड के 14 परिवारों को राहत सामग्री प्रदान करने में सहायक संत निरंकारी सेवा दल की टीम से भी मिले। इसके उपरांत पांडवशिला, मझाखड़, जरोल, कुथाह, बुंग रैलचौक, ढीमकटारू, संगलबाड़ा में आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया और प्रभावितों परिवारों से मिलकर उन्हें ढाढस बंधाया।



## न्यूज ब्रीफ

### अनियंत्रित स्कूटी पेड़ से टकराई, एक की मौत

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पुलिस थाना भवारना के अधीन शुक्रवार देर रात्रि लगभग 11 बजे स्कूटी पर सवार दो युवकों की स्कूटी भट्टू के पास पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोर से हुई कि इसमें एक युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी अनुसार दोनों युवक अपने घर गुग्गा सलोह से परौर की तरफ जा रहे थे कि भट्टू के पास उनकी स्कूटी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। भवारना थाना प्रभारी गुरदेव सिंह ने बताया कि युवकों की पहचान प्रिंस और अभिषेक निवासी गांव गुग्गा सलोह तहसील पालमपुर के रूप में हुई है।

### ब्रदर हेल्पिंग ग्रुप ने जिला मंडी में पहुंचाई राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** ब्रदर हेल्पिंग ग्रुप ने अपनी मुहिम के तहत जिला मंडी में राहत सामग्री भेजी है। यह राहत सामग्री ग्रुप के सभी सदस्यों ने एकत्रित की थी, जो स्वर्गीय अश्विनी उर्फ सनी पूर्व प्रधान और पूर्व उपाध्यक्ष ब्लॉक समिति धर्मशाला की सोच को जीवंत बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। ब्रदर हेल्पिंग ग्रुप के सदस्यों ने एकजुट होकर इस राहत सामग्री को एकत्रित किया और जिला मंडी में भेजा। ग्रुप के सदस्यों में अनीश, रोहित, वनीत, संजय कुमार, अजीत, मनु, गोनी, हैप्पी बागली, राहुल और सोनू शामिल हैं। ब्रदर हेल्पिंग ग्रुप की इस मुहिम ने मानवता की सेवा के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी यह मुहिम निश्चित रूप से लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और मानवता की सेवा के लिए और भी लोगों को प्रेरित करेगी।

### प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी किए सम्मानित



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा 'स्वच्छता पखवाड़ा' के अंतर्गत आज श्री साईं ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट, पठानकोट में विशेष स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रूप सिंह, पुनीत सानवाल (प्रिंसिपल, साईं इन्टर्नैशनल स्कूल ), भारत पेट्रोलियम के मंजीत सिंह (सेल्स ऑफिसर, पठानकोट), राजन सिंह (स्मार्टफ्लीट एग्जीक्यूटिव, पठानकोट), रोहित (एफएसए-ल्यूब्रिकेंट्स), विद्यालय स्टाफ व छात्र-छात्राओं सहित कुल 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत ड्राइंग प्रतियोगिता से हुई, जिसमें 33 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले चार विद्यार्थियों को सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके पश्चात सभी उपस्थित जनों द्वारा संस्थान परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला और युवाओं को स्वच्छ भारत अभियान से जुड़ने की प्रेरणा दी।

### चलती कार पर गिरा पेड़, कार क्षतिग्रस्त

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** बरसात के मौसम में खूब बारिश हो रही है। इसके चलते शनिवार की रात्रि को तूफान ने खूब कहर बरपाया। इस रात एक बड़ा हादसा होने से टल गया। रात्रि तकरीबन 12 बजे तेज बारिश में सुलह-ननाओं मुख्य सड़क मार्ग पर अचानक एक पेड़ चलती कार पर गिर गया। उस समय कार में दो लोग सवार थे। पेड़ कार के शीशे व बोनट पर गिरा। हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। हालांकि इस हादसे में कार को काफी नुकसान पहुंचा है। जानकारी के अनुसार रात करीब 12 बजे सुलह क्षेत्र के अंतर्गत गगल खास का युवक अंशुल ठाकुर अपने पिता प्रकाश चंद के साथ किसी निजी कार्य से ठाकुरद्वारा से अपने घर वापस आ रहे थे तो सुलह के नजदीक तेज बारिश के कारण अचानक एक पेड़ गाड़ी पर आ गिरा। जब भारी बारिश में स्थानीय लोगों को इस बारे में पता लगा तो वे मौके पर पहुंचे। इस बीच सुलह निवासी गौतम ठाकुर व गोपाल ठाकुर जोकि बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन मैटेरियल का काम करते हैं। उन्होंने मिसाल पेश करते हुए जेसीबी निकाल कर बारिश में स्थानीय लोगों के सहयोग से पेड़ हटाकर कार को निकाला और बंद पड़े रास्ते को बहाल किया।

# बस स्टैंड पर युवती से अश्लील हरकतें करने वाला आरोपी कंडक्टर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा पुलिस ने एक युवती के साथ छेड़छाड़ के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 11 जुलाई की देर रात कांगड़ा बस स्टैंड पर हुई, जब एक युवती पालमपुर जाने वाली बस का इंतजार कर रही थी।

पीड़िता ने बताया कि एक व्यक्ति ने उसकी ओर गलत इशारे किए, उसके उपरांत फोन पर बात करने का नाटक किया और मासूम बनने की कोशिश। जब शिमला की रहने वाली इस युवती ने विरोध किया और जोर से आवाज उठाई, तो आरोपी ने खुद को बचाने के लिए फोन पर बात करने का नाटक किया और मासूम बनने की कोशिश की, लेकिन वह शराब के नशे में धुत था। पीड़िता ने आगे बताया कि 'जब मैंने आवाज उठाई तो उसके बुलाए कुछ गुंडे वहां आ गए और मेरे साथ खड़े भाई पर हमला कर दिया। हालांकि, आरोपी

**पीड़िता ने कहा-आरोपी ने गुंडों को बुलाकर उसके भाई पर किया हमला**

मौके से भाग निकला, लेकिन पीड़िता ने व्यक्ति की वीडियो फोन पर बना ली, जिससे पुलिस को आरोपी को पकड़ने में मदद मिली। 112 हेल्पलाइन के माध्यम से सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम तुरंत घटनास्थल पर भेजी गई और पीड़िता को बस स्टैंड पर पाया गया। पीड़िता ने पुलिस अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसी रात एफआईआर दर्ज की और आरोपी को अगले दिन सुबह गिरफ्तार किया। इसके अलावा, पीड़िता और उसके परिवार के लिए कांगड़ा में एसएचओ कांगड़ा और उनकी टीम द्वारा देर रात करीब एक बजे बारिश के दौरान रहने और खाने की व्यवस्था भी की गई।



युवती से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी।

**आरोपियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई : एसएचओ**

एसएचओ कांगड़ा संजीव कुमार ने बताया कि कांगड़ा पुलिस जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिन-रात प्रतिबद्ध है और जरूरतमंद नागरिकों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होंने कहा कि युवतियों से छेड़छाड़, बुरे इशारे करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कांगड़ा पुलिस सख्ती से पेश आएगी।

**कांगड़ा पुलिस जन सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध : एसएसपी**

**कांगड़ा** की एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई और आरोपी को अगले दिन सुबह गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने पीड़िता और उसके परिजनों को रहने और खाने की व्यवस्था भी प्रदान की। एसपी ने कहा कि कांगड़ा पुलिस जन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और हर जरूरतमंद नागरिक को सहायता देने के लिए हमेशा तैयार रहती है। एसपी शालिनी अग्निहोत्री ने कहा कि पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएचओ कांगड़ा और उनकी टीम शामिल थी। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## जलेब के साथ 28 से शुरू होगा जमानाबाद मिंजर मेला



सात दिवसीय मिंजर मेला जमानाबाद की बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी व अन्य।

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

सात दिवसीय मिंजर मेला जमानाबाद की बैठक प्रधान अशोक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें सर्वसहमति से मेले को 28 जुलाई से 3 अगस्त तक सात दिवसीय करवाने का निर्णय लिया गया। वहीं जूनियर व सीनियर हॉकी, जूनियर व सीनियर फुटबॉल, जूनियर व सीनियर कबड्डी, लोकल बॉलीबॉल, ओपन बॉलीबॉल, रेस और महिला खेल प्रतियोगिता में रस्सा कस्सी, म्यूजिकल चेयर रेस और मटका फोड़ इत्यादि खेल प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा।

मेले के दौरान 1 अगस्त ओर 2 अगस्त को सांस्कृतिक संध्याएं करवाई जाएगी जिसमें हिमाचल के कलाकारों को तरजीह दी जाएगी। 28 जुलाई 2025 को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ मेले का शुभारंभ किया जाएगा, साथ ही मेले 3 अगस्त 2025 को पारंपरिक जलेब और वाद्य यंत्रों के साथ शिव मंदिर कोटि मोहल्ला में पूजा के साथ मिंजर मेला मैदान से होते हुए मनूनी खड़ में मिंजर को प्रवाहित किया जाएगा।

मिंजर मेला कमेटी प्रधान अशोक कुमार ने बताया कि प्रमोद सिंह को सर्वसहमति के साथ मिंजर मेला कमेटी का सहसचिव नियुक्त किया गया साथ ही इस वर्ष भी मेले का आयोजन समस्त सदस्यों और गांववासियों के सहयोग से बड़े उत्साहवर्धक तरीके से संयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रधान अशोक कुमार, विपन पाल, हरजीत सिंह, अमरजीत सिंह, गौवर्धन सिंह, हरि सिंह, प्रमोद सिंह, संजय, सुनील कुमार, हरनाम सिंह, ओम प्रकाश, मोती लाल व अन्य मौजूद रहे।

## कलेहड़ गांव में पेयजल स्कीम का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

पहाड़ी क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की समस्या हमेशा से एक चुनौती रही है, लेकिन अब डाडासीबा के कलेहड़ गांव में इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है।

गांव में नई पेयजल योजना का शुभारंभ प्रदेश कर्मचारी एवं कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उन्होंने पूजा-अर्चना कर विधिवत योजना की शुरुआत की। इस दौरान उनकी धर्मपत्नी रजनी मनकोटिया भी मौजूद रहीं।



पेयजल योजना का शुभारंभ करते हुए सुरेंद्र सिंह मनकोटिया व अन्य।

मनकोटिया ने कहा कि यह पेयजल योजना क्षेत्र के सैकड़ों लोगों के लिए न सिर्फ राहत का माध्यम बनेगी, बल्कि स्वच्छता और स्वास्थ्य के नए मानदंड भी स्थापित करेगी।

सरकार ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दे रही है और यह योजना उसी का एक हिस्सा है। गांव

**मनकोटिया ने कहा- सरकार ग्रामीण विकास को दे रही प्राथमिकता**

के लोगों को वर्षों से पेयजल कमी खल रही थी। ऐसे में यह योजना ग्रामीण जीवन को सहज बनाने में एक बड़ा परिवर्तन लेकर आएगी। इस मौके पर अधिशाषी अभियंता यशपाल शर्मा, एसडीओ राकेश कुमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह गोगा, पंचायत उपप्रधान परमेश्वरी दास, महासचिव अश्विनी शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### 2011 की जनगणना के आधार पर होंगे पंचायतीराज चुनाव

## ग्रामीण संसद में बदलेंगे राजनीतिक समीकरण

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

प्रदेश में इसी वर्ष पंचायती राज चुनाव प्रस्तावित हैं। इन चुनावों हेतु वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार रोस्टर जारी होने से ग्रामीण संसद में राजनीतिक समीकरण बदलेंगे। ऐसे में चुनाव लड़ने के चाह्वानों के लिए भी रोस्टर जारी होने से उनकी उम्मीदों पर पानी फिर सकता है। जिला कांगड़ा में नई पंचायतों के गठन और नए नगर निकायों के अस्तित्व में आने से कई पंचायतों का पुर्नगठन भी हुआ है। जिस कारण नए सिरे से पंचायतों से लेकर पंचायत समिति और जिला परिषद के लिए परिसीमन प्रक्रिया अपनानी पड़ी है। जिले में तीन नए विकास खंड बनने से पंचायत समितियों की संख्या 18 हो गई है, ऐसे में पंचायत समिति वार्डों की संख्या बढ़ना भी लाजमी है, जबकि पंचायतों की संख्या 814 से घटकर 811 रह गई है। पांच विकास खंडों में पुन: परिसीमन प्रक्रिया

**जिला परिषद के लिए नए सिरे से अपनानी पड़ी परिसीमन प्रक्रिया**

अपनाए जाने से पंचायत समिति वार्डों की संख्या की तस्वीर अभी साफ नहीं हो पाई है। जिला परिषद वार्डों की संख्या जिला में 54 यथावत है, लेकिन पहली बार ऐसा हुआ है जब जिला परिषद के वार्डों पर परिसीमन पंचायत समिति के हिसाब से किया गया है। जिस कारण हर एक ब्लॉक में कई वार्डों के नाम बदल गए हैं।

उधर, जिला पंचायत अधिकारी जिला कांगड़ा विक्रम ठाकुर का कहना है कि इस वर्ष के अंत तक प्रस्तावित पंचायतीराज संस्थानों के चुनावों के लिए साल 2011 की जनगणना को आधार माना जाएगा। उन्होंने बताया कि पांच विकास खंडों में पुन: परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही रोस्टर की प्रकिया को पूरा किया जाएगा।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मांगों का सीएम को सौंपा पत्र

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संघ की नव-निर्वाचित राज्य कार्यकारिणी ने आज मुख्यमंत्री सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान संगठन की ओर से राज्य के सेवानिवृत्त कर्मचारियों से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण समस्याओं और लंबित मांगों को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा गया।

मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई दी और पेंशनर्स के हितों के संरक्षण एवं कल्याण के लिए राज्य सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता को दोहराया। पेंशनर्स वेलफेयर एसो. के राज्य उपाध्यक्ष कल्याण भंडारी ने कहा कि संपूर्ण व विस्तृत संघ का मांग पत्र आने वाले समय में सरकार के साथ होने वाली आधिकारिक बैठक से पहले मुख्यमंत्री से व्यापक चर्चा की जाएगी।

# हिमाचल में छात्र राजनीति से घबराहट क्यों?

*एक दौर था जब हिमाचल प्रदेश की राजनीति में छात्र राजनीति से निकले नेता विधानसभा, लोकसभा से लेकर मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे। प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी छात्र राजनीति से निकले हैं, लेकिन अब वही छात्र राजनीति लगभग एक दशक से ठप पड़ी है। 2014 से प्रदेश में छात्र संघ चुनाव नहीं हुए हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर क्यों दोनों प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस और भाजपा छात्र संघ चुनावों से कतराते हैं?*

**अनंत ज्ञान संडे स्पेशल**

*प्रदेश में एक दशक से प्रत्यक्ष रूप से छात्र संघ चुनाव ठप आखिर कब तक?*

### वामपंथ से डर या लोकतंत्र से?

हिमाचल प्रदेश में छात्र राजनीति की बात हो और वामपंथी संगठन एसएफआई का जिक्र न हो, यह मुमकिन नहीं। 1978 से लेकर 1995 तक ज्यादातर एसएफआई का दबदबा प्रदेश की छात्र राजनीति पर था। खासकर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला जिसे हिमाचल की राजनीति की नर्सरी माना जाता है, वहां लंबे समय तक एसएफआई का एकछत्र राज रहा और आज तक जब-जब छात्र संघ चुनाव हुए तो इस संगठन ने अपने इतिहास को ज्यादातर बरकरार रखा। 1995 में छात्र हिंसा का बहाना लेकर हिमाचल प्रदेश की तत्कालीन सरकार ने छात्र चुनाव बंद कर दिए। छात्रों ने 5 साल तक लंबा संघर्ष लड़ा। फिर 2000 में चुनाव दोबारा शुरू हुए, लेकिन तब तक प्रदेशभर में नए कॉलेज खुल चुके थे और वहां भाजपा समर्थित छात्र संगठन एबीवीपी ने पकड़ बनानी शुरू की।

हालांकि, एचपी यूनिवर्सिटी के अलावा हमीरपुर, ऊना, सिरमौर, सोलन, चंबा, कुल्लू आदि बड़े कॉलेजों में फिर भी एसएफआई का ही प्रभाव बना रहा और यहीं से फिर राजनीतिक डर ने जन्म लिया कि कहीं वामपंथी विचारधारा फिर से न बढ़ जाए। हां, एक बात और प्रत्यक्ष लोकतंत्र की जगह जबसे प्रशासन ने योग्यता के नाम पर मनोनयन का खेल शुरू किया है, तब से छात्र राजनीति सिर्फ मैरिट की मोहताज बन गई है, पर क्या सिर्फ पढ़ाई में अव्वल होना ही नेतृत्व की गारंटी है? जो टॉपर है, जरूरी नहीं कि वो छात्र भावनाओं को समझने वाला हो। जिस तरह हर अच्छा विद्यार्थी डॉक्टर, इंजीनियर या वकील नहीं बन सकता, जब तक उस विषय में उसकी रुचि न हो। उसी तरह हर मेरीटोरियस छात्र अच्छा नेता नहीं बन सकता। नेतृत्व पैदा होता है जमीन से, संघर्षों से, चेतना से-सिर्फ अंकों से नहीं।

*प्रस्तुतिः मनोज चंदेल योल*

### छात्रों की मुख्य मांग पर मौन आखिर क्यों?

**छात्र** राजनीति से निकले प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने एनएसयूआई के जरिए संघर्ष किया और प्रदेश की सबसे बड़ी कुर्सी तक पहुंचे। अब वही मुख्यमंत्री और सत्ताधारी पार्टी छात्र संघ चुनाव को लेकर चुप हैं। क्या छात्र यह अपेक्षा नहीं कर सकते कि जो नेता छात्र राजनीति से उभरा है, वो छात्रों को उनका हक लौटाएगा? कांग्रेस के लिए तो इससे सीधा फायदा ही है, क्योंकि एसएफआई जैसे संगठनों से निकले कई नेता कुछ कांग्रेस में बड़े पदों पर हैं, लेकिन भाजपा शायद यह मानती है कि छात्र संघ चुनाव बहाल करने से वामपंथ और कांग्रेस दोनों को ताकत मिलेगी।

### छात्रों के मुद्दे अनसुने क्यों?

**छात्र** संघ नहीं होने से आज कॉलेज और विश्वविद्यालयों में कोई संगठित आवाज नहीं है। छात्र अकेले संघर्ष कर रहे हैं। फीस में बढ़ोतरी लगातार हो रही है, लेकिन विरोध कमजोर है। छात्रावास की सुविधाएं, इंटरनेट, कैंटीन, पुस्तकालय जैसे मुद्दे कहीं सुनवाई में नहीं हैं। प्लेसमेंट और रोजगार की तैयारी को लेकर कोई गंभीर पहल नहीं। छात्राओं की सुरक्षा, हॉस्टल नियमों और मानसिक स्वास्थ्य जैसे विषय हाशिए पर हैं। छात्र संघ होते, तो शायद इन मुद्दों को सशक्त मंच मिलता।

### छात्र राजनीति से डरने की जरूरत नहीं

**छात्र** राजनीति केवल नारों और झंडों की राजनीति नहीं होती। यह वह जमीन है जहां युवा संघर्ष, विचार और नेतृत्व सीखते हैं। नेता बनने का पहला पाठ यहीं पढ़ाया जाता है। डॉक्टर बनने के लिए एमबीबीएस, इंजीनियर बनने के लिए बीटेक, लेकिन नेता बनने के लिए क्या छात्र राजनीति भी जरूर नहीं होनी चाहिए। हिंसा का बहाना बनाकर छात्र संघ चुनावों को टालना कहां तक जायज है? हिंसा तो पंचायत, विधानसभा, लोकसभा चुनावों में भी होती है, तो क्या वह भी बंद कर देंगे? अक्सर तर्क दिया जाता है कि छात्र संघ चुनावों से हिंसा होती है। अब वक्त है कि प्रदेश सरकार के मुखिया तय करें कि क्या वह भी सिर्फ डर के आधार पर छात्र राजनीति को दबाए रखेंगे या फिर छात्रों को वह मंच देंगे, जो कभी उन्हें खुद भी मिला था। अगर मुख्यमंत्री सुक्खू व्यवस्था परिवर्तन की बात करते हैं, तो शुरुआत छात्र राजनीति से क्यों नहीं? यह चुनाव न केवल छात्रों को नेतृत्व देगा, बल्कि प्रदेश को भी नई सोच और जोश से भर देगा।

### छात्रों की एकता से डरती हैं सरकारें



**एक** सवाल छात्र संगठनों से भी कि आखिर छात्र संगठन संयुक्त मोर्चा क्यों नहीं बनाते? छात्रों की चुप्पी लोकतंत्र की कमजोरी है। अगर छात्र संगठन सचमुच ईमानदारी से छात्रों की समस्याओं को लेकर चिंतित हैं, तो सवाल उठता है कि वे संयुक्त मोर्चा क्यों नहीं बनाते? क्यों आज भी अधिकतर संगठन राजनीतिक दलों की परछाई बने हुए हैं? इतिहास गवाह है कि जब-जब छात्र संगठनों ने अपने वैचारिक मतभेद भुलाकर एकजुटता दिखाई है, तब-तब सरकारों को झुकना पड़ा है। यह भी किसी से छुपा नहीं है कि सत्ता में बैठे लोग नहीं चाहते कि कोई नया नेतृत्व उभरे या ऐसा कोई नाटकीय मोड़ आए, जो उनकी स्थिरता को चुनौती दे सके।



**प्रो. महावीर सिंह**
उप कुलपति हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय

### छात्रसंघ चुनाव करवाना सरकार के कार्यक्षेत्र में

**छात्रसंघ** चुनाव करवाना सरकार के कार्यक्षेत्र में है। उस पर मैं अपनी राय नहीं रख सकता। सरकार हमें जैसा आदेश करेगी प्रशासन उन आदेशों का पूर्ण पालन करेगा। इस बारे में सरकार जब हमसे पूछेगी तो हम अपनी राय जरूर रखेंगे।



**श्रेया**
एचपीयू छात्र संघ की वर्तमान अध्यक्ष

### प्रत्यक्ष रूप से होने चाहिए छात्र संघ चुनाव

**मेरा** मानना है छात्र संघ चुनाव प्रत्यक्ष रूप से ही होने चाहिए। प्रत्यक्ष रूप से चुने हुए नुमाइंदे छात्रों की समस्यायों को हमसे बेहतर जानेंगे। जैसे मुझे कक्षा में टॉपर होने की वजह से विश्वविद्यालय का अध्यक्ष बनाया गया, लेकिन मैं छात्राओं के लिए उतना समय नहीं निकल पाई, क्योंकि मेरे लिए प्राथमिकता मेरी पढ़ाई थी। अगर इस तरीके से भी चुनाव अप्रत्यक्ष रूप से करवाने हैं तो उस छात्र संघ को समय देना चाहिए। महीने में एक दिन, ताकि छात्रों की समस्याओं को लेकर चर्चा कर सके।



**बिजेंद्र मेहरा**
एचपीयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं एसएफआई के पूर्व राज्य अध्यक्ष

### लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करते हैं छात्र संघ चुनाव

**भाजपा** और कांग्रेस जैसी पार्टियां चाहे सत्ता में हों या विपक्ष में, छात्र संघ चुनाव करवाने से कतराती हैं। देखिए, छात्र संघ चुनाव केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि यह विश्वविद्यालय परिसरों में लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करने का जरिया है और जैसा कि आप कह रहे हैं कि पूर्व सरकार में या प्रदेश की वर्तमान सरकार में छात्र राजनीति से ही निकले हुए नेता मुखिया के पद पर हैं तो वह तो और बेहतर जानते हैं कि अगर छात्र संघ चुनाव करवाए गए तो वह छात्र विरोधी नीतियों को लेकर अग्रसर होकर सरकार के खिलाफ मुखर रहेंगे। जब छात्र अपने प्रतिनिधियों को खुद चुनते हैं तो वे न सिर्फ अपनी समस्याओं को बेहतर तरीके से उठाते हैं, बल्कि सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज भी बुलंद करते हैं। सत्ताधारी दलों को इस सक्रियता से डर लगता है। उन्हें डर है कि छात्र सवाल पूछेंगे, फीस बढ़ोतरी, निजीकरण और रोजगार जैसे मुद्दों पर संघर्ष खड़ा करेंगे। यही कारण है कि वे चुनाव से बचते हैं और छात्र राजनीति को निष्क्रिय करने की कोशिश करते हैं।

### छात्र राजनीति ही नेतृत्व की पहली पाठशाला



**नितिन व्यास**
एचपीयू छात्र संघ के पूर्व उपाध्यक्ष एवं एबीवीपी के पूर्व राज्य अध्यक्ष

**छात्रों** के लोकतांत्रिक अधिकार तभी सुरक्षित रह सकते हैं, जब उन्हें छात्र संघ जैसा मंच उपलब्ध हो। छात्र संघ चुनाव न केवल नेतृत्व तैयार करते हैं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता को भी मजबूती देते हैं। आज देश के कई बड़े नेता चाहे वह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा हों, पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर हों या वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू छात्र राजनीति की ही उपज हैं। छात्र राजनीति ही नेतृत्व की पहली पाठशाला होती है। प्रशासन व सरकार लंबे समय से छात्र संघ चुनाव पर हिंसा का बहाना बनाकर रोक लगाए हुए है, जबकि हकीकत यह है कि हिंसा चुनाव न होने पर भी समय-समय पर देखने को मिलती रही है। ऐसे में यह तर्क स्वीकार नहीं किया जा सकता कि हिंसा के डर से लोकतांत्रिक प्रक्रिया को ही बंद कर दिया जाए। विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में छात्र संघ चुनाव बहाल किए जाने चाहिए, ताकि छात्र अपनी बात मजबूती से रख सकें और एक जिम्मेदार नेतृत्व विकसित हो सके।

### छात्र संघ चुनाव होना बहुत जरूरी

**छात्र** संघ चुनाव होना बहुत जरूरी है, इससे छात्रों को अपने लोकतांत्रिक अधिकार मिलते हैं। छात्र अपनी जायज मांगों को लेकर अपने छात्र संघ के जरिए प्रशासन और सरकार तक पहुंचना है, लेकिन छात्र संघ चुनाव में हिंसा नाम की कोई चीज नहीं होनी चाहिए। अहिंसक तरीके से चुनाव हों तो छात्र संघ चुनाव होने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन यह तो सरकार और प्रशासन को तय करना है की छात्र संघ चुनाव के लिए उचित माहौल है कि नहीं।



**अतुल शर्मा**
रामपुर कॉलेज छात्र संघ के पूर्व महासचिव एवं एनएसयूआई के पूर्व राज्य अध्यक्ष)

## न्यूज ब्रीफ

### बीपीएल के चयन पर जिला परिषद उपाध्यक्ष ने खोला मोर्चा



**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** ग्राम पंचायत मूही (गरली) से ताल्लुक रखने वाली जिला परिषद उपाध्यक्ष स्नेहलता परमार ने बीपीएल चयन को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों पर सवाल उठाए हैं। स्नेहलता परमार ने सरकार के इस निर्णय को गरीबों के साथ अन्याय नहीं बल्कि अपमान किया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा प्रणाली गरीबी मिटाने के बजाय गरीबों को योजनाओं से बाहर करने का तरीका बन गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो दिशा-निर्देश बीपीएल चयन के लिए अपनाए जा रहे हैं, वे गरीबों की असल जमीनी सच्चाई से पूरी तरह कटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई गरीब व्यक्ति एक पक्का कमरा बना लेता है चाहे वो सरकारी योजना, कर्ज या रिश्तेदारों की मदद से ही क्यों न बना हो, उसे बीपीएल सूची से बाहर कर दिया जाता है। कमरा बना लेने से कोई गरीब अमीर नहीं हो जाता, बल्कि कर्ज के बोझ तले और दब जाता है।

### महिला को लाहन के साथ किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** पुलिस ने बकराड़वा गांव में एक महिला को लाहन के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस चैकी ठाकुरद्वारा के प्रभारी चमन सिंह अपनी टीम सहित गश्त के एक महिला के घर में दबिश दी तो 6000 मिलीलीटर लाहन बरामद हुई। महिला की पहचान तृप्ता देवी पत्नी अरुण कुमार निवासी गांव बकराड़वा डाकघर ठाकुरद्वारा तहसील इंदौरा के रूप में हुई है।

### बरसात के कारण बारिश की भेंट चढ़ा कच्चा मकान

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** बीती रात को हुई भारी बारिश से नगरोटा सूरियां के वार्ड नंबर 7 के निवासी सुभाष चंद्र पुत्र चूडू राम का कच्चा स्लेट पोस्ट मकान अचानक गिर गया। किसी जानमाल का नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन घर के अंदर रखा समान, बेड इत्यादि पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। बताया गया कि करीब 3 लाख का नुकसान हुआ है। मकान के गिरने की सूचना मिलते ही पंचायत प्रधान ने मौके पर पहुंच कर नुकसान का जायजा लिया और इसकी रिपोर्ट तुरंत स्थानीय पटवारी अभिनव कुमार तथा एसडीएम को भेज दी है। नगरोटा सूरियां तहसीलदार ज्ञान चंद ने कहा कि पीड़ित परिवार की हर संभव सहायता की जाएगी।

### गगल खास में लड़ाई झगड़ा व मारपीट

**राकेश डोगरा, डरोह।** पुलिस थाना भवारना के अंतर्गत अब्बू निवासी गगल खास तहसील धीरा ने जगदीश चंद निवासी गगल खास तहसील धीरा का रास्ता रोककर लड़ाई-झगड़ा व मारपीट की है। इस संदर्भ में अभियोग जेर धारा 126(2), 115(2), 352 भारतीय न्याय संहिता में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### टैक्सी पार्किंग को लेकर विवाद में चालक से मारपीट

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत आते गांव सुधेड़ में टैक्सी पार्क न करने को लेकर उपजे विवाद के दौरान कुछ लोगों द्वारा हारचक्कियां निवासी चालक के साथ मारपीट की गई है। इस मामले में पुलिस ने मारपीट करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बीती देर रात हारचक्कियां निवासी टैक्सी चालक सुधेड़ के साथ लगते क्षेत्र में गाड़ी पार्क कर रहा था। इस दौरान उसे कुछ लोगों द्वारा संबंधित स्थल पर गाड़ी पार्क न करने की बात कही जिस पर विवाद खड़ा हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि वहां के कुछ लोगों ने चालक से मारपीट की, जिससे टैक्सी चालक घायल हो गया। घायल चालक का उपचार जोनल अस्पताल धर्मशाला में चल रहा है। वहीं पुलिस को सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर घायल टैक्सी चालक के ब्यान दर्ज कर मारपीट करने वाले पक्ष पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

### किराए के मकान में रह रही युवती से मारपीट

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** किराए के मकान में रह रही युवती से उसके घर में घुसकर मारपीट के आरोप में आधा दर्जन से अधिक महिलाओं पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस थाना मैक्लोडगंज में दर्ज शिकायत में जिला डार्जलिंग पश्चिम बंगाल निवासी युवती ने बताया कि वर्तमान समय में यह अपनी सहेली के साथ किराए के कमरे में रहती है। उसकी सहेली निजी कार्य से देहरादून गई है, जिसके चलते वह कमरे में अकेली रह रही है। शनिवार सुबह आधा दर्जन से अधिक महिलाओं ने उसके कमरे में आकर सहेली के बारे में पूछा। इस दौरान महिलाओं ने कुमारी कर्मा के साथ मारपीट व धक्कामुक्की और रसोई की तरफ धकेल दिया। जहां पर पीड़ित युवती ने अपनी जान बचाने के लिए रसोई घर से चाकू उठाकर महिलाओं से उससे दूर रहने की बात कही। इसी बीच चाकू दूसरे पक्ष की महिला को लग गया, जिससे उस महिला को खून निकलने लगा। अन्य महिलाओं ने पीड़िता से चाकू छीनकर उससे मारपीट की। मकान मालकिन ने मौके पर पहुंचकर पीड़िता को महिलाओं के चुंगल से छुड़ाया। एएसपी कांगड़ा हितेष लखनपाल ने बताया कि कुमारी कर्मा की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आगामी जांच की जा रही है।

### आचार्य भवानि ने भक्तों को किया भावविभोर

**अनंत ज्ञान, गरली।** जसवां परागपुर के अप्पर सेहरी ठाकुरद्वारा में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का दूसरा दिन भी अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव से संपन्न हुआ। इस आयोजन में विनोद डोगरा, तिरलोक शर्मा, शक्ति शर्मा सहित समस्त सेहरी निवासियों का विशेष सहयोग रहा। प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य भवानि शंकर जी ने भगवान श्रीकृष्ण की लीला-कथाओं से पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान उन्होंने माता पार्वती को भगवान शिव द्वारा सुनाई गई अमृत कथा का अत्यंत सुंदर व विस्तारपूर्वक वर्णन किया।

# जिले में लगेंगे चार ई व्हीकल चार्जिंग स्टेशन

## बीओएम आधार पर परिवहन विभाग करवाएगा स्थापित

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** जिला कांगड़ा में इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन चार जगहों पर स्थापित किए जा रहे हैं, जिसका कार्य जल्द शुरू होने वाला है। परिवहन विभाग द्वारा चार्जिंग स्टेशन बीओएम आधार पर स्थापित करवाए जाएंगे।

जिले में धर्मशाला, ज्वालामुखी, फतेहपुर व नूरपुर में स्थापित किए जाने वाले चार्जिंग स्टेशन हेतु सरकार की ओर से टेंडर करके कार्य आवंटित किया जा चुका है। जिस एजेंसी ने चार्जिंग स्टेशन को ऑपरेट व बिल्ड करना है, उसके द्वारा परिवहन विभाग से संपर्क किया गया है, जिसे विभाग द्वारा सहयोग किया जा रहा है।

चार्जिंग स्टेशन बिल्ट, ऑपरेट मैंटेन (बीओएम) का सारा कार्य थर्ड पार्टी को मिलेगा। चार्जिंग स्टेशन में भूमि की उपलब्धता अनुरूप अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध हो सकेंगी। इस पर कंपनी निवेश करेगी, ऐसे में चार्जिंग स्टेशन पर शुल्क भी होगा, जिसे प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

### जिले में दौड़ रहे 1322 इलेक्ट्रिक वाहन

जिले में वर्तमान में करीब 1322 इलेक्ट्रिक वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जिनमें सबसे अधिक 1024 संख्या इलेक्ट्रिक स्कूटरों की है। ये स्कूटर मुख्यत: युवाओं, कामकाजी लोगों और छोटे व्यवसायियों द्वारा दैनिक आवागमन के लिए प्रयोग किए जा रहे हैं। इसके अलावा 115 इलेक्ट्रिक कारें भी जिले में पंजीकृत हैं, जो मुख्यत: शहरी क्षेत्रों में निजी उपयोग के लिए चलाई जा रही हैं। 3-व्हीलर वाहनों की संख्या 77 है, जो विशेष रूप से सार्वजनिक परिवहन और सामान ढुलाई के कार्य में प्रयोग किए जा रहे हैं। इनमें से अधिकतर ऑटो रिक्शा हैं जो यात्रियों को छोटी दूरी पर ले जाने के लिए उपयोग किए जा रहे हैं। इनका चलन खासकर नगरों और कस्बों में अधिक देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही 15 एचआरटीसी की इलेक्ट्रिक बसें भी जिले में चलाई जा रही हैं।



> धर्मशाला, ज्वालामुखी, नूरपुर और फतेहपुर में परिवहन विभाग द्वारा इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। जिसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा टेंडर कर कार्य आवंटित कर दिया गया है, जिनकी स्थापना का कार्य जल्द शुरू होगा।
> -मनीष कुमार सोनी, आरटीओ, जिला कांगड़ा

### बिरोजे के 126 टीन से भरी गाड़ी पकड़ी

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** प्रदेश के वन डिवीजन नूरपूर के अंतर्गत वन परिक्षेत्र अधिकारी जगजीत चावला के नेतृत्व में विभागीय टीम के साथ बीती रात को एक गाड़ी को बिना दस्तावेज के बिरोजे सहित पकड़ा। इस गाड़ी में 26 टीन बिरोजे के बरामद हुए। रेंज ऑफिसर जगजीत चावला कि शिरकत में गठित टीम ने पंजाब नंबर की गाड़ी पीबी0756844 पकड़ी जिसमें ड्राइवर उक्त सामग्री को ले जा रहा था।

वहीं नूरपुर बन उपमंडल अधिकारी शर्मा ने बताया कि इस मामले में गाड़ी चालक के नाम के बयान पर यह मुकद्दमा 41/42 ऑफ आई एफ ए 1927 के तहत दर्ज किया गया है और चालक को मौके पर सामान सहित गाड़ी को जब्त किया गया है ।

इस मामले की छानबीन की जा रही है की वन विभाग की इतनी बड़ी सम्पदा कहां से आई और कहां ले जाई जा रही थी। उन्होंने इस कार्य में अपनी टीम का भी मनोबल बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि यह अवैध माल हिमाचल प्रदेश के शाहपुर क्षेत्र से गाड़ी में लोड किया गया था और पंजाब प्रांत के होशियारपुर क्षेत्र में जा रहा था।

# गोमा ने जयसिंहपुर में किया पब्लिक हेल्थ यूनिट का शिलान्यास



जयसिंहपुर अस्पताल में पब्लिक हेल्थ यूनिट का शिलान्यास करते यादविंद्र गोमा।

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने शनिवार को नागरिक अस्पताल जयसिंहपुर में 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट के भवन का विधिवत शिलान्यास किया। इस दौरान गोमा ने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है और इस भवन के निर्माण से अस्पताल की प्रशासनिक व्यवस्था अधिक व्यवस्थित और प्रभावशाली होगी। उन्होंने कहा कि इस भवन के निर्मित होते ही यहां पर स्थाई खंड चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति कर दी जाएगी।

गोमा ने कहा कि स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर

**कहा-50 लाख से बनकर तैयार होगा भवन**

विधानसभा क्षेत्र में भी स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ किया गया है। सिविल अस्पताल जयसिंहपुर में पूरे सप्ताह अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध करवा दी गई है और तीन महीने के भीतर यहां पर अल्ट्रासाउंड की आधुनिक मशीन भी स्थापित की जाएगी।

2 महीने के भीतर यहां पर डायलिसिस यूनिट भी स्थापित की जाएगी ताकि यहां के लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके। हाल ही में ऑपरेशन थिएटर में 40 लाख रुपए की एनेस्थीसिया यूनिट को स्थापित किया गया है। इसके अतिरिक्त मंत्री ने अस्पताल के वार्डों में कर्टन इत्यादि लगाने के लिए विधायक निधि से 5 लाख रुपए देने की भी घोषणा की।

## 19 को होगा नागनी माता मेला तैयारियां पूरी करने के आदेश

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान**

**नूरपुर।** नागिनी माता मंदिर में 19 जुलाई को आयोजित होने वाले पारंपरिक एवं आस्था से परिपूर्ण जिलास्तरीय नागनी माता मेले को लेकर आज एसडीएम अरुण शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया।

एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि मेले में प्रतिवर्ष भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, अत: आवश्यक है कि सभी विभाग आपसी समन्वय से पूर्व तैयारियों को समयबद्ध रूप से पूरा करें। यह निर्णय लिया गया कि मंदिर परिसर तथा आसपास के क्षेत्र की समुचित साफ-सफाई, पीने के पानी की आपूर्ति तथा प्राथमिक चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित की जाएगी।

साथ ही, पुलिस विभाग को सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक कंट्रोल और पार्किंग व्यवस्था को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीएम ने कहा कि नागनी माता मेला क्षेत्र की आस्था का केंद्र है और इसका आयोजन सांस्कृतिक व धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। आयोजनों में प्रशासन और आम जनता के सामूहिक प्रयासों से ही सफलता मिलती है। बैठक में तहसीलदार राधिका सैनी, बीडीओ अशोक कुमार सहित आदि मौजूद रहे।

## डढम्ब स्कूल में तीन नए कमरों का शिलान्यास

**मनीष कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने राजकीय उच्च पाठशाला डढम्ब में 30 लाख रुपए की लागत से बनने वाले तीन अतिरिक्त कमरों का शिलान्यास किया।



स्कूल के कमरों का शिलान्यास करते हुए केवल पठानिया।

उन्होंने कहा कि जिला कांगड़ा के विभिन्न विद्यालयों में बच्चों के बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए लगभग 100 नए कमरों का निर्माण किया जा रहा है, जिस पर 9.50 करोड़ रुपए की राशि व्यय की जाएगी। यह निर्माण कार्य बीएसएनएल द्वारा किया जा रहा है। डढम्ब स्कूल में बनने वाले नए कक्ष आगामी चार से पांच महीनों में तैयार कर छात्रों को समर्पित कर दिए जाएंगे। उन्होंने

**100 कमरों के निर्माण पर 9.50 करोड़ खर्च होंगे**

एटीसी शाहपुर द्वारा जल संरक्षण एवं पौधारोपण जैसे विषयों पर चलाए जा रहे कार्यक्रमों की सराहना की और प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को सम्मानित किया। उन्होंने शिव फ्रेंड्स क्लब धनोटू के युवाओं द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए 50 हजार रुपए की व्यक्तिगत प्रोत्साहन राशि भी भेंट की। साथ ही, शिक्षकों से आह्वान किया कि वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का प्रयोग करें और बच्चों को इसकी जानकारी देकर उन्हें प्रतिस्पर्धी युग के लिए तैयार करें।

इस अवसर पर उन्होंने लोगों की समस्याओं को भी सुना और अधिकांश का मौके पर निपटारा करते हुए शेष को संबंधित विभागों को त्वरित करवाई हेतु भेज दिया कार्यक्रम में स्कूल के मुख्याध्यापक जयंत कुमार ने मुख्यातिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया और विद्यालय में करवाए गए विकास कार्यों के लिए केवल पठानिया का आभार प्रकट किया।

## हैप्पी बर्थडे



मतोह गांव के दक्ष बन्याल को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## विस्थापित परिवारों ने रोजगार की मांग पर किया प्रदर्शन

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**



**पठानकोट।** शाहपुरकंडी बैराज बांध विस्थापित परिवारों ने रोजगार की मांग को लेकर महिलाओं सहित 102वें दिन भी अपनी भूख हड़ताल व रोष प्रदर्शन जारी रखा। यह रोष प्रदर्शन व भूख हड़ताल बैराज बांध औसती कमेटी शाहपुरकंडी के पदाधिकारी कामरेड जसवंत संधू की देखरेख में, डैमज प्रशासन के चीफ इंजीनियर कार्यालय के बाहर चल रहा है, जिसमें आज महिलाओं ने मोर्चा संभाल कर वैनरों सहित विशाल रोष प्रदर्शन किया। आज 102वें दिन पर नीना दरंग , आशा रानी दरंग, मधू कोट, यशोदरा अदियाल व रेखा रानी मट्टी ने अपनी भूख हड़ताल जारी रखी।

**शाहपुरकंडी में चीफ इंजीनियर कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन का 102वां दिन**

विस्थापित परिवारों ने कहा कि , एक तरफ पंजाब सरकार घर-घर रोजगार देने के दावे व वादे कर रही है, वहीं पर प्रभावित परिवारों की कोई सुध नहीं ली जा रही है। उन्होंने बताया कि 15 जुलाई को चीफ इंजीनियर कार्यालय के बाहर विशाल रोष प्रदर्शन करेंगे।

## सोनाली बनी भारतीय ग्रामीण पत्रकार संघ की ब्रांड एंबेसडर

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** हिमाचल प्रदेश बैजनाथ तरेहल गांव की सोनाली शर्मा जो कि मॉडल एंड एक्ट्रेस है उनको भारतीय ग्रामीण पत्रकार संघ के राष्ट्रीय संस्थापक, अनिल कुमार गुप्ता के निर्देश पर राष्ट्रीय अध्यक्ष, विशाल कौशिक ने सोनाली शर्मा को अखिल भारतीय ग्रामीण पत्रकार संघ का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया।



सोनाली को एंबेसडर का नियुक्ती पर देते हुए।

सोनाली शर्मा के ब्रांड एंबेसडर बनाए जाने पर भारतीय ग्रामीण पत्रकार संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राजेश वर्मा, राष्ट्रीय सचिव, दीपक खोसला, बिहार प्रदेश के अध्यक्ष, अनमोल कुमार, छत्तीसगढ़ के पत्रकार, शशि कुमार देवांगन सहित कई लोगों ने बधाई देते हुए कहा कि सोनाली शर्मा के ब्रांड एम्बेसडर बनाए जाने से यह संगठन चरमोत्कर्ष पर जाएगा।

# पालमपुर में हर्षोल्लास से मनाई चंद्रधर शर्मा गुलेरी जयंती

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

हिमालयन जैव संपदा प्रौद्योगिक संस्थान पालमपुर के सभागार में हाल ही में महान साहित्यकार पं. चंद्रधर शर्मा गुलेरी की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। राज्यस्तरीय इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे डॉ. आशुतोष गुलेरी और डॉ. अदिति गुलेरी, जो गुलेरी जी के वंशज हैं। भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग की नवनियुक्त निदेशिका रीमा कश्यप और सीएसआईआर संस्थान के निदेशक सुदेश कुमार यादव ने भी समारोह की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुशील कुमार फुल ने की, जबकि वयोवृद्ध साहित्यकार गौतम शर्मा 'व्यथित' विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। पहले सत्र में गुलेरी जी के कथा-संसार पर शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। प्रो. प्रशांत रवि रमण (चंबा), डॉ. युगल किशोर डोगरा, डॉ. पीयूष गुलेरी पर हुई चर्चा विशेष आकर्षण रहीं। डॉ. डोगरा ने 'बुद्धु का कांटा' को डॉ. सुशील कुमार फुल द्वारा आगे बढ़ाए जाने को साहित्यिक उत्तरदायित्व का उदाहरण बताया।

कवयित्री आशु फुल ने प्रो. प्रशांत के सम्मान में कविता प्रस्तुत की, जिसकी मंच पर सराहना हुई। पूर्व प्रशासनिक अधिकारी प्रभात शर्मा ने गुलेरी जी की संपूर्ण कृतियों के पुस्तक रूप में प्रकाशन का सुझाव दिया। वरिष्ठ लेखिका सरोज परमार ने गुलेरी जी के जीवन पर चर्चा की आवश्यकता जताई। जाहिद अबरोल (ऊना) ने गुलेरी जयंती को राष्ट्रीय महत्व का बताया और डॉ. देवेंद्र बहल द्वारा संपादित विशेषांक को सभागार में वितरित किया। डॉ. अदिति गुलेरी ने हिमाचली साहित्य पर गुलेरी जी के योगदान को रेखांकित किया। इसके बाद डॉ. आशुतोष गुलेरी ने उनके जीवन, लेखन और शैली पर विस्तृत प्रकाश डाला। गौतम शर्मा 'व्यथित' ने गुलेरी जी को वैश्विक साहित्यकार बताते हुए प्रदेश सरकार से साहित्यकारों की कृतियों के प्रकाशन में सहयोग की अपील की। निदेशक सुदेश कुमार यादव ने संस्थान की स्थापना और गुलेरी जी के जन्म तिथि में संयोग को रेखांकित किया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. सुशील ने 'हीरे का हीरा' कहानी के पुनर्लेखन का प्रसंग साझा किया।दोपहर के दूसरे सत्र में हुए कवि सम्मेलन में द्विजेंद्र द्विज, नवनीत शर्मा, विशिष्ट अतिथि रहे। प्रमुख कवियों में दुर्गेश नंदन, राजेंद्र पालमपुरी, डॉ. प्रेम लाल गौतम, जाहिद अबरोल, शिव पंचकरण, डॉ. शिल्पी, कुंदन लाल, भूपेंद्र जमवाल आदि ने मंत्रमुग्ध किया।

## पर्यटन विकास निगम की प्रॉपर्टियों को लेकर फैलाई जा रही गलतफहमियां



**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम की प्रॉपर्टियों और ऑ एंड एम मॉडल को लेकर फैलाई जा रही गलतफहमियों को लेकर निगम के निदेशक अंबर महाजन ने कहा कि विपक्षी नेता यह दावा कर रहे हैं कि एचपीटीडीसी की प्रॉपर्टियां बेची जा रही हैं, जबकि यह बात पूरी तरह से गलत और भ्रामक है। जिन प्रॉपर्टियों की बात हो रही है, उनके लिए केवल मॉडल ऑपरेशन और मैंटीनेन्स पर विचार किया जा रहा है जिसका मतलब है कि प्रॉपर्टी का मालिकाना हक सरकार के पास ही रहेगा और सिर्फ उसका संचालन किसी एजेंसी को सौंपा जाएगा। अंबर ने कहा कि फिलहाल, एचपीटीडीसी के चेयरमैन आरएस बाली और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि इन प्रॉपर्टियों का दोबारा सर्वे कराया जाए और यह कार्य किसी पेशेवर एजेंसी द्वारा कराया जाए। उसके बाद जो निर्णय लिया जाए, वह जनता के हित को ध्यान में रखकर लिया जाए।

## कैंप में 78 लोगों ने किया रक्तदान

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान**



कैंप में रक्तदान करते हुए लोग व साथ में मौजूद हैं अन्य।

**फतेहपुर।** संत निरंकारी सत्संग भवन परिसर फतेहपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 78 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। आयोजक टीम ने बताया संत निरंकारी दिल्ली के सौजन्य से फतेहपुर में लगाए गए रक्तदान शिविर में क्षेत्र के लोगों ने हिस्सा लेते हुए 78 यूनिट रक्तदान की। रक्तदान शिविर में डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा की टीम ने रक्त एकत्रित किया।

उन्होंने रक्तदान शिविर को सफल बनाने पर जहां रक्तवीरों का आभार जताया तो वहीं उक्त शिविर में विभिन्न ड्यूटी निभा रही टीमों का धन्यवाद किया। इस मौके पर जोनल इंचार्ज कांगड़ा डॉक्टर के धीमान ने कहा कि संत निरंकारी मिशन का मुख्य उद्देश्य है मानवता को जिंदा रखना जिसके लिए समय-समय पर संत निरंकारी मिशन द्वारा कई तरह के मानवता से जुड़े कार्य किये जाते रहे हैं।

इस मौके पर मुखी फतेहपुर बीना देवी, मुखी स्थाना जोगिंद्र सिंह, मुखी धमेटा ओम प्रकाश, संचालक जीत सिंह, प्रीतम चंद, पंकज गुलेरिया सहित अन्य सेवादार भी उपस्थित रहे।

## प्रदेश विकास की दृष्टि से पूरी तरह पटरी से उतरा : त्रिलोक

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**



**पालमपुर।** भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने पालमपुर में कहा कि हिमाचल प्रदेश विकास पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार झूठी ग्रंटियों के कारण सत्ता में आई और इस गलती से प्रदेश ही नहीं बल्कि हमारा पालमपुर भी अछूता नहीं रहा है, पिछले अढ़ाई वर्ष के कुशासन में हमारा पालमपुर पूरी तरह बर्बाद हो गया है, पालमपुर में जिस प्रकार भ्रष्टाचार, परिवारवाद, भाई भतीजा बाद फैला हुआ है यह किसी से छुपा नहीं रहा है।

उन्होंने कहा कि नगर निगम पालमपुर में सीवरेज व्यवस्था के लिए केंद्र सरकार से लगभग 100 करोड़ रुपए से भी ज्यादा की राशि आई हुई है पर उसका टेंडर लगाने के बजाय पालमपुर नगर निगम के अंदर रास्तों पर टाइलें बिछाने पर पूरी तरह व्यस्त है, लेकिन सीवरेज की पाइप डालने के लिए टाइलों को उखाड़ना पड़ेगा।

पूरे प्रदेश में पालमपुर नगर निगम ही एक ऐसा विभाग है जहां पर 1 लाख से ऊपर के टेंडर ऑफलाइन करके अपने चहेतों को बांटे जा रहे हैं, नगर निगम पूरी तरह भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है। कपूर ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से सौरभ वन विहार पालमपुर एक बड़ा आकर्षण का केंद्र है लेकिन गेट के बाहर अपने चहेतों को पार्किंग फीस लेकर पर्यटकों को लूटने का कार्य करना शुरू कर दिया।

**निराशा** पर्यटन नगरी में आक्यूपेंसी घटने से कारोबारी निराश

# करीब डेढ़ माह बाद वीकेंड पर धंधा मंदा

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में करीब डेढ़ माह बाद वीकेंड पर धंधा मंदा रहने से कारोबारी निराश हैं। हालांकि धर्मगुरु दलाईलामा के 90वें जन्मदिन पर खासी भीड़ पर्यटन नगरी में उमड़ी थी, लेकिन अब धीरे-धीरे पर्यटक वापस लौटना शुरू हो गए हैं। ऐसे में होटलों में आक्यूपेंसी घटने से पर्यटन कारोबारी चिंतित नजर आ रहे हैं।



**बरसात खत्म होने के बाद पर्यटकों की आमद बढ़ने की संभावना**

जानकारी के अनुसार मई के अंतिम सप्ताह से लेकर 6 जुलाई तक पर्यटकों की खासी आमद के चलते आक्यूपेंसी अच्छी स्थिति में थी, जबकि इस वीकेंड आक्यूपेंसी 15 से 20 फीसदी तक सिमट गई है। धर्मगुरु दलाईलामा भी करीब एक माह से अधिक के प्रवास पर लेह-लद्दाख रवाना हो चुके हैं। वहीं दलाईलामा के जाने के साथ ही कई निर्वासित तिब्बती व कारोबारी भी निचले क्षेत्रों का रुख करने को मजबूर हो गए हैं, क्योंकि पर्यटकों की आमद में एकाएक कमी दर्ज की गई है।

पर्यटकों की आमद अच्छी होने से होटल कारोबारियों सहित दुकानदारों, ऑटो, टैक्सी चालकों को अच्छे कारोबार की आस रहती है, लेकिन वर्तमान में पर्यटकों की संख्या में कमी से हर कोई चिंतित है। बरसात में वैसे भी पर्यटकों का आगमन कम रहता है, ऐसे में अब बरसात खत्म होने उपरांत ही पर्यटकों की आमद बढ़ने की संभावना है।

> काफी समय उपरांत वीकेंड पर मैक्लोडगंज में पर्यटन कारोबार मंदा पड़ा है। वीकेंड पर इस बार आक्यूपेंसी 15 से 20 फीसदी के करीब दर्ज की गई है।
> -राहुल धीमान, अध्यक्ष, होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन स्मार्ट सिटी धर्मशाला

## इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती, पहले पति को छोड़ दोबारा की शादी

### अब पहले पति के पास रहना चाहती महिला

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** जयसिंहपुर की टम्बर पंचायत के मझौटी गांव के रोहित कुमार ने अपनी पत्नी पर जान से मारने के आरोप लगाए है। रोहित ने कहा कि 2021 में शिल्पा देवी नामक महिला से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। वो अपने पति से तलाक लेकर मेरे साथ रहने को कहती थी, उसके दो बच्चे भी थे।

मेरे साथ दोस्ती होने के छ: महीने बाद उसने अपने पहले पति को तलाक दे दिया व दोनों बच्चों को वहीं छोड़कर मेरे साथ मेरे घर में रहने लगी। हमने मई 2023 में मंदिर में शादी कर ली तथा पंचायत में उसका नाम भी दर्ज करवा दिया। हमारे दो बच्चे भी है। सब कुछ ठीक चलता रहा लेकिन 17 जून

**दूसरे पति ने लगाए जान से मारने की धमकी देने के आरोप**

2025 को वो घर में यह कह कर गई कि वो अपनी मां से मिलने सगूर जा रही है। उसने थाना बैजनाथ में मेरे खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज करवा दी कि मेरा पति मेरे साथ मारपीट करता है इसलिए मैं उसके साथ नहीं रहना चाहती। रोहित ने अपने स्तर पर छानबीन की तो पता चला कि वो पहले पति राजिंद्र कुमार जो कि अवेरी का रहने वाला है उसके साथ रह रही है। मुझे मेरी पत्नी व राजिंद्र कुमार धमकी दे रहे हैं कि उसने फोन किया या इस तरफ आया तो जान से मार देंगे तथा मुझसे जबरन तलाक मांग रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### नेपाली व्यक्ति से 31.24 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, रोहडू।** पुलिस थाना जुब्बल के अंतर्गत 11 जुलाई को हैड कांस्टेबल अश्वनी कुमार अपने स्टाफ के साथ निजी वाहन में सारी, हाटकोटी व पटसारी की ओर गश्त पर थे। करीब 6:45 बजे जब वह सारी के पास थली सड़क पर पहुंचे तो उन्होंने एक नेपाली व्यक्ति को देखा। उन्होंने उसे रोका और उसका नाम व पता पूछा तो वो भागने लगा। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसने अपना नाम धीरज थापा (35) निवासी नेपाल बताया। जो जुब्बल के मंढोल गांव में किसी बागवान के पास रहता है। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो धीरज थापा के कब्जे से 31.24 ग्राम चरस बरामद हुई। एसडीपीओ रोहडू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि की है।

### सुभाष मेहता बने ननखड़ी खंड के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** प्राथमिक शिक्षक संघ खंड ननखड़ी में शनिवार को प्राथमिक शिक्षक संघ के त्रैवार्षिक चुनाव संपन्न हुए। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षा खंड रोहडू, रणसार, छोहारा से आए सम्मानीय पर्यवेक्षक मौजूद रहे। इस खंड चुनाव में सुभाष मेहता को सर्वसम्मति से प्राथमिक शिक्षक संघ ननखड़ी खंड का अध्यक्ष चुना गया। जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश जिंटू, महासचिव संजीव डरेल, महालेखाकार हुक्म और बहन निशा को खंड स्तर पर सर्व सम्मति से नियुक्त किया गया। इस चुनाव प्रक्रिया में प्राथमिक शिक्षा खंड रामपुर, सराहन और कुमारसेन के अध्यक्षों ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इस चुनाव के दौरान खंड ननखड़ी के लगभग सभी शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति दी। इस मौके पर बीईईओ खंड ननखड़ी निहाल चंद निहालटा विशेष तौर पर मौजूद रहे।

# ओनम मॉडल पर होगा पुनर्विचार : सुक्खू

## हिमाचल पर्यटन विकास निगम के कर्मचारी संघ को मुख्यमंत्री का आश्वासन

**निगम की लाभ कमाने वाली संपत्तियों के निजीकरण व मुख्यालय स्थानांतरण पर होगी विस्तृत चर्चा**

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** प्रदेश पर्यटन विकास निगम ने कर्मचारी संघ के 50 से 60 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिमला में मुलाकात की। इस भेंट के दौरान, संघ ने निगम के होटलों को ऑपरेट, मेंटेन और मैनेज (ओनम) मॉडल के तहत निजी हाथों में सौंपने व निगम मुख्यालय के संभावित स्थानांतरण जैसे गंभीर मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

संघ ने मुख्यमंत्री को एक मांग पत्र सौंपा, जिसमें स्पष्ट रूप से यह आग्रह किया गया कि निगम की आय अर्जित करने वाली संपत्तियों को निजीकरण से बचाया जाए। उनका मानना है कि ऐसा कोई भी कदम सैकड़ों नियमित, दैनिक वेतनभोगी और अनुबंध कर्मचारियों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा।

सीएम सुक्खू ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि सरकार इस विषय को गंभीरता से ले रही है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि जो होटल वर्तमान में मुनाफे में हैं व जिन्हें कर्मचारी संघ आवश्यक मानता है, उन संपत्तियों के ओनम मॉडल पर पुनर्विचार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे पर आगे विस्तृत चर्चा के लिए संघ के प्रतिनिधियों को आगामी गुरुवार को पुनः मिलने का समय भी दिया है।

इस मुलाकात के दौरान, संघ ने पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली के हालिया बयान का भी हवाला दिया। बाली ने अपनी प्रेसवार्ता में स्पष्ट किया था कि सरकार की मंशा निगम को मजबूत करने की है, न कि उसे निजी हाथों में सौंपने की। उन्होंने यह भी दोहराया था कि कर्मचारी हित सर्वोपरि हैं व सरकार उनके भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है।


शिमला में मुख्यमंत्री सुक्खू से मुलाकात करते कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि।

### संघ के कर्मचारी शांतिपूर्ण तरीके से उठाते रहेंगे मांगें

**संघ** के अध्यक्ष हुक्म राम और महासचिव राज कुमार शर्मा ने सभी कर्मचारियों से एकजुट रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी संघ निगम और कर्मचारी दोनों के हितों में संघर्षरत रहेगा और अपनी मांगों को लोकतांत्रिक तथा शांतिपूर्ण माध्यम से उठाता रहेगा।

# शिमला में अब पानी की टेंशन खत्म सिर्फ एक कॉल से दूर होगी समस्या

**24×7 हेल्पलाइन शुरू नहीं लगाने पड़ेंगे दफ्तरों के चक्कर**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**शिमला** के लोगों के लिए अब पानी से जुड़ी परेशानियां इतिहास बन सकती हैं। शिमला जल प्रबंधन निगम और सूएज ने एक क्रांतिकारी कदम उठाया है, अब जल आपूर्ति से संबंधित हर सवाल और शिकायत के लिए एक खास 24×7 हेल्पलाइन नंबर 8767198000 जारी किया गया है।

यह हेल्पलाइन नंबर शहरवासियों के लिए गेम चेंजर साबित होगा। अब चाहे आधी रात हो या सुबह सवेरे, पानी न आने की शिकायत हो, लीकेज की सूचना देनी हो, या बिल से जुड़ी जानकारी चाहिए हो, बस एक फोन घुमाइए। यह सुविधा चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेगी, जिससे आपकी भागदौड़ और इंतजार दोनों खत्म होंगे।

### तकनीकी टीम आपकी सेवा में रहेगी हाजिर

**यह** सिर्फ एक हेल्पलाइन नहीं, बल्कि बेहतर सेवा का वादा है। एसजेपीएनएल और सूएज ने सुनिश्चित किया है कि कॉल सेंटर में बैठे प्रशिक्षित प्रतिनिधि आपकी समस्या को ध्यान से सुनेंगे, उसे रिकॉर्ड करेंगे और तत्काल कार्रवाई के लिए सही टीम तक पहुंचाएंगे। यह पहल न केवल व्यवस्था में पारदर्शिता लाएगी, बल्कि हर नागरिक की बात सुनी जाएगी और समय पर समाधान मिलेगा।

### समस्या पर डायल करें व पाएं सहायता

**शिमला** के सभी निवासियों से अनुरोध किया है कि पानी से संबंधित किसी भी मुद्दे के लिए अब सीधे 8767198000 पर संपर्क करें। यह आपकी अपनी सुविधा है, इसका पूरा लाभ उठाएं।

# एसएफआई ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों में छात्रों को बांटी 300 शैक्षणिक किट


आपदाग्रस्त क्षेत्रों में आवश्यक शैक्षणिक सामग्री प्रदान करते कामरेड अनिल व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**राज्य** कमेटी की स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेशाध्यक्ष कॉमरेड अनिल ठाकुर के नेतृत्व में मंडी जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्र थुनाग, पांडवशीला, लंबाथच और जंजैहली का दौरा किया। इस मानवीय पहल में एसएफआई की स्थानीय लंबाथच इकाई के सदस्य भी सक्रिय रूप से शामिल रहे, जिन्होंने जमीनी स्तर पर राहत प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

शिमला से जारी बयान में प्रतिनिधिमंडल अपने साथ स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई 300 शैक्षणिक किट लेकर गया था, जिनमें कॉपी, पेन और पेंसिल जैसी आवश्यक सामग्री शामिल थी। इन किटों का वितरण आपदा प्रभावित क्षेत्रों के छात्रों को किया गया, ताकि शिक्षा की निरंतरता सुनिश्चित की जा सके, जिसे एसएफआई इस कठिन समय में अत्यंत महत्वपूर्ण मानता है।

### आम जनता से की एकजुट होकर सहयोग करने की अपील

**राज्य** कमेटी ने सभी नागरिकों से एकजुट होकर आपदा पीड़ितों की मदद के लिए आगे आने, राहत कार्यों में सहयोग करने और प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने का आह्वान किया।

# एलआर वर्मा खो-खो संघ के अध्यक्ष बने

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, सुन्नी।** शिमला जिला खो-खो संघ के चुनाव पर्यवेक्षक पवन ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष खो-खो संघ एवं पर्यवेक्षक बलबीर सिंह, युवा सेवा एवं खेल विभाग, पर्यवेक्षक ईश्वर रोहाल, शिमला जिला ऑलम्पिक संघ एवं निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार ठाकुर एडवोकेट उच्च न्यायालय शिमला की उपस्थिति में घनाहटी में सम्पन्न हुए। इस चुनाव में राज्य खो-खो संघ की नई कार्यकारिणी सर्वसम्मति से आगामी चार वर्षों के लिये गठित की गई। कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद के लिए एलआर वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए सुभाष सोनी, उपाध्यक्ष नरेश पाल,दीपक शर्मा, रतन लाल, नीरज ठाकुर, महासचिव वीर चन्द, संयुक्त सचिव हंस राज, ईश्वर रोहाल, हेत राम, विशाल ठाकुर, तकनीकी सलाहकार जानकी दास, कोषाध्यक्ष सरोज, ऑडिटर कमल किशोर, उमेश कुमार, दलीप सिंह, संगठन सचिव तारा देव शर्मा,कार्यालय सचिव राकेश बिष्ट, प्रैस सचिव हितेन्द्र शर्मा, एथलिट कमिश्न रोहित वर्मा को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया।

# भाजपा नेता कौल सिंह ने फॉरवर्डिंग एजेंट मुद्दे पर घेरी कांग्रेस सरकार


भाजपा नेता कौल सिंह नेगी ने रामपुर में प्रेसवार्ता करते हुए व साथ में हैं अन्य कार्यकर्ता।

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** आर्थिक तंगी की मार झेल रही प्रदेश सरकार आम बागवानों पर नए-नए नियम थोपकर अपना वित्तीय ढांचा मजबूत करने की जुगत में है। लेकिन फॉरवर्डिंग लाईसेंस के बदले सेलर बॉयर एजेंट का नया फरमान किसी भी लिहाज से आम बागवान के हित में नहीं है। यह बात भाजपा नेता कौल सिंह नेगी ने रामपुर में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सेब की फॉरवर्डिंग करने वाला व्यक्ति कभी भी क्रय विक्रय एजेंट के तौर पर कार्य नहीं करता है। ऐसे में सरकार बिना समझे आम बागवानों पर तुगलकी फरमान थोप रही है। जुलाई माह में ऊपरी शिमला में सेब सीजन शुरू हो जाता है। इसी बीच प्रदेश सरकार ने ये नियम लागू कर दिया कि इस बार फॉरवर्डिंग लाईसेंस नहीं बनेंगे।

कौल सिंह ने कहा कि मौजूदा सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ सेवाओं को बिगाड़ने में जुटी हुई है। पहले रामपुर में 14 आयुर्वेदिक डिस्पेंसरियों को बंद करने का फरमान जारी किया जाता है और कुछ दिनों के बाद उसे होल्ड कर दिया जाता है। ऐसे में साफ है कि जिस तरह से मौजूदा सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल बंद किए हैं उसी तरह से अब स्वास्थ्य इकाइयां बंद की जाएगी। इस मौके पर नरेश चौहान, महेंद्र जैन, जियालाल लंबरदार व चेतन पाकला मौजूद रहे।

# कबड्डी स्पर्धा में सरस्वती विद्या मंदिर चिड़गांव प्रथम

## एसवीएम समोली में जिला स्तरीय तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान**

**रोहडू।** हिमाचल शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर की जिला स्तरीय तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता सरस्वती विद्या मंदिर समोली में संपन्न हुई। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर एसडीएम रोहडू धर्मेश रमोत्रा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से खेल को अनुशासन के साथ खेलने की प्रेरणा दी। प्रतियोगिता के समापन समारोह के अवसर पर वन विभाग से सेवानिवृत्त रैंज अधिकारी बसंत लाल चौहान बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेता रही टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

खेलकूद प्रतियोगिता में रोहडू खंड ओवरआल विजेता रहा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अंडर-11 छात्र कबड्डी में सरस्वती विद्या मंदिर चिड़गांव ने प्रथम व कमलानगर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-11 छात्रा कबड्डी में सरस्वती विद्या मंदिर जांगला ने प्रथम व बडागांव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 छात्र कबड्डी में सरस्वती विद्या मंदिर गंगटोली ने प्रथम व नेरवा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

अंडर-14 छात्रा कबड्डी में सरस्वती विद्या मंदिर समोली प्रथम व विकासनगर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 छात्र कबड्डी में सरस्वती विद्या मंदिर समोली ने प्रथम व कमलानगर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 छात्रा कबड्डी में सरस्वती विद्या मंदिर समोली ने प्रथम व कमलानगर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-11 छात्र खो-खो में सरस्वती विद्या मंदिर धामी ने प्रथम व सरस्वती विद्या मंदिर नगर परिषद रोहडू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा खो-खो में सरस्वती विद्या मंदिर नगर परिषद रोहडू ने प्रथम व शनान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 छात्र खो-खो में सरस्वती विद्या मंदिर चिड़गांव ने प्रथम व धामी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा खो-खो में सरस्वती विद्या मंदिर चिड़गांव ने प्रथम व शनान ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 छात्र खो-खो में सरस्वती विद्या मंदिर शनान ने प्रथम व चिड़गांव ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।


विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि एसडीएम रोहडू।

# एनटीपीसी कोलडैम में बालिका सशक्तिकरण अभियान शुरू



एनटीपीसी कोलडैम में कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान उपस्थित मुख्यातिथि और साथ में मौजूद हैं बच्चे।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

एनटीपीसी लिमिटेड की नैगम सामाजिक दायित्व गतिविधियों के अंतर्गत पूरे देश में फैले एनटीपीसी स्टेशनों में हर वर्ष बालिका सशक्तिकरण अभियान चलाया जाता है। इसी कड़ी में, एनटीपीसी कोलडैम में आज इस अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार और एडीसी ओमकांत ठाकुर ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में डीएवी स्कूल और एनटीपीसी कोलडैम बाल भवन के बच्चों द्वारा बालिका शिक्षा और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर सुंदर प्रस्तुतियां दी गईं। राहुल कुमार ने ग्रामीण बालिकाओं के सर्वांगीण विकास हेतु एनटीपीसी कोलडैम द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इसे सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति संस्था की गंभीर प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे राष्ट्रीय अभियान को सशक्त रूप से आगे बढ़ाने में एनटीपीसी कोलडैम की भूमिका की प्रशंसा की। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर ने अपने वक्तव्य में बताया कि यह अभियान किस प्रकार आसपास के क्षेत्र की बालिकाओं के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित कर रहा है।

यह कार्यक्रम 12 जुलाई से 8 अगस्त 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान रेखा ठाकुर अध्यक्षा संगिनी संघ, डीसी सीआईएसएफ अजय बाली, मानव संसाधन प्रमुख श्री उमेश कुमार सभी विभागाध्यक्ष, कर्मचारीगण एवं सहयोगी उपस्थित रहे।

**डीसी और एडीसी ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन**

# डिजास्टर मैनेजमेंट कमेटी ने भरे गड्ढे

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में डिजास्टर मैनेजमेंट कमेटी द्वारा गड्ढों को भरने का कार्य किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल ने कहा कि महाविद्यालय में प्रथम जुलाई से नया सत्र शुरू हो गया है।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों को सेफ रखना हमारा दायित्व है इसलिए किसी भी विद्यार्थी के साथ कोई अनहोनी न हो जाए इसी को मद्देनजर रखते हुए हमने भौतिक विज्ञान के बाहर गड्ढों को प्राथमिकता के आधार पर ठीक करवाने का कार्य किया गया उनके कारण दीवार गिरने का भय था । उन्होंने कहा कि विद्यार्थी हमारे देश का भविष्य है उन्हें सुरक्षा प्रदान करना हमारा पहला कर्तव्य है इसी कारण डिजास्टर मैनेजमेंट कमेटी को जैसे ही सूचना दी गई। उन्होंने इसे प्रमुखता दी और उनके समन्वयक और मेंबर्स ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर तुरंत उसको ठीक किया । डिजास्टर मैनेजमेंट कमेटी द्वारा आज यह कार्य पूरा किया गया।

# लापरवाही से गई जान, बेटे ने लगाई जांच की गुहार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही का एक और मामला सामने आया है, जहां समय पर इलाज न मिलने से घुमारवीं के मदन लाल की जान चली गई। परिजनों ने इसे विभागीय उदासीनता बताया है और मामले की जांच की मांग की है।

मृतक के बेटे देवांश गौतम ने बताया कि 2 जुलाई की शाम 5:15 बजे उनके पिता की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें पंजगाई अस्पताल ले जाया गया। वहां सिर्फ एक स्टाफ नर्स थी, जिसने फोन पर डॉक्टर से बात कर इलाज शुरू किया, लेकिन हालत बिगड़ती गई।

6:05 बजे 108 पर कॉल किया गया, लेकिन डॉक्टर से बात करवाने की शर्त रखी गई। करीब 6:10 बजे डॉक्टर पहुंचीं, पर उन्होंने मरीज को दरवाजे से ही देखकर वापस लौट गईं। इसके बाद मरीज को रीजनल अस्पताल बिलासपुर रेफर किया गया। देवांश के मुताबिक, रास्ते में मरीज को ऑक्सीजन दी गई, लेकिन अस्पताल पहुंचते ही चालक ने सप्लाई हटा दी। अंदर ले जाने पर स्टाफ ने कहा कि सिलेंडर खोलने वाला चपरासी ड्यूटी पर नहीं है। ऑक्सीजन चालू करने में देरी हुई और मरीज की स्थिति बेहद नाजुक हो गई।

देवांश का आरोप है कि उन्होंने सी पी आर देने की अपील की, पर कोई आगे नहीं आया। अंततः जब डॉक्टर आईं, तो उन्होंने सी पी आर दिया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और शाम 7:10 बजे उनके पिता की मौत हो गई।

उन्होंने इस लापरवाही को 'अमानवीय' बताया और सरकार से मांग की कि इस घटना की निष्पक्ष जांच हो तथा आपातकालीन सेवाओं में सुधार किया जाए।

इस बारे में बिलासपुर क्षेत्रीय अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यदि परिजन लिखित में शिकायत देते हैं, तो विभागीय जांच की जाएगी।

### यूथ रेडक्रॉस यूनिट के लिए करवाया प्रशिक्षण कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में राज्य रेडक्रॉस हिमाचल प्रदेश एवं जिला रेडक्रॉस शाखा बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में यूथ रेडक्रॉस यूनिट के 50 स्वयंसेवकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी सहायता देने हेतु सशक्त बनाना, उन्हें जीवन रक्षक तकनीकों से परिचित कराना तथा रेडक्रॉस के मूल सिद्धांतों व कार्यप्रणाली की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कटवाल द्वारा यूथ रेड क्रॉस वाटिका में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए किया गया। इस अवसर पर यूथ रेड क्रॉस समन्वयक डॉ. भूपेंद्र जसवाल, डॉ. अनुप्रिया, डॉ. अजीत, प्रो. घनश्याम, डॉ. जामवाल और डॉ. चंदेल की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### प्रयास संस्था घर-द्वार लगाएगी मेडिकल कैंप

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** प्रयास संस्था के संयोजक राम कृष्ण ने बताया की झंडुत्ता विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत 14 जुलाई को ग्राम पंचायत सनीहरा के गांव जरलू 15 जुलाई को ग्राम पंचायत डूडियां के बौंखा में, 16 जुलाई को ग्राम पंचायत सलवाड़ के गांव बल्ह चलोग में, 17 जुलाई को ग्राम पंचायत कलोल के गांव बकैंन में, 18 जुलाई को ग्राम पंचायत सनीहरा के गांव मझेड़ में, और 19 जुलाई को ग्राम पंचायत पपलोआ के गांव कोट में मैडिकल कैंप आयोजित किए जाएंगे इन मैडिकल कैंप में डॉक्टर द्वारा निशुल्क चिकित्सा एवं निशुल्क दवाइयों के टेस्ट भी किए जाएंगे ।

### पंद्रह साल पुराने निजी वाहनों पर न लगे रोक

**अनंत ज्ञान, घुमारवी।** अखिल भारतीय हिमाचल सामाजिक संस्था संघ (पंजी.), दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष केएम लाल ने केंद्र सरकार से अनुरोध है कि कमर्शियल वाहनों पर रोक लगाना उचित है लेकिन निजी वाहनों के चलन पर रोक लगाना और निजी वाहनों को इम्पाउंड करना तर्क संगत नहीं है। जहां कमर्शियल वाहन दिन रात चलाए जाते हैं वहीं पर प्रायः देखा गया है कि निजी वाहन प्रतिदिन, एक सीमित समय तक ही चलाए जाते हैं। निजी वाहनों पर रोक से आम आदमी की आर्थिकता पर कुठाराघात माना जाएगा। पंद्रह साल के कमर्शियल वाहन प्रदूषण का कारण ही सकते हैं, लेकिन निजी वाहन इस समस्या से कोसों दूर हैं । सरकार को उद्योगपतियों के बजाय आम जनता के हित में इस विषय पर पुनः विचार कर, निजी वाहनों के चलन पर लगाई गई रोक को तुरंत हटा दिया जाना चाहिए।

### सेवानिवृति सैनिकों को दी सुविधाओं की जानकरी

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश वैटरन सैनिक कल्याण एवं विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष व एक्स सर्विसमैन सैनिक लीग बिलासपुर के अध्यक्ष वैटरन कैप्टन बालक राम शर्मा ने बताया कि आयोजित की गई । मीटिंग एक्स सर्विसमैन लीग बिलासपुर के अध्यक्ष कैप्टन बालक राम शर्मा की अध्यक्षता में सर्किट हाउस बिलासपुर में हुई। इस मीटिंग का मुख्य उद्देश्य भूतपूर्व सैनिकों और वीर नारियां सैनिक परिवारों के लिए उनको अपने हक के लिए जागरूक करना था। वहीं बालक राम शर्मा ने सैनिकों के डीएसपी अकाउंट सहित मार्क की देखरेख और सेवानिवृत्ति सैनिकों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जागरूक किया।

### बिलासपुर क्रिकेट एसोशिएशन भरेगी 100 सीटें

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोशिएशन के तत्वावधान में बिलासपुर के लुहणु खेल परिसर एवं क्रिकेट मैदान में चल रही क्रिकेट अकेडमी 13वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। शनिवार को क्रिकेट अकेडमी के लिए ट्रायल का आयोजन चेयरमैन मोहेंद्र चंदेल की रहनुमाई में किया गया, जिसमें करीब 200 बच्चों ने क्रिकेट अकेडमी का हिस्सा बनने के लिए पसीना बहाया। क्रिकेट एक्सपर्टस द्वारा सभी बच्चों की प्रतिभा को जांचा गया। आगामी सोमवार को चयनित क्रिकेटरों की घोषणा की जाएगी। इस अकेडमी में 100 सीटों के लिए बच्चों ने ट्रायल दिया, जिसमें बीस लड़कियों के लिए सीटें आरक्षित थीं। बिलासपुर क्रिकेट संघ के सचिव विशाल जगोता ने कहा कि अनुराग ठाकुर के प्रयासों से अकेडमी फलीभूत हो रही है।

### राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन की बैठक संपन्न

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, बिलासपुर सदर की बैठक ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश चंदेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से ठाकुर हीरा पाल सिंह ने भाग लिया, जो हिमाचल प्रदेश नशा निवारण समिति के सदस्य और संगठन के राज्य सह-संयोजक हैं। बैठक में आगामी पंचायत और नगर निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर रणनीति तय करने पर चर्चा हुई। साथ ही, हाल ही में आपदा से हुए नुकसान को देखते हुए संगठन ने अपने सभी पदाधिकारियों से मुख्यमंत्री राहत कोष में योगदान देने की अपील की। ठाकुर हीरा पाल सिंह ने बताया कि 15 जुलाई के बाद संगठन की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनील पवार की अगुवाई में मुख्यमंत्री को आपदा राहत हेतु चेक सौंपा जाएगा।

# आपदा प्रभावितों की सभी अपने सामर्थ्यनुसार करें मदद : वंदना

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

मंडी में आई जल त्रासदी से सैकड़ों परिवार बेघर हो गए हैं। लोगों का बहुत ज्यादा जानी और माली नुकसान हुआ है। ऐसे में सभी लोगों को मानवता के तौर पर अपनी सामर्थ्यनुसार सहायता के लिए आगे आना चाहिए।

जिले की ग्राम पंचायत डोभा की पूर्व प्रधान वंदना देवी ने यह बीड़ा उठाया है तथा अब तक रसोई घर में प्रयोग होने वाला सामान राहत के तौर पर प्रभावित इलाकों में भेजा है। वंदना देवी ने बताया कि उन्होंने अपने धर्मी लोगों के साथ मिलकर मानवता की सेवा को ध्येय मानते हुए जय माता दी लंगर कमेटी का गठन किया है, जिसमें न सिर्फ जिला बल्कि प्रदेश के अलग.अलग क्षेत्रों से लोग जुड़े हैं। यह सभी सदस्य वित्तिय और अन्य सहायता करते हैं।

उन्होंने बताया कि जल प्रलय से उभरने के लिए वहां के बाशिंदों को अभी बहुत समय लगेगा, ऐसे में व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए हर प्रदेशवासी का कर्तव्य बनता है कि वह अपने स्तर पर कुछ न कुछ मदद ऐसे परिवारों की करें जो इस बाढ़ में सब कुछ गंवा चुके हैं।

वंदना देवी ने बताया वे पीड़ित मानवता की सेवा के सदैव तत्पर रहते हैं। एम्स में लंगर व्यवस्था में सहयोगए बीमार लोगों के ईलाज के लिए मदद आदि उनकी कार्यशैली में शुमार है।


सहायता भेजने के दौरान वंदना।

**योगदान** हवलदार राजकुमार की पुण्यतिथि पर लगाया रक्तदान शिविर

# बलिदान को समर्पित एक प्रेरणादायक पहल


रक्तदान शिविर में शहीद के परिवार को सम्मानित करते संस्था के संस्थापक पवन व अन्य।

**नेहा मानव सेवा सोसायटी ने कैंप लगाकर दी श्रद्धांजलि**

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले हवलदार राजकुमार की पुण्यतिथि पर आज लुहारवीं स्थित संतोषी एवं मां संतोषी आईटीआई में नेहा मानव सेवा सोसायटी घुमारवीं द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

यह आयोजन समाज में देशभक्ति, सेवा और बलिदान की भावना को समर्पित एक प्रेरणादायक पहल रहा। सोसायटी के संस्थापक पवन बरूर ने बताया कि यह रक्तदान शिविर शहीद राजकुमार की स्मृति में आयोजित किया गया ताकि युवाओं को उनके बलिदान से प्रेरणा मिले और वे समाज के लिए सकारात्मक योगदान देने की भावना से ओतप्रोत हों। पवन बरूर ने भावुक होकर कहा, शहीद राजकुमार ने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर किए, और आज उनका परिवार भी उसी भावना के साथ समाज की सेवा में जुटा है यह हम सभी के लिए गर्व और प्रेरणा की बात है। शिविर में क्षेत्र के दर्जनों युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।

स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी, शिक्षक और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रक्त संग्रहण की व्यवस्था संभाली और यह सुनिश्चित किया कि हर रक्तदाता को उचित देखभाल मिले।

# भाकपा का राज्य स्तरीय सम्मेलन आरंभ

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** भाकपा के दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ, जिसमें पूर्व विधायक एवं किसान सभा के प्रदेशाध्यक्ष केके कौशल, राज्य सचिव परवेश चंदेल एवं कामरेड भाग सिंह सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर भाकपा द्वारा केंद्र सरकार की श्रम विरोधी नीतियों, भ्रष्टाचार तथा महंगाई के विरोध में रैली निकाली।

इस अवसर पर पूर्व विधायक केके कौशल एवं परवेश चंदेल ने कहा कि केंद्र सरकार की श्रम विरोधी नीतियों ने मजदूर वर्ग का शोषण करने में कोई कसर नहीं छोडी है। बल्कि भ्रष्टाचार तथा बढ़ती महंगाई ने आम आदमी का जीना मुश्किल कर दिया है। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार अपने चुनावी वादे को पूरा नहीं कर पाई है। बल्कि मिड-डे मिल, आंगनबाड़ी कर्मचारियों तथा अन्य कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। इस सम्मेलन में इन सभी मुद्दों पर चर्चा होगी।

### कूड़ा संयंत्र की समस्या पर एक्शन मोड में चंबा सदर विधायक नीरज नैय्यर

# नगर परिषद को हर दिन भरना पड़ता है जुर्माना, जल्द तलाशनी होगी नई जगह

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चंबा** शहर के पक्का टाला मोहल्ले में कूड़ा संयंत्र की समस्या अब विकराल रूप लेने लगी है। सदर चंबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज नैय्यर स्वयं मौके पर पहुंचे और क्षेत्रीय नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने मौके का निरीक्षण करते हुए माना कि यह केवल एक स्थानीय नहीं, बल्कि पूरे शहर से जुड़ा हुआ पर्यावरणीय और सार्वजनिक स्वास्थ्य का बड़ा मुद्दा है।

विधायक नैय्यर ने स्पष्ट किया कि चंबा नगर परिषद के पास फिलहाल कचरे के निष्पादन के लिए कोई उचित डंपिंग साइट नहीं है। नतीजतन, हर दिन नगर परिषद को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को जुर्माना भरना पड़ता है। उन्होंने चेताया कि अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं निकाला गया, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

विधायक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वैकल्पिक स्थानों की पहचान प्राथमिकता पर की जाए और वहां पर वैज्ञानिक तरीके से एक नया कूड़ा संयंत्र विकसित किया जाए, जिससे न सिर्फ क्षेत्र की स्वच्छता बनी रहे, बल्कि पर्यावरण प्रदूषण पर भी नियंत्रण लगाया जा सके। स्थानीय लोगों ने बताया कि गंदगी और बदबू के कारण उनका जीना दूभर हो गया है। खुले में फेंके जा रहे कचरे से मच्छरों और बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। नागरिकों ने विधायक के मौके पर पहुंचने को सकारात्मक कदम बताया और उम्मीद जताई कि इस बार समस्या को स्थायी हल मिलेगा।


विधायक नीरज नैय्यर ने कूड़ा संयंत्र की समस्या को सुनने के बाद अधिकारियों को वैकल्पिक स्थानों की पहचान प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए।

विधायक नैय्यर ने आश्वासन दिया कि वह स्वयं इस मुद्दे की निगरानी करेंगे और जिला प्रशासन के साथ मिलकर जल्द से जल्द इसका समाधान सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि यह जनता की प्राथमिक जरूरतों में से एक है और किसी भी हाल में इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

## टीसी सावन व दिव्या को मिला श्रीश्री पन्ना लाल जैन पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा के प्रख्यात साहित्यकार दंपति व क्लासिक एरा पब्लिकेशन के संस्थापक टीसी सावन और उनकी साहित्यकार पत्नी दिव्या को उनके उत्कृष्ट साहित्यिक योगदान के लिए 2025 का श्रीश्री पन्ना लाल जैन पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें मध्य प्रदेश शासन एवं महर्षि वाल्मीकि आश्रम उज्जैन की ओर से 12 जुलाई को एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। पुरस्कार समारोह में संत नवीन नाथ जी महाराज, संत विक्रम नाथ जी महाराज, तथा संत उमेश नाथ जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने स्वयं मंच से सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न एवं शॉल भेंट कर इस साहित्यकार दंपति को सम्मानित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने टीसी सावन और दिव्या बदली द्वारा हिंदी साहित्य, बाल साहित्य, सामाजिक विमर्श और सांस्कृतिक जागरूकता के क्षेत्र में किए गए कार्यों की भूरि-भूरि सराहना की। क्लासिक एरा पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित रचनाओं ने नई पीढ़ी को साहित्य से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई है।

### मणिमहेश यात्रा से पहले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विधायक की पहल

# चौरासी मंदिर समूह के पवित्र तालाब 'कुफरी' को करवाया जा रहा खाली

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**पांगी-भरमौर** विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. जनकराज ने मणिमहेश यात्रा से पूर्व एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए चौरासी मंदिर समूह स्थित पवित्र तालाब 'कुफरी' को श्रद्धालुओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए खाली करवाने की प्रक्रिया शुरू करवा दी है। यह कार्य तीर्थयात्रियों को किसी भी संभावित जैविक खतरे से बचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

डॉ. जनकराज ने बताया कि कुफरी तालाब को खाली करवाने के बाद जल स्त्रोतों की सूक्ष्मजैविकी (माइक्रोबायोलॉजिकल) जांच करवाई जाएगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जल में किसी प्रकार का जैविक प्रदूषण तो नहीं है। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों से कुफरी में जैविक संदूषण की संभावनाएं व्यक्त की जाती रही हैं, जिसे ध्यान में रखते हुए यह कदम एहतियात के तौर पर उठाया गया है। यह तालाब मणिमहेश यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के स्नान और पूजन का प्रमुख केंद्र होता है। ऐसे में इसकी शुद्धता और स्वच्छता सुनिश्चित करना आस्था के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिहाज़ से भी अत्यंत आवश्यक है। इस सराहनीय पहल के लिए स्थानीय श्रद्धालुओं और धार्मिक संगठनों ने विधायक डॉ. जनकराज का आभार प्रकट किया है। उन्होंने आशा जताई कि यह कदम यात्रा को और भी अधिक सुरक्षित और पवित्र बनाने में सहायक सिद्ध होगा।


चौरासी मंदिर समूह स्थित पवित्र तालाब 'कुफरी' को श्रद्धालुओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए खाली करवाते विधायक डॉ. जनकराज।

# पांगी में एचआरटीसी की बस में लगी आग



**चालक की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा**

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**पांगी** घाटी के कुमार पंचायत क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब हिमाचल पथ परिवहन निगम की एक बस में अचानक आग लग गई। हालांकि, बस चालक की तत्परता और समझदारी ने एक बड़े हादसे को टलने से बचा लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही बस कुमार पंचायत के समीप पहुंची, उसके इंजन से अचानक धुआं उठने लगा। स्थिति को गंभीर होता देख चालक ने तुरंत बस को रोका और यात्रियों को शांतिपूर्वक बाहर निकलने का निर्देश दिया। सभी यात्री सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे। कुछ ही पलों बाद बस में आग ने विकराल रूप ले लिया और देखते ही देखते पूरा वाहन धू-धू कर जलने लगा।

गनीमत यह रही कि किसी भी यात्री को शारीरिक क्षति नहीं पहुंची और सभी सुरक्षित हैं। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में आग लगने के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है, लेकिन तकनीकी खामी की आशंका जताई जा रही है।

# अंतरराज्यीय बस स्टैंड चंबा बना कचरे का अड्डा

### सैकड़ों लोग दिखा रहे हैं लापरवाही, जिम्मेदारी से कोसों दूर जनता की सोच

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित अंतरराज्यीय बस स्टैंड चंबा, जिसे हाल ही में जिला प्रशासन द्वारा और भी सुंदर और आकर्षक बनाने के लिए सजाया गया था, आज लापरवाह नागरिकों की वजह से गंदगी और अव्यवस्था का प्रतीक बनता जा रहा है।

कुछ ही दिन पहले प्रशासन ने इस बस अड्डे की दीवारों पर सुंदर वाल पेंटिंग्स बनवाई थीं, जिनमें चंबा की लोक संस्कृति, पारंपरिक वेशभूषा, ऐतिहासिक धरोहरों और प्राकृतिक सौंदर्य को दर्शाया गया। इन कलाकृतियों के माध्यम से संदेश दिया गया कि यह बस स्टैंड सिर्फ एक यात्री स्थल नहीं, बल्कि चंबा की पहचान और गौरव का प्रतीक है।

लेकिन दुर्भाग्यवश, जनता इस सुंदरता और भावना को समझने में पूरी तरह विफल रही है। जगह-जगह फैला कचरा, खुले में फेंके गए प्लास्टिक पैकेट्स, खाने-पीने का सामान, और गंदगी यह दिखाते हैं कि नागरिक अपनी जिम्मेदारियों से कितने दूर हैं।


अंतरराज्यीय बस स्टैंड चंबा में जगह-जगह फैला कचरा।

प्रशासन की ओर से बस स्टैंड परिसर में कूड़ेदान लगाए गए हैं और सफाईकर्मी प्रतिदिन श्रमपूर्वक सफाई करते हैं, फिर भी सैकड़ों लोग हर दिन नियमों को ताक पर रखकर खुले में कचरा फेंकते हैं। स्थानीय दुकानदारों और यात्रियों का कहना है कि जब तक लोगों की मानसिकता नहीं बदलेगी, तब तक किसी भी प्रकार की सुविधाएं या प्रशासनिक कोशिशें व्यर्थ जाती रहेंगी। एक दुकानदार ने निराशा जताते हुए कहा, 'दीवारों पर चंबा की संस्कृति दिखाई जा रही है, और नीचे गंदगी का ढेर इससे बड़ा विरोधाभास क्या हो सकता है?' यह हालत न केवल स्थानीय लोगों के लिए शर्मनाक है, बल्कि बाहर से आने वाले पर्यटकों पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती है। जिस बस स्टैंड को चंबा की सांस्कृतिक आत्मा का केंद्र माना जा रहा था, वह आज एक गंदे अड्डे का रूप ले रहा है। अब वक्त है सोच बदलने का दीवारों पर बनी चंबा की तस्वीरें तभी सार्थक होंगी जब जमीन पर भी सफाई और संस्कृति का वही सम्मान दिखे।

## आपदा प्रभावितों के लिए चंदा जुटा रहे एनएसएस के स्वयंसेवी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय महाविद्यालय मंडी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवियों ने मिशन सेवा फॉर सराज अभियान शुरू किया है। सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक सेवा की भावना लिए स्वयंसेवी आपदा में बेघर लोगों के लिए चंदा जुटा रहे हैं। शुरुआत कॉलेज परिसर से की थी। पहले दिन 29 हजार रुपये जुटाए थे।

दूसरे दिन मंडी शहर में चंदा जुटा रही वंशिका, अभिषेक, भारती, मनीषा, तमन्ना शर्मा, प्रियांशी, पंकज, सवित्री और अतुल आदि ने बताया कि व्यापारियों का काफी सहयोग मिल रहा है। अपनी जरूरत के अनुसार व्यापारी और लोग दान दे रहे हैं। दूसरे दिन स्वयंसेवियों ने कुल 53 हजार रुपये जुटा लिए हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को कॉलेज के स्वयंसेवियों का दल सराज जाएगा, वहां पर आपदाग्रस्त इलाकों में जरूरतमंद लोगों की मदद की जाएगी। एनएसएस प्रभारी अशोक ने बताया कि इकट्ठा किए जा रहे दान को आगे प्रभावितों तक प्रशासन के माध्यम से पहुंचाया जाएगा।

# चंबा वाला ट्रैवलर की 9 दिन की पैदल यात्रा बनी प्रेरणा का स्रोत

**अनंत ज्ञान, धरवाला**




**मकलवानी के युवक ने की 250 किलोमीटर की पैदल यात्रा**

**सोशल मीडिया में रास्ते की वीडियो अपलोड कर अर्निंग भी हुई शुरू**

**चंबा** वाला ट्रैवलर चूहड़ू राम पुत्र सेरो गांव मकलवानी डाकघर टिकरीगढ़ जिला चंबा ने मात्र 9 दिनों में 250 किलोमीटर की पैदल यात्रा अकेले तय की। जिसमें भरमौर का 84 मंदिर व भरमाणी माता मंदिर व उसके बाद कार्तिक स्वामी मंदिर कुगती व उसके बाद मणिमहेश यात्रा घर से पैदल तय की। इस दौरान रास्ते में उसने बहुत से वीडियो भी अपलोड किए, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया।

चंबा वाला ट्रैवलर का कहना है कि वह जब घर से निकला था मात्र गिने-चुने उसके फॉलोअर थे, लेकिन 9 दिनों में लाखों लोगों ने उनकी वीडियो को पसंद किया। इनका कहना है कि इस यात्रा ने उनकी जिंदगी बदलकर रख दी है। इस यात्रा से पहले मात्र 1300 फॉलोअर इनके थे, लेकिन इस 9 दिन की यात्रा में लोगों का इतना प्यार मिला उनकी बहुत सी वीडियो मिलियन में गई है। जहां से इन्हें अर्निंग भी शुरू हो चुकी है। इसे यह भोले शंकर का आशीर्वाद मानते हैं। वह इस दौरान अपने सोशल मीडिया दर्शकों का धन्यवाद भी किया जिन्होंने इतना भरपूर प्यार इस दौरान दिया।

# परमात्मा की प्राप्ति होता है मनुष्य जीवन का परम उद्देश्य : डॉ. वंदना

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान**

**डलहौजी।** निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से पूरे देश में महिला संत समागमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में निरंकारी सत्संग भवन, बनीखेत में जिला स्तरीय भव्य महिला संत समागम का आयोजन किया गया। इस संत समागम में चंबा जोन की सभी शाखाओं से महिलाएं उपस्थित रही। इस समागम में प्रचार टुरु प्रोग्राम में आई हुई केंद्रीय प्रचारक बहन डॉक्टर वंदना कपूर ने सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज का शुभ संदेश प्रदान किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन का परम उद्देश्य परमात्मा की प्राप्ति होता है और प्रभु परमात्मा की प्राप्ति कोई असंभव कार्य नहीं है। इसके लिए पूर्ण सतगुरु की शरण में जाना होता है और



अपनी जिज्ञासा प्रकट करनी होती है। साधु की संगत जीवन में बदलाव लाती है, खुशहाली लाती है और दुख दूर होते हैं। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज जी ब्रह्म ज्ञान देकर पूरे मानव जगत को सुखी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस आध्यात्मिकता की ज्योति से भगत का दृष्टिकोण बदलता है। और उसके जीवन में सकारात्मक सोच एवं विशालता आती है। इस दिव्य रोशनी द्वारा घट घट में समाहित परमात्मा को देखा जा सकता है। इसके सकारात्मक प्रभाव से जीवन में प्रेम, मिलबर्तन, भाईचारे की भावना का संचार होता है और मनुष्य में व्यापत सभी प्रकार के नकारात्मक भाव जैसे वैर, नफरत लोभ लालच इत्यादि दूर हो जाते हैं। इस अवसर पर जोनल इंचार्ज महात्मा दुनी चंद विशेष रूप से उपस्थित रहे। व डलहौजी शाखा के संयोजकमहात्मा एच एस गुलेरिया ने जिले की समस्त शाखाओं से आए हुए भक्तों का व केन्द्रीय प्रचारक डॉक्टर वंदना कपूर जी का धन्यवाद किया व कण कण में व्यापत निरंकार प्रभु के साथ जुड़े रहने अरदास की।

# कैंसर पीड़ित परिवार की मदद के लिए आगे आया इलिट इंटरनेशनल स्कूल

**अनंत ज्ञान, बरोट**

**एमडी डॉक्टर भागचंद ठाकुर ने दी 13,100 रुपए की आर्थिक सहायता**

**इलिट** इंटरनेशनल स्कूल ब्रिजमंडी जोगिंद्रनगर के स्टाफ और प्रबंधन ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए एक कैंसर पीड़ित गरीब परिवार की सहायता के लिए 13,100 रुपए की राशि प्रदान की। यह सहायता शनिवार को स्कूल के एमडी डॉक्टर भागचंद ठाकुर द्वारा हरि कृष्ण नामक पीड़ित परिवार को सौंपी गई।

डॉ. भागचंद ठाकुर ने बताया कि 59 वर्षीय हरि कृष्ण और उनकी पत्नी शकुंतला देवी दोनों पिछले एक वर्ष से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। शकुंतला देवी का इलाज टांडा मेडिकल कॉलेज में मार्च 2024 से शुरू हुआ और शिमला में रेडिएशन नवम्बर 2024 में पूरा हुआ। 13 जून 2025 को शिमला के आईजीएमसी में उनकी बड़ी आंत की सर्जरी हुई जिसमें उन्हें कैंसर बताया गया। वहीं मई 2025 में हरि कृष्ण को भी फेफड़ों के कैंसर (स्टेज 3ए) का पता चला, जिसका इलाज 23 जून से टांडा में चल रहा है। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। ग्रामवासियों, महिला मंडलों, ब्राह्मण सभा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और रिश्तेदारों ने यथासंभव सहयोग किया है। इसके बावजूद इलाज के लिए और मदद की आवश्यकता है। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन ने अन्य लोगों से भी सहायता की अपील की है।

# सामाजिक एकता का दिया संदेश

### राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच की बैठक आयोजित, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**जिला** चंबा में राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच की एक विशेष बैठक का आयोजन मंच के जिला अध्यक्ष राकेश बिज की अगुवाई में किया गया। बैठक की शुरुआत हनुमान चालीसा पाठ के साथ की गई, जिसके माध्यम से संगठन ने आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करते हुए सामाजिक एकता का संदेश दिया। तत्पश्चात गौसेवा का आयोजन किया गया, जिसमें सदस्यों ने गौमाता को चारा खिलाकर सनातन धर्म की परंपराओं का पालन किया। बैठक में विभिन्न अहम सामाजिक एवं सांस्कृतिक मुद्दों पर चर्चा की गई, जिसमें धर्म रक्षा, युवाओं में संस्कारों का प्रचार-प्रसार, तथा महिलाओं की सहभागिता को और सशक्त बनाने पर विशेष बल दिया गया। इस बैठक में महिला मोर्चा की अध्यक्ष नीलम जसवाल, संगठन के सलाहकार बुशैहरा राम, उपाध्यक्ष सुमन कुमारी, सचिव सुधीर कुमार, तथा सदस्यगण नीलम, सुनिता, और प्रेम लाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।


राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच की बैठक का आयोजन मंच के जिला अध्यक्ष राकेश बिज की अगुआई में किया गया।

**सूडोकु नवताल- 7489** (★★★★ मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | |
| 8 | 4 | | | 6 | | 9 | | 5 |
| 5 | | 6 | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 1 | 5 | 6 | 3 | | | 9 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 6 | | | 9 | 7 | 1 | 4 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | 7 | | 6 |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 2 | 1 |
| | | | 2 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु नवताल -7488 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |

# चंबा में चल रही खटारा बस सेवा पर जताया रोष

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**साहू में बीजेपी नेता जय सिंह ने की नुक्कड़ सभा**

**साहू** के मुख्य बाजार में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता जय सिंह ने एक नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। उन्होंने क्षेत्र की जनता को उप-तहसील के पुन: खुलने पर धन्यवाद दिया और इसे जनता की एकता व संघर्ष की जीत बताया।

जय सिंह ने चंबा क्षेत्र में चल रही जर्जर बस सेवा पर कड़ा रोष जताया। उन्होंने कहा कि चंबा के मेहनतकश मज़दूर रोज़ी-रोटी के लिए दूर-दूर से आते हैं और काम खत्म होने के बाद गांव लौटते हैं। ऐसे में एचआरटीसी की खस्ता हालत में चल रही बसें उनके लिए बड़ी परेशानी का सबब बन गई हैं। उन्होंने एचआरटीसी की बदहाल सेवाओं के लिए परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री को ज़िम्मेदार ठहराया।

जय सिंह ने कहा कि चंबा डिपो को आज तक कोई वोल्वो बस नहीं दी गई है, और जो एक बस दी गई है वह भी शिमला डिपो की है, जो शिमला से चलकर चंबा आती है। उन्होंने जानकारी दी कि एचआरटीसी के गैराज कर्मचारियों से बातचीत में यह बात सामने आई कि उनके पास आवश्यक स्पेयर पार्ट्स की भारी कमी है। जय सिंह ने यह भी बताया कि चंबा के आरएम ने 12 बस रूट आरटीओ चंबा को सौंप दिए हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब प्रदेश के अन्य जिलों में इलेक्ट्रिक बसें चलाई जा रही हैं, तो चंबा को अब तक एक भी इलेक्ट्रिक बस क्यों नहीं मिली?

## पूर्व मुख्य सचिव बाल्दी ने आपदा राहत कोष में दिए 3 लाख रुपए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** पूर्व मुख्य सचिव डॉ. श्रीकांत बाल्दी ने शनिवार को शिमला में आपदा राहत कोष के लिए तीन लाख रुपए का चेक भेंट किया। यह राशि आपदा राहत कार्यों में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करेगी। इस पुनीत कार्य के लिए सीएम सुक्खू ने डॉ. बाल्दी का हृदय से आभार व्यक्त किया।

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

रविवार, 13 जुलाई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत आषाढ़, **तिथि** तृतीया (01:05) : **नक्षत्र** श्रवण (06:54), **पक्ष:** कृष्ण, **योग :** प्रीति (06:00), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:58-12:54)। **राहुकाल** (05:37-07:21)।

**विशेष दिन**

- 13 जुलाई: मौलाकांत व जयापार्वती व्रत का पारणा आज गुजरात में।
- 13 जुलाई: आदित्य पूजा आज।

**मेष:** लंबे समय से अटके रोजगार से संबंधित कार्य पूरे होंगे। नौकरी में कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। आलस्य, प्रमाद से बचें।

**वृष:** अनजाने में हुई गलती से दुखी होंगे। कार्यस्थल पर नई जिम्मेदारी मिल सकती है। परिस्थिति में पहले से कुछ सुधार होगा। मन में आलस्य व निष्क्रियता के भाव होंगे।

**मिथुन:** कारोबार विस्तार के लिए समय उपयुक्त है। जिस काम को हाथ में लेंगे, उसमें सफलता जरुर मिलेगी। भावनात्मक स्तर पर महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ सकते हैं।

**कर्क:** तकनीकी खराबी के कारण आप के कार्य लंबित होंगे। आपकी लापरवाही से कार्यक्षेत्र में समस्या उत्पन्न हो सकती है। व्यस्तता के कारण निजी जीवन में उथल-पुथल संभव है।

**सिंह:** आपको पिता के स्वास्थ्य की चिंता बनी रहेगी। पुराने रोगों से परेशान रहेंगे। प्रभावशाली व्यक्तियों से लाभ मिलेगा। संपर्क क्षेत्र का विस्तार होगा। नौकरी में बदलाव होगा।

**कन्या:** परिवार में शुभ प्रसंग के अवसर आएंगे। परिजनों के सहयोग से ही कार्य होगा। भाग्य साथ देगा । जिस किसी पर आप शंका कर रहे हैं, वह गलत है।

**तुला:** कई दिनों से अधूरे काम आज पूरे होंगे। धन की स्थिति में सुधार होगा। परिवार में शुभ प्रसंग होंगे तथा स्वास्थ्य में सुधार होगा। चित्त प्रसन्न रहेगा। शुभ व अनुकूल समाचार प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक:** आपकी मनमर्जी के कारण नुकसान होने की संभावना है। अपने व्यवहार में नर्मी लायें। यात्रा के योग है। नकारात्मकता हावी होने से निर्णय लेने में विलंब होगा।

**धनु:** किसी की भी निंदा न करें। अपनों से व्यवहार कमजोर होगा। दोस्तों के साथ मनोरंजन आदि में समय व्यतित होगा। व्यापार में नई योजनाओं का शुभारंभ होगा।

**मकर:** साझेदारी में धन का निवेश लाभकारी रहेगा। पारिवारिक दायित्व की पूर्ति करेंगे। स्थानादि परिवर्तन के योग बनेंगे। स्त्री पक्ष से विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**कुंभ:** कारोबार में समय व परिस्थिति में सुधार होगा। कम समय में काम को पूरा करेंगे। शुभ समाचार प्राप्त होगा। लेखा-जोखा के कार्य में विशेष सावधानी बरतें।

**मीन** तेल तिलहन में धन निवेश करते समय सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आपका समय शुभ व अनुकूल होगा। घर में शुभ व मांगलिक कार्यों की योजना बनेगी।

# सीएमडी की नियुक्ति बना सत्ताधारी दलों का अखाड़ा : कैप्टन जगदीश वर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**पूर्व सैनिक निगम की नियुक्ति प्रणाली पर सवाल**

**हिमाचल** प्रदेश पूर्व सैनिक निगम में सीएमडी की नियुक्ति को लेकर पूर्व सैनिकों ने कड़ी आपत्ति जताई है।

संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन जेसीओ एवं ओआर हिमाचल प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा, मीडिया प्रभारी नायब सूबेदार अमृतलाल और कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर रोशन लाल चौहान ने संयुक्त प्रेस बयान में कहा कि यह पद सत्ताधारी दलों के बीच राजनीतिक खींचतान का केंद्र बन गया है, जबकि प्रदेश के 1,60,000 से अधिक पूर्व सैनिक और वीर नारियां इसकी कीमत चुका रहे हैं। संयुक्त मोर्चा ने मांग की है कि सीएमडी सहित सैनिक कल्याण कार्यालयों, सीएसडी कैंटीनों और ईसीएचएस नियुक्तियों को हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से लिखित परीक्षा और साक्षात्कार द्वारा भरा जाए। इसमें जेसीओ और अन्य रैंकों को भी भाग लेने का अवसर मिलना चाहिए और चयन प्रक्रिया हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा की तर्ज पर होनी चाहिए। कैप्टन जगदीश वर्मा ने बताया कि वर्षों से पूर्व सैनिकों की समस्याएं ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। आज भी हिमाचल प्रदेश में कोई भी सीएसडी डिपो नहीं है और लिक्कर व अन्य सामग्री पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ से मंगवाई जाती है, जिससे सामान महंगा पड़ता है। साथ ही हिमाचल रेजिमेंट के गठन की मांग लंबे समय से उठती रही है, लेकिन अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने हमीरपुर में आर्म्ड फोर्स ट्रिब्यूनल की सर्किट बेंच स्थापित करने की भी मांग की, जो अब तक लंबित है। मोर्चा ने सरकार से पूर्व सैनिकों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने की अपील की है।

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी-शाहपुर जिला कांगडा हि0प्र0।**

मुकदमा इन्द्राज जन्म तिथी ।
पेशी- 02.08.2025
नीलम शर्मा पत्नी स्व0 श्री कुलभूषण कुमार निवासी गांव व डाकघर शाहपुर तहसील शाहपुर जिला कांगडा हि0प्र0 ।

**बनाम**

1. आम जनता
2. सचिव नगर पंचायत शाहपुर

**विषय- बाबत इन्द्राज जन्म एवं मृत्यु तिथी अधीन जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के तहत जन्म प्रमाण पत्र लेने वारे।**

उपरोक्त मुकद्दमा वारे प्रार्थीया ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजारा है कि जिसमें लिखा है कि उनकी बेटी का जन्म दिनांक 05.07.1994 गांव शाहपुर में हुआ है परन्तु अज्ञानतावश इसका इन्द्राज नगर पंचायत शाहपुर जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश के रिकार्ड में दर्ज नहीं हुआ है। प्रार्थीया उक्त जन्म तिथी को दर्ज करवाना चाहती है। इस संदर्भ में Addl. District Registrar-cum Chief Medical Officer Kangra at Dharamshala के Recommendation letter No. HFW/KGR/ST (Delayed) (B&D)/2024/226 date 08.05.2025 द्वारा भी इस वारे इस कार्यालय को जन्म प्रमाण पत्र जारी करने वारे प्रेषण किया गया है।

अत: उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में यदि आम जनता या अन्य किसी को उक्त जन्म तिथी को नगर ग्राम पंचायत शाहपुर विकास खण्ड रैत के रिकार्ड के जन्म रजिस्टर में दर्ज करवाने वारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस कार्यालय में दिनांक 02.08.2025 को दोपहर बाद 2 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिती में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा।

आज दिनांक को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जाभी हुआ।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी शाहपुर**
**जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत लदोह

**विकास खंड पंचरूखी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

### निविदा सूचना

आज की बैठक में प्रधान महोदय जी ने प्रस्ताव रखा कि ग्राम पंचायत लदोह वर्ष 2025-26 के बिकास कार्यो के लिए निविदाएँ आमंत्रित की जानी अति अवश्यक है। जो निम्न प्रकार से है।

| क्र.सं. | सामाग्री का नाम | प्रति फुट | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | खड्डु रेता | प्रति फुट | |
| 2 | खड्डु बजरी | प्रति फुट | |
| 3 | क्रेशर रेता 20,40 एमएम | प्रति फुट | |
| 4 | क्रेशर बजरी 63,90 एमएम | प्रति फुट | |
| 5 | बोल्डर | प्रति फुट | |
| 6 | फाड़ा पत्थर | प्रति फुट | |
| 7 | इंट न0 1 | प्रति पीस | |
| 8 | ईट 2 (दोयम) | प्रति पीस | |
| 9 | शटरिंग लकड़ी | प्रति वर्ग फुट | |
| 10 | शटरिंग लोहा | प्रति वर्ग फुट | |
| 11 | साईन बोर्ड सीमेंट | प्रति बोर्ड लिखाई सहित | |
| 12 | वाल पेंटिंग साईन बोर्ड | | |
| 13 | सीमेंट केरीज़ सिविल सप्लाई पंचरुखी से लदोह | | |

उपरोक्त प्रस्ताव पर बिचार विमर्श किया गया व निर्णय लिया गया कि उक्त निविदाएँ दिनांक 24-07-2025 5:00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत लदोह के नाम बंद लिफाफे में डाक द्वारा भेजी जाएं। सामाग्री की मात्रा व गुणवता सही होना चाहिए । अन्यथा, प्रधान ग्राम पंचायत किसी भी समय निविदाएँ को रद्द कर सकती है। निविदाएं को स्वीकृत या रद्द का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। साथ में यह भी निर्णय लिया कि 25000 हजार कि एफडी ग्राम पंचायत के नाम कल्ब करनी होगी। निविदाएँ दिनाँक 25-07-2025 समय 12:00 खोली जाएगी।

**प्रधान / सचिव**
**ग्राम पंचायत लदोह**
**विकास खंड पंचरूखी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

एक देश की महानता, बलिदान और प्रेम, उस देश के आदर्शों पर निहित करता है। –सरोजनी नायडू

## संपादकीय

# असीम शक्तियों पर बहस

एक देश एक चुनाव का शोर एक बार फिर गूंज रहा है। दरअसल, इस बार मामला चुनाव आयोग को दी जाने वाले असीम शक्तियों को लेकर उछला है। सुप्रीम कोर्ट के दो पूर्व मुख्य न्यायाधीशों जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेएस खेहर ने एक साथ चुनाव को संविधान सम्मत बताया है, लेकिन साथ ही यह कहकर नई बहस को जन्म दे दिया है कि चुनाव आयोग को असीम शक्तियां देना उचित नहीं है। उनका तर्क है कि इससे लोकतंत्र खतरे में पड़ सकता है। उनका यह तर्क यह है कि चुनाव आयोग को स्वायतत्ता के साथ-साथ जवाबदेह बनाना भी जरूरी है, तर्कसंगत लगता है। एक देश, एक चुनाव का विचार मूलतः भारत में लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने से संबंधित है। यह तर्क दिया जाता है कि इससे समय, संसाधन और धन की बचत होगी।

संविधान का अनुच्छेद 83(2) और अनुच्छेद 172(1) दोनों ही केंद्र और राज्य सरकारों को पांच साल का कार्यकाल देते हैं, जिससे यह तर्क मजबूत होता है कि सभी सरकारों का कार्यकाल एक साथ समाप्त हो तो चुनाव भी एक साथ हो सकते हैं। संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने हाल ही में कहा कि वे इस मुद्दे पर आवश्यक संविधान संशोधन के लिए तैयार हैं। उनका यह भी मानना है कि देशहित में एक साथ चुनाव जरूरी है, जिससे सुशासन को बढ़ावा मिलेगा और देश बार-बार चुनावी मोड में नहीं रहेगा। उनका यह तर्क भी अपने-आप में ठोस है कि बार-बार के चुनावों से नीति निर्माण में बाधा आती है, आचार संहिता बार-बार लागू होती है और प्रशासकीय कार्यों में रुकावट आती है। हालांकि, यह विचार जितना आकर्षक लगता है, उतना ही व्यवहारिक और संवैधानिक तौर पर जटिल भी है। भारत एक संघात्मक गणराज्य है, जिसमें केंद्र और राज्य दोनों के पास स्वतंत्र अधिकार हैं। विभिन्न राज्यों में अलग-अलग समय पर चुनाव होते हैं और अगर एक साथ चुनाव लागू करना हो, तो 21 से अधिक संवैधानिक संशोधन करने पड़ सकते हैं। यह काम आसान नहीं होगा और इसके लिए न सिर्फ संसद में दो-तिहाई बहुमत चाहिए, बल्कि कुछ राज्यों की विधानसभाओं की सहमति भी जरूरी होगी। ऐसे में यह आवश्यक है कि कोई भी निर्णय कानूनी विशेषज्ञों, संवैधानिक विद्वानों और न्यायपालिका की गहन सलाह के बाद ही लिया जाए।

लोकतंत्र की आत्मा को आहत किए बिना यदि इस विचार को व्यवहार में लाया जा सके, तो यह भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में एक क्रांतिकारी कदम होगा। भारत का चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है, जो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए जिम्मेदार है, लेकिन यदि इस संस्था को अत्यधिक अधिकार दे दिए जाएं, विशेषकर उन स्थितियों में जब राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल बीच में खत्म होता है या सरकार गिरती है, तो यह सवाल उठता है कि चुनाव आयोग की भूमिका तब क्या होगी? क्या वह उस राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करवाकर बाकी राज्यों के साथ चुनाव कराएगा? क्या यह संघीय ढांचे के साथ न्याय होगा? पूर्व न्यायाधीशों की यह बात बिलकुल तर्कसंगत है कि चुनाव आयोग को स्वतंत्रता के साथ-साथ पारदर्शिता और उत्तरदायित्व का भी पालन करना चाहिए। किसी भी संस्था को यदि बिना नियंत्रण के शक्ति दी जाती है, तो वह लोकतांत्रिक ढांचे के लिए घातक सिद्ध हो सकती है। भारत का लोकतंत्र विश्व में सबसे बड़ा और सबसे जीवंत लोकतंत्र माना जाता है। यहां की चुनाव प्रक्रिया को दुनियाभर में आदर्श माना गया है। ऐसी स्थिति में जब एक देश, एक चुनाव जैसा महत्वपूर्ण प्रस्ताव सामने रखा गया है, तो हर पक्ष की बात सुनना और हर शंका का समाधान करना बेहद जरूरी हो जाता है।

संयुक्त संसदीय समिति को चाहिए कि वह सभी पक्षकारों-राजनीतिक दलों, राज्य सरकारों, विशेषज्ञों, समाजशास्त्रियों और आम नागरिकों की राय को ध्यान में रखे। यदि विधेयक के प्रावधानों पर किसी प्रकार की आपत्ति आती है, विशेषकर चुनाव आयोग की शक्तियों को लेकर, तो उसमें आवश्यक संशोधन करना चाहिए। रिपोर्ट को तभी संसद के समक्ष प्रस्तुत किया जाना चाहिए, जब उसकी हर धारा लोकतांत्रिक कसौटियों पर खरी उतरे। अब यह देखना रोचक होगा कि केंद्र सरकार का रुख इस मामले में क्या रहता है और जेपीसी किन सिफारिशों के साथ आगे बढ़ती है। यदि यह प्रस्ताव सभी आशंकाओं का समाधान करते हुए पारित होता है, तो भारत एक बार फिर दुनिया को यह दिखा सकता है कि हमारा लोकतंत्र न केवल सबसे बड़ा है, बल्कि सर्वश्रेष्ठ और सर्वसमावेशी भी है। एक देश, एक चुनाव के इस मार्ग में राजनीतिक, संवैधानिक, प्रशासनिक और नैतिक जैसे और भी कई मोड़ हैं, लेकिन यदि हम सब मिलकर इस विचार को एक संवेदनशील, समावेशी और जवाबदेह ढांचे के रूप में ढालने में सफल होते हैं, तो यह भारत के भविष्य के लिए ऐतिहासिक सिद्ध हो सकता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# हिंदी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री

**बीना राय** हिंदी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री थी। उनका वास्तविक नाम कृष्णा सरीन था। उत्तर प्रदेश के लखनऊ में बीना राय का जन्म हुआ था। बीना जी की पसंदीदा हिरोइन खुर्शीद थीं। पचास के दशक की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से वह एक थीं। 'गौहर', 'शोले', 'मीनार', 'इंसानियत', 'मदभरे नैन', 'मैरीन ड्राइव', 'सरदार', 'चंद्रकांता', 'हमारा वतन', 'दुर्गेशनंदिनी', 'बंदी', 'हिल स्टेशन', 'मेरा सलाम', 'तलाश', 'घूंघट', 'वल्लाह क्या बात है', 'ताजमहल' और 'दादी मां' जैसी कुल 28 फिल्मों में उन्होंने अशोक कुमार, दिलीप कुमार, देव आनंद, भारत भूषण, किशोर कुमार, प्रदीप कुमार और शम्मी कपूर जैसे जाने माने नायकों के साथ अभिनय किया। उन्होंने सन 1951 में प्रदर्शित फिल्म 'काली घटा' से अपना फिल्मी करियर शुरू किया था। 1968 में बनी 'अपना घर अपनी कहानी' बीना राय की अंतिम प्रदर्शित फिल्म थी, जिसके बाद उन्होंने फिल्मोद्योग से नाता तोड़ दिया। ■



बीना राय
जन्म : 13 जुलाई, 1932
मृत्यु : 6 दिसंबर, 2009



कविता

## लाचार

अनिल शर्मा नील, निचली भटेड़, बिलासपुर (हिप्र)

*खेत बह गए, खलिहान बह गए,*
*बहते देख वाहन अपने आदमी,*
*मचाता रहा बहुत चीख पुकार,*
*पेड़ काट दिए, नदी-नालों से रेत पत्थर ले गए,*
*बढ़ने लगा तापमान, पिघलने लगे ग्लेशियर,*
*खतरे में पड़ गए पहाड़, नदी नाले उफन रहे हैं,*
*पहाड़ दरक रहे हैं, चीख रहा है आदमी,*
*भाग रहा है जान बचाने, हुआ कैसा लाचार?*
*सड़कें, फोरलेन टूट गईं,*
*बिजली गुल हो गई,*
*जमींदोज हो गए घर मकान*
*हक्का बक्का आदमी*
*भगवान पर लगा रहा इल्जाम।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# गजबा-ए-हिंद की सोच का एक हिस्साभर है 'छांगुर बाबा'


जब भारत के अस्तित्व को ही मिटाने का प्रयास योजना से किया गया हो, तब फिर यह बहुत बड़ी चुनौती उस हिंदू समाज के सामने है, जिसके कारण से विभाजन के बाद भी भारत की असली पहचान दुनिया में आज भी बनी हुई है। इसलिए सच पूछिए तो निपटना भी उसे ही इस समस्या से है। क्या वह इसी तरह अपने बीच कन्वर्जन होता देखेगा या धर्मांतरण के लिए सख्त कदम भी उठाएगा? यह आज का सबसे बड़ा प्रश्न है।



लेखक : मयंक चतुर्वेदी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा का मामला जब सामने आया तो कई लोगों को लग रहा होगा कि अरे; ऐसा भी है! किंतु ऐसा कब से है, विचारणीय यह है और इसमें कितने लोग लगातार योजना से अपने धर्मांतरण कार्य को अंजाम दे रहे हैं, बिना इस चिंता के कि भारत का कानून उन्हें इसके लिए क्या सजा देगा! वस्तुतः कभी-कभी यह सोचकर भी आश्चर्य होता है कि कैसी मजहबी मतान्धता है! धर्मांतरण के खेल में लगे इन इस्लामिक जिहादियों को न कानून का भय है, न कोई नैतिकता का प्रश्न। यदि कुछ इनके पास नजर आता है तो वह है गजबा-ए-हिंद की गंदी सोच के लिए अपने जीवन को तबाह कर देने की चाह। हालांकि इनकी नजर में ये कोई तबाह हो जाने की सोच नहीं है, किंतु भारत को जरूर ये तबाह करने का काम कर रहे हैं। देखा जाए तो इसी गजबा-ए-हिंद की सोच का एक हिस्सा भर है ये छांगुर बाबा। धर्मांतरण केस में पकड़े गए इस इस्लामिक बाबा को लेकर जो कई सच सामने आए हैं, उसमें से एक यह भी है कि तीन सालों के अंदर ही छांगुर ने दुनिया के कई इस्लामिक देशों से 500 करोड़ रुपए से अधिक की फंडिंग ली। जिन मुस्लिम देशों का नाम यहां सबसे ज्यादा बार सामने आ रहा है, उनमें पाकिस्तान, दुबई, सऊदी अरब और तुर्किये हैं। भारत का इस्लामीकरण करने के लिए उक्त राशि भारत लाई गई थी और फिर छांगुर बाबा ने इसी पैसे से कई हिंदू लड़कियों का ब्रेनवॉश करवाया।

संख्या भी सामने आई है लगभग 4 हजार से अधिक लड़कियों को निशाना बनाया गया, जिसमें से 1500 से अधिक हिंदू लड़कियों का धर्मांतरण हो गया। इनमें कई नाबालिग भी रहीं। कहना होगा कि उसकी हिंदू लड़कियों के कन्वर्जन की रेटलिस्ट वास्तव में भारत की 'धर्मनिरपेक्षता' के मुंह पर तमाचा है या कहें संविधान में वर्णित पंथनिरपेक्षता का खुला मजाक है। छांगुर ने हिंदू लड़कियों में भी ब्राह्मण, क्षत्रिय, ओबीसी, अनुसूचित जाति और जनजाति के हिसाब से धर्मांतरण की रेट लिस्ट बनाई। जलालुद्दीन उर्फ छांगुर सबसे ज्यादा ब्राह्मण और क्षत्रिय राजपूत लड़कियों को इस्लाम कबूल करवाने के लिए 15 से 16 लाख रुपए मुसलमान युवक को देता। पिछड़ी जाति वर्ग की हिंदू लड़की को कोई मुसलमान इस्लाम में कन्वर्ट कराता तो उसे इसकी ओर से 10 से 12 लाख रुपए दिए जाते। वहीं, अन्य हिंदू अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग की लड़कियों के इस्लामीकरण के लिए ये 08 से 10 लाख रुपए की कीमत मुस्लिम युवक को देता। यानी कि धन की दम पर कन्वर्जन। देश में कई लोगों को आज भी 'लव जिहाद' शब्द के उपयोग पर आपत्ति है, वे यह कहकर हिंदू संगठनों की आलोचना भी करते हैं, किंतु अब जो सामने दिख रहा है, उसका क्या करें?




आज देश में जहां भी जाओ वहीं कोई जलालुद्दीन उर्फ छांगुर इस्लामिक कन्वर्जन जिहाद करता मिलता है। मध्य प्रदेश के इंदौर में अभी कुछ दिन पहले ही सामने आया कि कैसे कांग्रेस का एक पार्षद अनवर कादरी उर्फ अनवर डकैत धर्मांतरण करा रहा था। बाद में हिंदू युवतियों को देह व्यापार में धकेलने का काम करता। अब तक न जाने कितने इस्लामि□यों को यह 1 से 2 लाख रुपए लव जिहाद करने के लिए देता रहा है। इसकी अपराधिक प्रवत्ति देखें, उसके खिलाफ 19 आपराधिक मामले दर्ज हैं। सबसे बड़ी बात कि इतने अधिक अपराध करने के बाद भी वह जनप्रतिनिधि है। उसके नजरिए से तो वह काफिरों को ईमानवाला बना रहा है। यह उसका कोई गुनाह है ही नहीं! फिर भले ही देश का कानून जो भी कहे। भोपाल, सागर, उज्जैन में भी सामुहिक लव जिहाद के षड्यंत्र उजागर हुए हैं। इन सभी में यही उद्देश्य सामने आया है कि कैसे भी इस्लामिक कन्वर्जन करवाना है। आज देश का कोई भी प्रदेश ऐसा नहीं है, जहां पर नाम बदलकर प्रेम का नाटक फिर संबंध बनाने के बाद अपनी असली पहचान उजागर करने, धर्मांतरण के लिए दबाव बनाए जाने की शिकायतें सामने न आई हों। अनेक प्रकरणों में पॉक्सो के मामले दर्ज किए गए हैं।

वस्तुतः ये इस्लामिक जिहादी इतने धूर्त हैं, कि इन्होंने हिंदू बच्चियों के 18 वर्ष पूर्ण होने तक उनके बालिग हो जाने का भी इंतजार नहीं किया। इस संदर्भ में उत्तर प्रदेश के ही बरेली न्यायालय में एक प्रकरण की सुनवाई के दौरान पिछले साल अक्तूबर 2024 में जो न्यायाधीश ने कहा, वह स्मरण हो आता है। वस्तुतः यहां की एक स्थानीय अदालत ने कहा, 'लव जिहाद' का उद्देश्य जनसांख्यिकीय युद्ध और अंतरराष्ट्रीय साजिश के जरिए भारत के खिलाफ एक विशेष धर्म के कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा प्रभुत्व स्थापित करना है। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट) रवि कुमार दिवाकर कहते हैं कि हिंदू लड़कियों को अवैध धर्मांतरण के लिए 'प्यार' में फंसाया जा रहा है और भारत में पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसी स्थितियां पैदा की जा रही हैं। उन्हें यहां तक कहना पड़ा कि अवैध धर्मांतरण देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए बड़ा खतरा है।

न्यायाधीश ने पाया कि मोहम्मद अलीम ने 'आनंद' बनकर एक छात्रा को धोखा दिया। लड़के के पिता ने भी अपने बेटे का साथ दिया। तब न्यायाधीश दिवाकर ने चेतावनी दी कि यहां पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसी स्थितियां पैदा करने की साजिश चल रही है। अदालत ने कहा कि मनोवैज्ञानिक दबाव और शादी व नौकरी जैसे प्रलोभनों के जरिए धर्मांतरण कराया जा रहा है। न्यायाधीश ने कहा कि संविधान प्रत्येक व्यक्ति को अपने धर्म का पालन करने और उसका प्रचार करने का मौलिक अधिकार देता है और 'लव जिहाद' द्वारा किए गए अवैध धर्मांतरण के जरिए इस व्यक्तिगत स्वतंत्रता से समझौता नहीं किया जा सकता। न्यायालय द्वारा विदेशी फंडिंग को लेकर भी चिंता जताई गई, साथ ही कहा था कि अगर इस मुद्दे का समय रहते समाधान नहीं किया गया, तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। यहां विचार अवश्य करना चाहिए कि उत्तर प्रदेश सरकार ने विशेष रूप से 'लव जिहाद' के माध्यम से अवैध धर्मांतरण से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश गैरकानूनी धार्मिक धर्मांतरण निषेध अधिनियम, 2021 लागू किया है। इसके बाद भी इन इस्लामिक जिहादियों को इस कानून का कोई भय नहीं है।

कहना होगा कि उत्तर प्रदेश ही क्यों, देश में इस वक्त कई राज्यों में इस तरह का कानून बनाया गया है, जिसे आज सभी धर्मांतरण विरोधी कानून के रूप में जानते हैं। उत्तर प्रदेश के साथ उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, हरियाणा, गुजरात, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा में इस तरह का कानून किसी न किसी रूप में है। सजा के सख्त प्रावधान किए गए हैं, किंतु इसके बाद भी इस्लामिक जिहादी अपने लव जिहाद समेत हर उस षड्यंत्र को छोड़ने को तैयार नहीं दिखते, जो किसी भी रूप में क्यों न हो, मजहबी कन्वर्जन कराता है। सभी की चिंता में यह होना चाहिए कि आखिर भारत में उनकी यह सोच विकसित कैसे होती है! सच पूछिए तो सही प्रहार उस सोच एवं कारणों पर करने की आज महती आवश्यकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

नजरिया

# केंद्र के इरादे से मध्य और निम्न वर्ग में आशा का संचार

देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के चार स्लैब 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत में से 'दूसरे' की इस समय जमकर चर्चा हो रही है। इससे मध्य व निम्न वर्ग में आशा का संचार होने लगा है। दरअसल समाज का मध्यम और निम्न वर्ग सबसे अधिक प्रभावित इसी स्लैब से है।



लेखक : डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

इसका कारण भी है कि दैनिक उपभोग की अधिकांश वस्तुएं इसी स्लैब में आती हैं। खाने-पीने की वस्तुओं के साथ ही जूते-चप्पल, कपड़े आदि भी इसी स्लैब में आते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार 12 प्रतिशत के स्लैब पर निर्णय से सरकार पर 40 से 50 हजार करोड़ रुपए के राजस्व का असर पड़ेगा। माना जा रहा है कि केंद्र सरकार के इस स्लैब पर नए इरादे से बाजार में इन वस्तुओं की मांग बढ़ेगी और मांग बढ़ने से काफी मात्रा में राजस्व पूर्ति हो सकेगी। वैसे भी फ्री बीज के नाम पर बहुत कुछ जा रहा है तो फिर यदि बड़ी आबादी को राहत और लोकहित में कोई निर्णय किया जाता है तो वह अधिक लाभकारी होता है।

जानकारों के अनुसार जीएसटी काउंसिल की आगामी बैठक में 12 प्रतिशत वाले स्लैब को या तो विलोपित करने पर विचार किया जा सकता है या फिर इसमें से आम उपभोग की वस्तुओं को 5 प्रतिशत की स्लैब के दायरे में लाया जा सकता है। यदि इस स्लैब को विलोपित नहीं भी किया जाता तो सीधे आम उपभोग की वस्तुओं और सेवाओं को अन्य स्लैब में समायोजित किया जा सकता है। बढ़ती महंगाई के कारण आम नागरिकों खासतौर से मध्य और निम्न मध्य वर्ग को राहत दिलाने के लिए इस पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है।

समूचे देश में कर की एकरूपता के लिए पहली जुलाई 2017 को जीएसटी को लागू किया गया था। अब तक जीएसटी काउंसिल की बैठकों में अनवरत सुधार व बदलाव किया जा रहा है। अगली बैठक होने से पहले ही 12 प्रतिशत के स्लैप में बदलाव की चर्चा को सकारात्मक माना जाना चाहिए। हालांकि आम नागरिकों की मांग के बावजूद पेट्रोल-डीजल को अभी तक जीएसटी के दायरे में नहीं लाया जा सका है। पेट्रोल-डीजल के भाव बढ़ने पक्ष-विपक्ष हल्ला तो बोलते हैं पर कभी इन पदार्थों को जीएसटी के दायरे में लाने के सार्थक प्रयास नहीं करते। समान कर प्रणाली की अवधारणा सबसे पहले फ्रांस में आई। इस समान कर प्रणाली की सकारात्मकता का ही परिणाम है कि दुनिया क 160 देशों में जीएसटी जैसी समान कर प्रणाली प्रचलन में है।




भारत में 12 प्रतिशत का स्लैब इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि दैनिक उपभोग की अधिकांश वस्तुएं इसी कर दायरे में आती हैं। एक हजार रुपए से अधिक के कपड़े, जूते से लेकर घी, तेल, मक्खन, डेयरी उत्पाद, सब्जियां, फल, मेवे सहित खाद्य पदार्थ, पेय पदार्थ, 20 लीटर पैक में पीने के पानी की बोतल, कॉटन हैंड, बैग जूट का सामान, पत्थर और लकड़ी आदि की मूर्तियां, चश्मा, बच्चों की पेंसिल, स्लेट, खेल का सामान, यहां तक कि क्लीन एनर्जी डिवाइस सहित बहुत सारी वस्तुएं इस दायरे में आती हैं।

ये वस्तुएं ऐशो-आराम की वस्तुएं तो हैं नहीं और मध्यवर्गीय परिवार तो इन्हें खरीदता ही है तो निम्न वर्ग अपना पेट काटकर इन्हें खरीदता है। ऐसे में 12 प्रतिशत के स्लैब में बदलाव की चर्चा निश्चित रूप से सकारात्मक संदेश है। आगामी जीएसटी काउंसिल की बैठक में 12 प्रतिशत के स्लैब में अगर बदलाव करते हुए बड़े वर्ग को राहत दी जाती है तो यह देश की अर्थव्यवस्था को राहत देने वाला, एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने वाला और आम जन के हित का निर्णय होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**इस** बार लगातार हो रही मूसलाधार बारिश, बादल फटने की घटनाएं और भूस्खलन ने पूरे प्रदेश में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। खासकर मंडी, कुल्लू, कांगड़ा जिलों में हालात बेहद खराब हैं। ब्यास, सतलुज और यमुना जैसी नदियां रौद्र रूप में हैं। कई जगहों पर छोटे-बड़े पुल बह चुके हैं। ग्रामीण अपने घर-बार छोड़कर सुरक्षित जगहों की तलाश में भटक रहे हैं। राहत और बचाव कार्य जारी हैं, लेकिन लगातार बारिश के चलते इन कार्यों में बाधा आ रही है। भारी बारिश और आपदा से निपटना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। प्रकृति के साथ छेड़छाड़ का नतीजा अब सामने दिख रहा है। हमें पर्यावरण के प्रति संवेदनशील होना होगा और आपदा प्रबंधन के प्रति और ज्यादा सजग रहना होगा। –

**कुक्कू (नगरी)**

# गुरु दक्ष प्रजापति : सृष्टि के अनुशासन और संस्कारों के प्रतीक

भारतीय वैदिक परंपरा में 'दक्ष प्रजापति' एक ऐसा नाम है, जो सृष्टि के आरंभ से ही जुड़ा हुआ है। ब्रह्मा जी के मानस पुत्र, प्रजापतियों में सर्वश्रेष्ठ, जिनका नाम ही 'दक्ष' अर्थात 'कुशलता' का प्रतीक है। गुरु दक्ष केवल एक ऋषि या सृष्टिकर्ता नहीं थे, वे वेद, यज्ञ, अनुशासन, मर्यादा और पारिवारिक मूल्य प्रणाली के प्रणेता भी माने जाते हैं। वेदों, पुराणों और उपनिषदों में उनका उल्लेख किसी देवता के रूप में नहीं, बल्कि एक ऐसे मनीषी के रूप में हुआ है जिनका जीवन अनुकरणीय था और जिनकी जीवन दृष्टि आज भी सामाजिक संतुलन और नैतिकता का मार्गदर्शन करती है।




लेखिका : प्रियंका सौरभ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

**ब्रह्मा के पुत्र, सृष्टि के विस्तारक :** दक्ष प्रजापति को ब्रह्मा जी ने सृष्टि के विस्तार के लिए नियुक्त किया था। वे उन 21 प्रजापतियों में से एक हैं, जिन्हें ब्रह्मा ने विविध जीवों की उत्पत्ति और उनके संचालन हेतु सृजित किया। 'दक्ष' का शाब्दिक अर्थ होता है जो दक्ष है, कुशल है, अनुशासित है और यह नाम उनके आचरण, कार्यों और योगदानों के अनुकूल भी है। उन्होंने सृष्टि के विविध तत्वों में संतुलन बनाए रखने हेतु अपनी कन्याओं का विवाह विभिन्न ऋषियों और देवताओं से किया। उनकी 27 कन्याओं का विवाह चंद्रमा से हुआ, जो कालगणना और प्रकृति चक्र के संचालन के लिए अत्यंत आवश्यक माना गया।

**यज्ञ परंपरा के मूल स्रोत :** दक्ष प्रजापति को वैदिक परंपरा में यज्ञाचार्य की सर्वोच्च उपाधि प्राप्त है। यज्ञ, जिसे हम कर्मकांड या धार्मिक कृत्य के रूप में जानते हैं, उसका उद्देश्य मात्र देवताओं की तुष्टि नहीं, बल्कि प्राकृतिक और सामाजिक संतुलन था। दक्ष के यज्ञों में वेदों की ऋचाओं का उच्चारण, मर्यादा और नियम का विशेष ध्यान रखा जाता था। उन्होंने समाज में यज्ञ को केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि सामाजिक कर्तव्य के रूप में स्थापित किया।

**पारिवारिक मर्यादा बनाम व्यक्तिगत अहं :** गुरु दक्ष का जीवन एक अद्भुत दार्शनिक ग्रंथ की तरह है। वह अध्याय जहां उन्होंने अपनी पुत्री सती और शिव के विवाह का विरोध किया, हमारे सामाजिक मनोविज्ञान पर गहरी रोशनी डालता है। दक्ष को शिव का आसामाजिक, भस्मधारी, स्मशानवासी स्वभाव स्वीकार नहीं था। वे मर्यादा, अनुशासन, और वेदों के विधानों के अनुकूल जीवन को ही श्रेष्ठ मानते थे, जबकि शिव इस परंपरा से इतर एक मुक्त योगी, एक तटस्थ महादेव थे, जो सामाजिक मान्यताओं से परे थे। यह विरोध एक ऐसी त्रासदी में बदल गया, जिसने सती के आत्मदाह, यज्ञ के विध्वंस और अंततः शिव के तांडव रूपी विनाश का मार्ग प्रशस्त किया। यह प्रसंग केवल पारिवारिक संघर्ष नहीं था, बल्कि 'संस्कृति बनाम साधना', 'परंपरा बनाम स्वतंत्रता', 'आस्था बनाम तर्क' के गहरे द्वंद्व को उजागर करता है।

**यज्ञ की विनाशगाथा: प्रतीक और संदेश :** दक्ष द्वारा शिव को आमंत्रण न देना, सती का अपमान, और फिर यज्ञ का विनाश यह त्रयी केवल पौराणिक कथा नहीं, बल्कि यह बताती है कि जब अहंकार, मर्यादा से बड़ा हो जाए, तो धर्म भी विनष्ट हो जाता है। दक्ष का यज्ञ विनाश एक सीख है कि धर्म केवल विधियों से नहीं, विनम्रता और समावेश से चलता है। शिव ने केवल यज्ञ विध्वंस नहीं किया, उन्होंने यह सिखाया कि एक पक्षीय धार्मिकता अधूरी होती है। दक्ष का अंत भी शिक्षा देता है। शिव ने अंततः उन्हें पुनर्जीवन दिया, किंतु एक बकरी के सिर के साथ। यह प्रतीक है, कि यदि हम सिर यानी विवेक खो बैठें, तो हमारी पहचान भी बदल जाती है, लेकिन यदि हम पुनरुद्धार की इच्छा रखें, तो पुनर्जन्म संभव है।




**आज के युग में गुरु दक्ष की प्रासंगिकता :** आज जब आधुनिक समाज अनुशासनहीनता, पारिवारिक विघटन और आध्यात्मिक खोखलेपन से जूझ रहा है, तब गुरु दक्ष की शिक्षाएं और दृष्टि अत्यंत प्रासंगिक हो जाती हैं। वे हमें याद दिलाते हैं कि जीवन में केवल स्वतंत्रता नहीं, अनुशासन भी आवश्यक है। केवल अधिकार नहीं, कर्तव्य भी आवश्यक हैं। केवल यश नहीं, मर्यादा भी महत्वपूर्ण है। आज के युवा जो आकर्षण और स्वच्छंदता के नाम पर सामाजिक दायित्वों से कटते जा रहे हैं, उनके लिए गुरु दक्ष का जीवन अनुकरणीय है। उन्होंने अपने कर्तव्यों, पुत्रियों के विवाह, यज्ञ के आयोजन और समाज संचालन में अनुशासन का जो आदर्श प्रस्तुत किया, वह आज भी मार्गदर्शन करता है।

**सामाजिक समरसता के प्रेरक :** गुरु दक्ष ने अपनी कन्याओं के विवाह विभिन्न ऋषियों, देवताओं, ग्रहों और नक्षत्रों से कराकर यह संकेत दिया कि सृष्टि में सभी का आपसी सहयोग आवश्यक है। नक्षत्र चंद्रमा के विवाह का ही उदाहरण लें, उन्होंने 27 कन्याओं को एक ही देवता को सौंपा। यह केवल खगोल विज्ञान नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, संतुलन और सह-अस्तित्व की भावना का प्रतीक है।

**समरसता और संतुलन का पथ :** गुरु दक्ष एक ही समय में अनुशासन और त्रुटियों के प्रतीक हैं। उन्होंने हमें यह भी दिखाया कि मर्यादा जब कठोर हो जाए, तो प्रेम का गला घुट जाता है, लेकिन साथ ही यह भी सिखाया कि त्रुटियों से शिक्षा लेकर पुनः धर्म पथ पर लौटा जा सकता है। उनकी जयंती पर हम यदि केवल दीप जलाकर, शोभायात्रा निकालकर रह जाएं, तो यह उस ऋषि का अपमान होगा जो कर्म, संस्कार, त्याग और संतुलन का मूर्त रूप था। हमें उनके जीवन से वह दृष्टि ग्रहण करनी चाहिए जो समाज को जोड़ती है, न कि तोड़ती है; जो धर्म को आडंबर नहीं, उत्तरदायित्व बनाती है।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

# प्रकृति से छेड़छाड़ का खामियाजा भुगत रही बेकसूर जनता


देवभूमि के जिला मंडी विधानसभा क्षेत्र सराज में विभिन्न स्थानों में बादल फटने की घटनाएं चिंता का विषय हैं। सराज पर कोई देविय प्रकोप बरपा, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। प्रकृति से छेड़छाड़ का खामियाजा आखिर बेकसूर जनता को भुगतना पड़ता है। किसी का मकान टूटने से अभिप्राय उसका सपना धराशाई होने समान है।



सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक

सपना जब टूटता तो लोगों को जिंदगी भी नरक लगना शुरू हो जाती है। नाजुक समय में ऐसे लोगों को सांत्वना, अपनापन और एकता दिखाए जाने से उनमें आशा की किरण प्रफुल्लित होती है। बदलते सामाजिक परिवेश के चलते आजकल प्रत्येक व्यक्ति अपना अलग पक्का मकान बनाए जाने पर अधिक तब्बजो देता है। बैंकों से ऋण लेकर भी लोग अपने सपनों को परवान चढ़ाते हैं। सरकारें भी पात्र लोगों को भवन निर्माण किए जाने की एवज में लाखों रुपए देकर उनकी आर्थिक मदद कर रही हैं। मकान का काम कभी समाप्त नहीं होता और लोगों की सांसें साथ छोड़ देती हैं।

बेरहम बाढ़ जब एक साथ सैकड़ों लोगों का आशियाना ध्वस्त करके चलती बने तो पीड़ितों की मनोस्थिति सिवाए उनके कोई नहीं जान सकता है। कुदरत ने सराज की जनता को इतने गहरे जख्म दिए, जिनकी भरपाई होना असंभव है। सराज वैली की पहाड़ियों का मलबा लोगों के घरों में समा चुका है। सड़कों का नामोनिशान खत्म होकर अब खड्ड का रूप धारण कर चुका है। सुख की सरकार विपक्ष के साथ मिलकर सराज की जनता को इस आपदा की घड़ी से उभारने में दिन रात प्रयासरत है।



समाजसेवी संस्थाएं सराज आपदा पीड़ितों के लिए लंगर व्यवस्था और रोजमरा की वस्तुएं उन्हें मुहैया करवाकर पीड़ितों का दर्द बांटने का काम कर रही हैं। हिमाचल की जनता के लिए सुखद बात यह की सतापक्ष, विपक्ष सराज आपदा पीड़ितों की मदद करके इतिहास रच रहे हैं, अन्यथा इससे पूर्व आपदा की घटनाओं में सतापक्ष, विपक्ष एक-दूसरे पर आरोप, प्रत्यारोप लगाकर राजनीति करते रहे जो की बिलकुल गलत बात थी। मुख्मंत्री सुक्खू भी सराज पहुंचकर आपदा पीड़ितों का कुशलक्षेम पूछकर उनकी हरसंभव मदद किए जाने का भरोसा दिला रहे हैं।

हिमाचल में 68 प्रतिशत भूमि पर घने जंगल हैं, इसलिए आपदा पीड़ितों का पुनर्वास केंद्र सरकार के सहयोग से संपन्न होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल को अपना दूसरा घर बताते हैं, इसलिए सराज में आपदा आने पर उन्हें पीड़ितों की हरसंभव मदद किए जाने का ऐलान करने में कतई देरी नहीं करनी चाहिए। गत तीन वर्ष में आपदाओं चलते पहाड़ की जनता का जनजीवन अस्त-व्यस्त होकर रह गया है। पिछली आपदा के जख्म भरते नहीं और आगे फिर हरे हो जाते हैं। सुख की सरकार ने सराज त्रासदी में बेघर हुए लोगों को नए पक्के मकान बनाने के लिए 7 लाख रुपए दिए जाने का भरोसा दिलाया है। सरकार स्वयं अपना कामकाज ऋण लेकर चला रही है। सराज में आपदा प्रभावितों का पुनर्वास राज्य सरकार के लिए बहुत बड़ी चुनौती है।

जमीन बाढ़ के पानी में बह चुकी है, ऐसे में भू-राजस्व विभाग अधिकारियों समक्ष भी उसकी पैमाइश करने में बड़ी दिक्कतें आने वाली हैं। सराज आपदा पर मुख्यमंत्री सुक्खू, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर दिल्ली में जाकर सराज के लिए विशेष आर्थिक पैकेज की मांग रखेंगे। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा भी आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करके पीड़ितों को हरसंभव मदद किए जाने का भरोसा दिला चुके हैं। समाज सेवकों को आज आपदा की घड़ी में सराज की जनता की मदद किए जाने को लेकर अपने हाथ आगे बढ़ाने चाहिएं। सराज का पुनर्वास किए जाना आज बहुत जरूरी है। एनडीए सरकार को हिमाचल प्रदेश को आपदा पीड़ित राज्य घोषित करके विशेष आर्थिक मदद करनी चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# गुरुद्वारा साहिब के आगे हाईवे धंसने से हादसे का बढ़ा खतरा

## लोगों ने पत्थर लगाकर किया चिन्हित, एनएचएआई से की समाधान की मांग

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

**पठानकोट-मंडी** नेशनल हाईवे-154 पर गुरुद्वारा साहिब से आगे वाले मोड़ पर सड़क का एक हिस्सा किनारे से धंस गया है, जिससे सड़क पर वाहनों की आवाजाही खतरे में पड़ गई है। हालात इतने खराब हैं कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो बड़ा हादसा हो सकता है।

स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की आशंका को देखते हुए धंसे हिस्से को पत्थर लगाकर चिह्नित किया है, ताकि दिन के समय वाहन चालकों को कोई भ्रम न हो। लेकिन रात के अंधेरे में यह हिस्सा खासा जोखिम भरा हो जाता है। क्षेत्रवासियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से मांग की है कि जल्द से जल्द इस धंसे हिस्से की मरम्मत कर सुरक्षित यातायात सुनिश्चित किया जाए। स्थानीय निवासी यह भी बता रहे हैं कि इस मोड़ से सड़क का पानी भूस्खलन के मलबे के साथ नीचे बसे घरों में घुस रहा है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने उपमंडल प्रशासन जोगिंदरनगर से क्षेत्र का शीघ्र निरीक्षण कर जरूरी कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में एनएचएआई के अधिकारी विकास सूरजेवाला ने बताया कि विभाग स्थिति पर नजर बनाए हुए है और जल्द ही धंसे हिस्से का अस्थाई समाधान किया जाएगा।

मौसम साफ होने पर स्थाई मरम्मत कार्य भी आरंभ किया जाएगा।क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से अपील की है कि किसी भी संभावित दुर्घटना से पहले इस संवेदनशील स्थल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।


गुरुद्वारा साहिब के आगे हाईवे धंसने का दृश्य।

# मंडी में चार मील के पास लैंडस्लाइड से चंडीगढ़-मनाली फोरलेन बाधित

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**मंडी।** चंडीगढ़-मनाली फोरलेन पर मंडी जिले के पंडोह के बीच चार मील के पास शनिवार दोपहर करीब 2 बजे भारी भूस्खलन के कारण सड़क अवरुद्ध हो गई। भूस्खलन के बाद से अब तक शाम 6:30 बजे तक सड़क को खोलने का कोई भी कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। इसके पीछे मुख्य कारण ऊपर से लगातार पत्थरों और मिट्टी का गिरना बताया जा रहा है, जिससे सुरक्षा की दृष्टि से किसी भी प्रकार की मशीनरी या श्रमिकों को मौके पर नहीं भेजा जा सका है। सड़क बंद होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों ने जोखिम उठाते हुए पैदल आवाजाही शुरू कर दी है। यह वैकल्पिक रास्ता लगभग एक से डेढ़ किलोमीटर लंबा है, जो जंगल के बीच से होकर गुजरता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते मलबा न हटाया गया, तो हालात और गंभीर हो सकते हैं। प्रशासन की ओर से अब तक कोई स्पष्ट सूचना या वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। प्रभावित यात्रियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द मार्ग को खोलने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।


चंडीगढ़-मनाली फोरलेन पर चार मील के पास लैंडस्लाइड का दृश्य।

**मिट्टी गिरने का सिलसिला जारी व लोग पैदल रास्ते से कर रहे आवाजाही**

# केंद्र सरकार ने हिमाचल की अनदेखी की : राजेश धर्माणी

अनंत ज्ञान, करसोग

**नगर** नियोजन, हाउसिंग व तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने शनिवार को करसोग में कहा कि राज्य सरकार पूरी तरह से आपदा प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है।

उन्होंने प्रभावितों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि करसोग के आपदा प्रभावितों की भी उसी समान मदद की जाएगी जिस समान सिराज विधानसभा क्षेत्र में की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार आपदा की इस घड़ी में भी आपदा प्रभावित हिमाचल प्रदेश की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने लैंड स्लाइड जैसी घटनाओं से निपटने के लिए एसडीआरएफ के अंतर्गत विभिन्न राज्यों को 1 हजार करोड़ से अधिक की राशि दी, लेकिन इसमें भी हिमाचल प्रदेश को पूरी तरह से अनदेखा किया गया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने एसडीआरएफ के अंतर्गत आसाम को 375 करोड़, मणिपुर को 29 करोड़, केरल को 153 करोड़, मेघालय को 30 करोड़, मिजोरम को 22 करोड़ रुपए, उत्तराखंड को 455 करोड़ रुपए जारी किए गए है, लेकिन हिमाचल प्रदेश को आपदा की इस घड़ी में भी कुछ नहीं दिया।


प्रभावितों का दुख-दर्द साझा करते हुए तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी।

## न्यूज ब्रीफ

### अनित बने एनएसयूआई के नए जिलाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा मंडी जिला के लिए नए जिलाध्यक्ष की घोषणा कर दी है। संगठन ने छात्र हितों के लिए प्रतिबद्ध अनित जसवाल को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है। यह अधिसूचना प्रदेश प्रभारी मुनीश्वर शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष अभिनंदन ठाकुर द्वारा जारी की गई। अनित जसवाल पिछले कई वर्षों से छात्र राजनीति में सक्रिय हैं और उन्होंने एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर समेत विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया है। सुंदरनगर में कैंपस अध्यक्ष व फिर जिला उपाध्यक्ष भी रहे हैं। उनके नेतृत्व में कई बार छात्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया है।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर पौधरोपण किया गया। समिति के सह सचिव ललित शर्मा ने बताया कि वैश्विक तापमान में हो रही वृद्धि और इससे जलवायु में हो रहे परिवर्तन के कारण मौसम में भारी बदलाव आया है। इससे प्रतिवर्ष बरसात के मौसम में आपदा आ रही है, जिसके चलते समिति प्रतिवर्ष बरसात के दौरान 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर पौधरोपण का कार्यक्रम चलाती है। इस वर्ष भी विश्व जनसंख्या दिवस पर समिति द्वारा पौध रोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जो कि 15 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा जिला मंडी, हमीरपुर व कुल्लू में अभियान चलाया गया, जिसमें 26 खंडों के 104 गांवों में पांच हजार पौधों का रोपण किया गया। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त तक इसका लक्ष्य 50 हजार पौधों का रखा गया है। 11 जुलाई को देवदार, नींबू, बान, आड़ू, शहतूत, लीची, पपीता आदि पौधों को लगाया गया, जिससे भविष्य में एक तो आमदनी होगी, दूसरा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों की भी कमी आएगी।

### आपदा प्रभावितों को दिए 4.50 लाख



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट कार्यकारिणी की मासिक बैठक अध्यक्ष चंद्रमणि की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें अनेक प्रस्तावों पर विचार किया गया। आपदा राहत पर विस्तृत चर्चा की गई, इसमें 32 सदस्यों ने भाग लिया। सर्वप्रथम उपस्थित 31 गंभीर रोगियों को 2,57,000 रुपए प्रदान किए गए। स्याठी गांव में आपदा के लिए 7500 रुपए हर प्रभावित व्यक्ति को स्वीकृत किए गए। 3 लाख रुपए एसडीएम जंजैहली को उनके सरकारी अधिकृत खाते में, सिराज क्षेत्र में आई आपदा के लिए स्वीकृत किया गया।

### दुर्गा मंदिर में श्रद्धा के साथ हुईं तीन शादियां

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** बरोट में स्थित दुर्गा माता मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है बल्कि अब यह विवाह संस्कारों के लिए भी प्रमुख स्थल बन गया है। जानकारी के अनुसार, पिछले लगभग दस वर्षों से यहां प्रति वर्ष 50 से अधिक विवाह संपन्न हो रहे हैं। इस वर्ष अब तक चौहार, छोटा भंगाल, पद्धर और जोगिंद्रनगर क्षेत्रों के 25 से 30 युवक-युवतियों की शादियां इस मंदिर में संपन्न हो चुकी हैं। शनिवार को विशेष रूप से एक ही दिन में चौहार घाटी के तीन जोड़ों ने मंदिर में मंत्रोच्चारण और पंडितों की उपस्थिति में विवाह संस्कार पूरे किए। विवाह के पश्चात नवविवाहित दंपतियों ने माता दुर्गा से आशीर्वाद लेकर अपने नए जीवन की शुरुआत की। मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष काहन सिंह ठाकुर ने बताया कि कम खर्च में सादगीपूर्ण ढंग से विवाह कराने के लिए यह मंदिर स्थानीय परिवारों की पहली पसंद बनता जा रहा है। पुजारी धर्मपाल ठाकुर ने बताया कि माता की कृपा और लोगों की आस्था इस परंपरा को लगातार सशक्त बना रही है। उन्होंने इसे एक सराहनीय सामाजिक पहल बताया।

### भगवान शिव के रौद्र रूप की कथा सुनी

**अभिषेक, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** नगर के ऐतिहासिक सनातन धर्म मंदिर प्रांगण में विगत सात दिनों से चल रही शिव महापुराण कथा का शनिवार को विधिवत समापन हुआ। इस आध्यात्मिक आयोजन में अंतिम दिन श्रद्धालुओं को भगवान शिव के रौद्र रूप और सती के आत्मदाह की मार्मिक कथा सुनने को मिली। कथा वाचक आचार्य तिलक शर्मा ने श्रद्धालुओं को बताया कि शिव पुराण न केवल शिव की महिमा का बखान करता है, बल्कि उसमें छिपे गूढ़ जीवन दर्शन भी मानव जीवन के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कथा के अंतिम दिन का मुख्य प्रसंग दक्ष प्रजापति द्वारा आयोजित यज्ञ और सती के आत्मदाह से संबंधित था। कथा के अनुसार, जब दक्ष प्रजापति ने अपने यज्ञ में जानबूझकर अपने जामाता भगवान शिव को आमंत्रित नहीं किया, तो यह बात सती को असह्य हो गई। शिव-पार्वती संवाद की भक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुति स्थानीय कीर्तन मंडली द्वारा दी गई, जिसने कार्यक्रम को और भी मनोहारी बना दिया। आचार्य तिलक शर्मा ने कथा के समापन अवसर पर सभी श्रद्धालुओं, सहयोगी मंडलियों, मंदिर समिति और सेवकों का आभार व्यक्त किया।

# पेंशनरों ने सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू को वित्तीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**प्रदेश** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने शिमला सचिवालय में सीएम सुक्खू से सौहार्दपूर्ण भेंट की। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आत्माराम शर्मा ने किया। उनके साथ महासचिव हुकम सिंह ठाकुर, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं मंडी जिला प्रधान हरीश शर्मा, मंडी से सचिव रोशन लाल कपूर सहित विभिन्न जिलों के प्रधान, सचिव और राज्य कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे।

इस दौरान पेंशनरों से जुड़ी विभिन्न लंबित वित्तीय मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपते हुए आग्रह किया कि पेंशनरों की समस्याओं के समाधान के लिए संयुक्त सलाहकार समिति का जल्द गठन कर उसकी बैठक आयोजित की जाए। प्रदेश मीडिया प्रभारी कुलदीप गुलेरिया ने बताया कि पेंशनर्स लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं और मुख्यमंत्री से हुई यह भेंट सकारात्मक रही। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान की दिशा में शीघ्र आवश्यक कदम उठाएगी।


सीएम से मिलते प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी।

# मुख्यमंत्री से की स्लैब प्रणाली हटाकर फ्लैट रेट लागू करने की अपील

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सिटीजन काउंसिल मंडी के प्रधान ओपी कपूर ने मुख्यमंत्री सुक्खू को एक पत्र लिखकर 1 अक्तूबर, 2024 से लागू की गई शहरी घरेलू जल दरों में की गई भारी वृद्धि के निर्णय का पुनरावलोकन करने का आग्रह किया है। उन्होंने मांग की है कि स्लैब प्रणाली को हटाकर एक समान फ्लैट रेट प्रणाली को अपनाया जाएं, जिससे आमजन को राहत मिल सके। पत्र में बताया कि 24 सितंबर, 2024 को सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार पहले जहां जल दर 13.86 प्रति किलोलीटर के फ्लैट रेट पर तय थी, वहीं अब 1 अक्तूबर, 2024 से इसे स्लैब प्रणाली में बदल दिया गया है। इसके तहत पहले 20 किलोलीटर पर 19.30 प्रति किलोलीटर, 20 से 30 किलोलीटर पर रुपए 33.28 प्रति किलोलीटर और 30 किलोलीटर से अधिक खपत पर 59.90 प्रति किलोलीटर की दर से शुल्क वसूला जा रहा है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि अक्टूबर 2024 से जून 2025 तक के जल बिल अब तक कुछ ही क्षेत्रों में वितरित किए गए हैं और जहां बिल पहुंचे हैं, वहां उपभोक्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है।

# केंद्र से आपदा प्रभावितों को वनभूमि में बसाने की मंजूरी लाने को पक्ष-विपक्ष हो एकजुट : विजयपाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**प्रदेश** कांग्रेस विचार मंच के पूर्व संयोजक एवं सराज कांग्रेस नेता विजयपाल सिंह ने कहा कि आपदा प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए लोगों की मलकियत भूमि नहीं रही है। ऐसे में वनभूमि में उन्हें बसाने के लिए केंद्र सरकार से मंजूरी लेनी अनिवार्य है, ऐसे में सत्ता पक्ष के अलावा विपक्ष को साथ मिलकर चलना होगा। मंडी में पत्रकारों से बात करते हुए विजयपाल सिंह ने कहा कि 30 जून की रात सराज क्षेत्र में भारी तबाही हुई है। उन्होंने कहा कि इस आपदा से हुई तबाही की पर्यावरण से संबंधित केस स्टडी की आवश्यकता है। इस आपदा से सराज क्षेत्र में करीब सात सौ घर ढह गए हैं, इससे कहीं अधिक गौशालाएं ढह गई है, जबकि ढाई हजार के करीब लोगों के घर असुरक्षित हो गए हैं। इस त्रासदी में 16 मेगावाट के पटीकरी प्रोजेक्ट का नामोनिशान मिट गया है। सड़कें, पेयजल योजनाएं और बिजली लाइनें बुरी तरह से प्रभावित हुई हैं। यहां तक कि सरकारी भूमि पर निकाली गई सड़कों का भी नामोनिशान नहीं बचा है। ऐसे में लोगों की निजी भूमि से सड़कें बहाल करनी पड़ रही हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे सड़कों की बहाली में अपनी ओर से योगदान दें। उन्होंने कहा कि सराज में अब राशन और कपड़ों की आवश्यकता नहीं है। अब सबसे ज्यादा जरूरत युवा वालंटियर की है जो जंजैहली, थुनाग और बगस्याड़ से सामान उठाकर दूर दराज के क्षेत्रों तक पहुंचाए, क्योंकि रास्ते खराब होने की वजह से खच्चरों के माध्यम से भी सामान नहीं पहुंच पा रहा है।



मंडी में पत्रकारों से बात करते हुए विजयपाल सिंह।

# आपदा प्रभावितों के लिए सांसद कंगना के पास बजट नहीं, अनुराग के पास समय नहीं : भूपेंद्र

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

- **माकपा नेता ने दोनों की सोच व कार्यशैली पर उठाए सवाल**
- **कहा, सांसद को जनता के लिए साल में मिलते हैं 5 करोड़**

**सरकाघाट।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी धर्मपुर-सरकाघाट लोकल कमेटी के सचिव व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने मंडी जिला में दो सप्ताह पहले आई आपदा के प्रभावितों के प्रति मंडी और हमीरपुर लोकसभा क्षेत्रों के सांसदों की गैर जिम्मेदाराना भूमिका की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि मंडी जिला का सराज, करसोग और धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र 29-जून को हुई प्रलयकारी बारिश से हुए भारी जान माल के नुकसान की मार झेल रहे हैं, जिसमें दर्जनों लोगों की जान चली गई है और सैकड़ो लोग बेघर हो गए हैं, लेकिन बड़े दुख और चिंता की बात है कि मंडी लोकसभा क्षेत्र की सांसद जब छह दिन बाद वहां पहुंची तो वहां पर दो तीन राजनैतिक टिपणियां करके बिना किसी सहायता किए वहां से लौट गई। यही नहीं उसने इस तरह की आपदा के लिए कोई बजट प्रावधान नहीं होने की बात कही, जबकि सबको मालूम है कि सांसद को एक साल में पांच करोड़ रुपए खर्च करने के लिए मिलते हैं। यहीं नहीं वो स्वयं भी फिल्म जगत में एक बड़ा नाम है और करोड़ों रुपए कमाती हैं तो ऐसे समय में कोई भी मदद न करना उसकी सोच को ही दर्शाता है। उसकी इस हरकत से भाजपा भी कटघरे में है, जिसने उसे सांसद का उम्मीदवार बनाया है और अब वे यह कह रही है कि उनके पास न कैबिनेट है न स्टॉफ है और न ही बजट है। लेकिन उसे ये मालूम नहीं नहीं है कि लोगों के रोज़मर्रा के ही काम जन प्रतिनिधियों को करने होते हैं।

दूसरी तरफ हमीरपुर लोकसभा के सांसद अनुराग ठाकुर तो उनके संसदीय क्षेत्र के धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के स्याठी और अन्य जगहों पर दर्ज़नो घरों के मलवे में दब जाने से बेघर हुए लोगों का कुशलक्षेम पूछने का अभी तक समय नहीं मिला है, जिससे भाजपा के इस तथाकथित युवा और ऊर्जावान सांसद की कार्यशैली भी जनता के सामने आई है और उससे जनता में इन दोनों भाजपा सांसदों की जनसेवा की पोल खुल गई है। ये केवल जनता को वोट बैंक के लिए ही इस्तेमाल करते हैं और ऐसे विकट परिस्थितियों में भी वे जनता की मदद के लिए आगे नहीं आये हैं जो बहुत ही निंदनीय है।

# विधायक ने सड़क निर्माण के लिए दिए 15 लाख

## चंद्रशेखर ने टीहरा और तनिहार पंचायत में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

अनंत ज्ञान, धर्मपुर

**विधायक** चंद्रशेखर ने शनिवार को टीहरा और तनिहार पंचायत में हाल ही में हुए भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। सकोह में एक घर को इस आपदा में भारी नुकसान पहुंचा है जबकि अन्य तीन घरों को इसकी चपेट में आने से नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं में कुल 14 से अधिक परिवार प्रभावित हुए हैं, जिन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। विधायक ने कहा कि प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री और आवश्यक सहायता मुहैया करवाई जा रही है।

इसके बाद विधायक चंद्रशेखर ने टिक्कर चम्यार, तनिहार, धलोण व नलयाणा का भी दौरा किया तथा विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने टीहरा बाजार क्षेत्र में चल रहे सड़क चौड़ीकरण के कार्य, टैक्सी स्टैंड व वर्षाशालिका निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने कमलाहिया रोड से मंदिर के रास्ते सहित गांव के अन्य 4 छोटे क्षतिग्रस्त रास्तों के निर्माण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने 2023 की प्राकृतिक आपदा में क्षतिग्रस्त इन रास्तों की मरम्मत के लिए विधायक निधि से सीमेंट उपलब्ध कराने की भी बात कही। विधायक ने टिक्कर चम्यार क्षेत्र में कई वर्षों से लंबित सड़क निर्माण की मांग को ध्यान में रखते हुए सड़क निर्माण के लिए 15 लाख की घोषणा की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने नल्याणा स्थित हाई स्कूल की छत निर्माण के लिए तथा नल्याणा प्राथमिक पाठशाला को 5-5 लाख देने की घोषणा की। इस मौके प्रधान ग्रांम पंचायत टिहरा अंजू कुमारी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश चंद, इंटक अध्यक्ष धर्मपुर प्रवीन कुमार, सपना, अश्वनी, प्रवीन सहित अन्य उपस्थित रहे।


आपदा प्रभावितों से मुलाकात करते हुए धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर।

# समग्र शिक्षा शिमला की टीम ने मंडी जिले के स्कूलों का किया निरीक्षण


मंडी जिला के प्रभावित स्कूलों का निरीक्षण करते हुए टीम के पदाधिकारी।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**राज्य** परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश राजेश शर्मा द्वारा गठित टीम द्वारा मंडी जिला के बाढ़ प्रभावित स्कूलों का निरीक्षण 12 से 15 जुलाई तक किया जाएगा।

शनिवार को जिला मंडी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बगस्याड, लामसाफड़, निहरीसुनाह के बाढ़ प्रभावित स्कूलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम में उपनिदेशक गुणवत्ता नियंत्रक एवं जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा मीना ठाकुर, उच्च शिक्षा उपनिदेशक यशवीर धीमान, प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक हरी चंद, समग्र शिक्षा शिमला की टीम, जिला सिविल वर्क कोऑर्डिनेटर डायट, बीपीओ, बीईईओ सराज और सराज सहायक अभियंता कुल्लू, कनिष्ठ अभियंता सराज शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान टीम ने विद्यालय परिसरों में वर्षा से हुई क्षति का गहन आकलन कर रिपोर्ट तैयार की। अधिकारियों ने बताया कि स्कूलों के पुनर्निर्माण तथा मुरम्मत के कार्य को शीघ्र आरंभ किया जाएगा।

# धर्मपुर में पति के खिलाफ घरेलू हिंसा का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** पुलिस थाना धर्मपुर में पति के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज किया गया है। गिरजानंद नाम का व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा है, इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। मामला ब्रह्मफल्ड डाकघर टोरजाजर धर्मपुर का बताया गया है। इस पर संज्ञान में लेते हुए धर्मपुर पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई की गई। पीड़िता सपना देवी को सुरक्षा प्रदान करते हुए उसका मेडिकल परीक्षण धर्मपुर अस्पताल में करवाया गया। आरोपी गिरजानंद के विरुद्ध घरेलू हिंसा अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है तथा मामले को अगली कानूनी प्रक्रिया के लिए अग्रेषित किया जा रहा है। डीएसपी धर्मपुर संजीव सूद ने बताया कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाले किसी भी प्रकार के उत्पीड़न, हिंसा या अभद्र व्यवहार को सहन नहीं किया जा सकता है। उन्होंने आम नागरिकों से भी निवेदन किया कि यदि आपके आसपास इस प्रकार की कोई भी घटना घटित होती है, तो उसे नजरअंदाज न करें, तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस ने महिला की शिकायत पर पति के खिलाफ घरेलु हिंसा के तहत मामला दर्ज कर लिया है और पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए छानबीन कर रही है।

# सशस्त्र सीमा बल के राहत दल ने 50 परिवारों को बांटे तिरपाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**सशस्त्र** सीमा बल के राहत दल द्वारा शनिवार को दूसरे चरण के तहत शनिवार को सिराज विधानसभा क्षेत्र के पचास आपदा पीड़ित परिवारों को तिरपाल बांटे गए। यह विशेष रूप से थुनाग, लेह थाच, लंबाथाच पंचायत से संबंधित पीड़ित व्यक्तियों को वितरण किया गया। राहत दल के नेतृत्वकर्ता उपनिरीक्षक पितांबर लाल एवं सहयोगी सदस्यों में उपनिरीक्षक नंद लाल, हेड कांस्टेबल ताराचंद दल में शामिल रहे, जिस प्रकार एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, भारतीय सेना, आईटीबीपी आपदा की इस घड़ी में सराज में वरदान साबित हुई है।

उसी प्रकार सशस्त्र सीमा बल प्रशिक्षण केंद्र शिमला का यह दल आपदा में त्रस्त क्षेत्र का लगातार दौरा कर आपदा के दौरान अपना घर खोने वाले व्यक्तियों को सर ढकने के लिए तिरपाल बांट कर संवेदनशील मानवीय सेवा कर रहा है। उपनिरीक्षक पितांबर लाल ने अपने स्टाफ का आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर माननीय पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की धर्मपत्नी डॉक्टर साधना ठाकुर की अगुआई में शनिवार के दिन पचास परिवारों को यह राहत प्रदान की गई। कैबिनेट मंत्री माननीय राजेश धर्माणी द्वारा भी बल के जवानों की इस कार्य के लिए प्रशंसा की है। इस मौके पर थुनाग पंचायत प्रधान श्री धनेश्वर सिंह, लेह थाच प्रधान तेज सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।


प्रभावित परिवारों को तिरपाल बांटते हुए।

# यशी इलेवन ने जीती डायना रेस्टरो क्रिकेट स्पर्धा

## 21 दिन चली प्रतियोगिता, समाजसेवी जय सिंह राणा ने किया समापन

अनंत ज्ञान, पधर

**उपमंडल** पधर की ग्राम पंचायत सीयून के खेल मैदान डायना पार्क में डायना रेस्टरो क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन धूमधाम के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र तथा अन्य जगहों से आई हुई तीन दर्जन से अधिक क्रिकेट टीमों ने भाग लिया। वहीं समापन समारोह की अध्यक्षता क्षेत्र के समाजसेवी व कजौटधार पंचायत के उपप्रधान जय सिंह राणा ने की।

खेल मैदान में पहुंचते पर मुख्यातिथि का खेल आयोजकों द्वारा शॉल टोपी पहनाकर सम्मानित किया। डायना रेस्टरो क्रिकेट कप का कप का शुभारंभ पधर मंडल भाजपा के अध्यक्ष राज ठाकुर ने किया, वहीं समापन समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी जय सिंह राणा ने की। वही यह क्रिकेट प्रतियोगिता लगभग 21 दिन चली। वहीं फाइनल क्रिकेट प्रतियोगिता का मुकाबला यशी इलेवन और डीआरसी क्लब के बीच खेला गया, जिसमें यशी इलेवन ने फाइनल मुकाबला जीत कर क्रिकेट कप अपने नाम किया, जबकि उपविजेता के रूप में डीआरसी क्लब रही। वहीं उन्होंने सबसे पहले क्रिकेट प्रेमियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से जहां युवाओं का शारीरिक और मानसिक विकास होता हैं वहीं युवाओं को आगे बढ़ने का हौंसला भी मिलता है। उन्होंने क्रिकेट प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए अपनी ओर से 21,000 रुपए की राशि भी भेंट की। मुख्यातिथि ने विजेता टीम को 25 हजार ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 15 हजार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन डीआरसी क्लब द्वारा करवाया गया।


विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि समाजसेवी जय सिंह राणा ।

# सुनील ठाकुर को प्राथमिक शिक्षक संघ की कमान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** प्राथमिक शिक्षक संघ, शिक्षा खंड गोपालपुर-द्वितीय, जिला मंडी की कार्यकारिणी का चुनाव सत्र 2025-2028 शनिवार को अंबेडकर भवन भांबला में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया की निगरानी चुनाव पर्यवेक्षकों रामकिशन अध्यक्ष सुंदरनगर प्रथम, जीवन सिंह यादव अध्यक्ष सलवाहन और हरीश ठाकुर अध्यक्ष सुंदरनगर द्वितीय ने की। चुनाव में सभी पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से चुना गया। सुनील ठाकुर को अध्यक्ष, अशोक वर्मा को उपाध्यक्ष, चंद्रमणि ठाकुर को महासचिव, बतन सिंह को कोषाध्यक्ष, रीता गुलेरिया को महालेखाकार, दिलीप राव को मुख्य सलाहकार और राजेश डोगरा को सचिव चुना गया। इसके साथ ही महिला विंग का गठन भी सर्वसम्मति से हुआ।

**सम्मान** डीएवी विक्टोरिया ब्रिज में हुआ सम्मान समारोह, इंटेक मंडी चैप्टर ने की प्रतिभा की सराहना

# चित्रकला-निबंध में अनन्या बनी क्षेत्रीय विजेता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**भारतीय** सांस्कृतिक निधि मंडी चैप्टर द्वारा आयोजित अखिल भारतीय चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में डीएवी आर्य समाज स्कूल की छात्रा अनन्या ने राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्रीय विजेता का गौरव हासिल किया। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में शनिवार को डीएवी स्कूल विक्टोरिया ब्रिज मंडी में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटेक) मंडी चैप्टर के संयोजक नरेश मल्होत्रा रहे, जिन्होंने अनन्या को नई दिल्ली मुख्य कार्यालय से प्राप्त ट्रॉफी व पुस्तकों का स्मृति चिह्न स्वरूप भेंट किया। इसके साथ ही इंटैक मंडी चैप्टर की ओर से भी अनन्या को एक सम्मान ट्रॉफी प्रदान की गई। गत वर्ष आयोजित इस प्रतियोगिता में मंडी शहर के विभिन्न विद्यालयों के करीब 72 छात्रों ने भाग लिया था। प्रतिभागियों ने भारतीय विरासत से संबंधित विषयों पर निबंध लेखन और चित्रकला के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया था। प्रतिभागी बच्चों के कार्य नई दिल्ली मुख्यालय को भेजे गए थे, जहां से चयन उपरांत अनन्या को क्षेत्रीय स्तर पर श्रेष्ठ घोषित किया गया।

इस अवसर पर इंटैक मंडी चैप्टर के सह संयोजक अनिल शर्मा, सदस्य कमलकांत शर्मा और राजीव कुमार, स्कूल प्रबंधन समिति के सचिव डॉ. नरेश वैद्य, प्रधानाचार्य संगीता कपूर, शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए नरेश मल्होत्रा ने विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों व विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी और बच्चों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य संगीता कपूर ने इंटैक मंडी चैप्टर का आभार व्यक्त करते हुए आग्रह किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के रचनात्मक व सांस्कृतिक आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित किया जाए, जिससे छात्रों में जागरूकता और गर्व की भावना विकसित हो।


राष्ट्रीय चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता में क्षेत्रीय विजेता अनन्या को सम्मानित करते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### संघ ने सीएम व डिप्टी सीएम का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, बड़ूही/हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश प्राथमिक सहकारी सभाओं की कर्मचारियों की संशोधित वेतनमान महंगाई भत्ता देने की मांग को पूरा करके कर्मचारी हितेषी सरकार होने का प्रमाण दिया है। इस फैसले से प्रदेश के कर्मचारियों में खुशी है। इस ऐतिहासिक फैसले के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का आभार प्रकट किया है। इसको लेकर शीघ्र ही प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल मिलकर धन्यवाद करेगा। इस फैसले से प्रदेश के सहकारी ढांचे को सशक्त बनाने में प्रदेश के कर्मचारी इस आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने में भरसक प्रयास करेंगे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष विजय शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा, प्रदेश महासचिव रजनीश गुलरिया, धीरज शर्मा, सुरेंद्र सिंह, महावीर, अमित कुमार, रणवीर सिंह, प्रवेश कुमार, विपिन कुमार ने इस फैसले पर सरकार का आभार प्रकट किया है।

### हिमाचल फुटबाल टीम के चयन के लिए लगाया शिविर

**अनंत ज्ञान, ऊना।** इंदिरा गांधी स्टेडियम में डॉ. बीसी राय ट्रॉफी के लिए हिमाचल प्रदेश जूनियर फुटबाल टीम का चयन किया जा रहा। यह प्रतियोगिता मध्य प्रदेश में 25 जुलाई से आरंभ होगी। इस चयन शिविर में पूरे प्रदेश से लगभग 150 बच्चे भाग ले रहे है, जिसको लेकर हिमाचल प्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के महासचिव ने बहुत प्रसन्नता जताई । एसोसिएशन के महासचिव सुनील शर्मा हिमाचल प्रदेश फुटबाल एसोसिएशन अध्यक्ष के मार्गदर्शन से हिमाचल फुटबाल दिन-रात तरक्की कर रहा। इस अवसर पर जितेंद्र सैनी अध्यक्ष जिला फुटबाल संघ ऊना और सुखविंदर सिंह सैनी महासचिव ने जानकारी दी कि टीम का प्रशिक्षण शिविर मैहतपुर में आयोजित होगा। चयन प्रक्रिया के लिए हिमाचल फुटबाल एसोसिएशन के चयनकर्ता भूपिंदर ठाकुर मिठू, विशाल ठाकुर, पंकज दत्ता, कश्मीर सिंह टीम का चयन कर रहे हैं। इस अवसर पर चंदन, रीना, राजकुमार दत्ता, अभिषेक, डॉ. सुमित शर्मा, संदीप कुमार लाली, इरशाद, मनिंदर सिंह और कोच शक्ति मौजूद थे।

### मोहन लाल को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उत्तर रेलवे के लुधियाना स्थित इलेक्ट्रिक लोकॉशेड में लगभग 40 वर्ष तक सेवा देने वाले सीनियर सेक्शन इंजीनियर मोहन लाल शर्मा सेवानिवृत्त हुए। मोहन लाल शर्मा का उनके पैतृक गांव टक्का में भावभीना सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस खास अवसर पर उत्तर रेलवे के सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर दिनेश शर्मा सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी विशेष रूप से टक्का गांव पहुंचे और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर मोहन लाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि रेलवे ने मुझे जिम्मेदारी, अनुशासन और समर्पण का जो पाठ पढ़ाया है, अब उसी भाव से मैं अपने गांव और समाज के लिए काम करना चाहता हूं। बीसीसी महिला गगरेट की पूर्व उपाध्यक्ष बिमला शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी ओम प्रकाश शर्मा, सामनोली पंचायत के प्रधान अरुण शर्मा, उत्तर रेलवे के ट्रैफिक इंस्ट्रक्टर राकेश शर्मा, एलजी इंडिया डीजीएम प्रवीण भारद्वाज तथा ग्राम पंचायत न्याड़ी के पूर्व प्रधान देवी चंद शर्मा सहित कई स्थानीय नेता, समाजसेवी और ग्रामीणों ने मोहन लाल शर्मा को शुभकामनाएं व सम्मान प्रदान किया।

### बंगाणा कॉलेज की पत्रिका का भव्य विमोचन



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में आयोजित एक भव्य समारोह में कॉलेज की वार्षिक पत्रिका 'द न्यूज डायरी' का विमोचन हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय वाणिज्य विभाग के प्रोफ़ेसर ओपी वर्मा ने किया । शनिवार को आयोजित हुए इस कार्यक्रम में उन्होंने महाविद्यालय के प्राचार्य, एडिटोरियल बोर्ड के सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय बंगाणा के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने बताया कि यह पत्रिका कॉलेज में वर्षभर चली विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों की झलक प्रस्तुत करती है। द न्यूज डायरी के चीफ एडिटोरियल प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने बताया कि द न्यूज डायरी कॉलेज की गतिविधियों का आईना है, बल्कि यह विद्यार्थियों की रचनात्मक गतिविधियों, और नवाचार को एक मंच भी प्रदान करता है। यह पत्रिका कॉलेज की प्रगति, परंपराओं और उपलब्धियों को सहेज कर रखने का अद्भुत माध्यम है। इस अवसर पर प्रोफेसर अनिल शर्मा, डॉ. विनोद कुमार, प्रोफेसर कृष्ण चंद, प्रोफेसर कमलेश आदि मौजूद रहे।

### देवभूमि फाउंडेशन ने मंडी भेजी राहत सामग्री



**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बड़ूही।** प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे मंडी जिले के लोगों के लिए मदद के हाथ उठ रहे हैं। सरकार के साथ-साथ विभिन्न समाजसेवी संगठन भी आपदा प्रभावितों की मदद कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज देवभूमि फाउंडेशन ऊना के सौजन्य से पंचायत खरयालता तलमेहड़ा के गांव लालशाह और पंचायत डीहर के गांव खडोह के लोगों के साथ मिलकर मंडी जिला के आपदा प्रभावितों के लिए राहत सामग्री भेजी, जिसमें राशन, कपड़े, बर्तन, कंबल, जूते एवं नकद राशि शामिल है। इस पुण्य कार्य करने में रिटायर्ड कैप्टन मदन मदन लाल ठाकुर, नितिन चौहान, पवन शर्मा, विनोद शर्मा, अंजली शर्मा, बीना देवी, सोमा देवी, अशोक कुमार, विजय कुमार, देसराज शिवकुमार, रिंकू भारद्वाज, सुरेंद्र शर्मा, सुनील कुमार, रीता देवी, सपना शर्मा ने सहयोग किया। देवभूमि फाउंडेशन ऊना के अध्यक्ष प्रिंस ठाकुर ने कहा कि सभी को आपदा प्रभावितों की मदद करनी चाहिए।

# ...जब रास्ता बनते देख ग्रामीणों की आंखों में छलक पड़े खुशी के आंसू

**अनंत ज्ञान टीम, पंजावर/ऊना**



रास्ते के निर्माण से खुश पंजावर गांव के एक मोहल्ले के लोग।

रास्तों को मनुष्य के जीवन की लाइफ लाइन कहा जाता है। युग परिवर्तन के दौर में सब लोग अपने घर-द्वार तक पक्का रास्ता चाहते हैं। ऐसे में ऊना जिले के पंजावर गांव के एक मोहल्ले के लोग पक्के रास्ते की कमी से जूझ रहे थे। भूमि के विवाद और कुछ अन्य तकनीकी कारणों से हरोली के पंजावर पंचायत में एक मोहल्ला पक्के रास्ते की समस्या से जूझ रहा था। प्रधान के लगातार चार वर्षों के प्रयास रंग लाए और विवाद हल हो गया। इस मोहल्ले के लोग पक्का रास्ता बनते देख इतने भावुक हुए कि मीडिया के सामने भावुक होकर रोने लगे।

आखिर ऐसा क्या हुआ कि अस्सी साल की महिला की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। बता दें कि जिले के हरोली विधानसभा क्षेत्र के गांव पंजावर में घरों में जाने वाले रास्ते के लिए भूमि डोनेट कर ग्रामीणों ने दरियादिली दिखाई है। पंचायत प्रधान नीलम मनकोटिया के अथक प्रयासों से गांव के वार्ड पांच

**उम्मीद छोड़ चुके ग्रामीणों को प्रधान की बदौलत नसीब हुआ पक्का रास्ता**

में ग्रामीणों को अपने घर के लिए पक्का रास्ता बनने का सपना साकार हुआ है। पंचायत ने रास्ते को पक्का करने का निर्माण शुरू कर दिया है। रास्ते के निर्माण से स्थानीय लोग खुशी से झूम उठे हैं।

गांव की 80 वर्षीय वृद्धा सेवानिवृत्त अध्यापिका आशा देवी ने बताया कि रास्ता न होने से अपने घरों को आने जाने के लिए कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। रास्ते को लेकर भूमि को लेकर कई प्रकार की पेचीदगियां रहीं, लेकिन फिर भी प्रधान ने जन हित में उच्च आदर्शों को अपनाते हुए लोगों को समझाकर मनाकर वर्षों लंबित मसले को हल कर इतिहास रच दिया।

उन्होंने कहा कि उन्होंने सपने में नहीं सोचा था कि जीवन में कभी रास्ता बन पाएगा। वहीं, गुरबख्श सिंह व कंबल सिंह मनकोटिया ने कहा कि पक्की सड़क का निर्माण कर प्रधान ने जीते जी उनका सपना साकार कर दिया है। जिसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने बताया कि पीड़ित लोगों ने मामले को स्थानीय पंचायत प्रधान नीलम मनकोटिया के समक्ष उठाया गया था तो प्रधान ने भूमि डोनेट करने को लेकर सभी को राजी किया और इस रास्ते का निर्माण कार्य औपचारिकताओं को पूरा किया है। इस रास्ते पर लाखों की राशि खर्च की जा रही है।

**प्रधान ने क्या कहा**



**प्रधान** नीलम मनकोटिया ने कहा कि पक्के रास्ते के निर्माण पर लाखों की राशि खर्च की जा रही है। उन्होंने रास्ते के लिए सहयोग देने वाले ग्रामीणों का धन्यवाद किया और विकास का श्रेय डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री को दिया है। उन्होंने कहा कि गांव में विकास की रफ्तार लगातार जारी है।

# चिंतपूर्णी में श्रावण अष्टमी के मेले को लेकर तैयारियां शुरू

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी में श्रावण अष्टमी मेले के सफल आयोजन को लेकर मंदिर प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मंदिर मुख्य मार्ग बाजार में बिजली कर्मचारियों द्वारा विद्युत उपकरणों की मरम्मत और उचित रखरखाव के लिए कार्य शुरू कर दिया गया है। शनिवार सुबह से ही मंदिर में तैनात बिजली कर्मचारियों द्वारा कैंची गेट से लेकर गेट नंबर 1 और 2 के मध्य सभी प्रकार के बिजननर उपकरणों की जांच की जा रही है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि श्रावण अष्टमी मेले के दौरान बिजली आपूर्ति सुचारु रूप से बनी रहे।

**श्रावण अष्टमी मेले की तिथियां :** श्रावण अष्टमी मेला 25 जुलाई से लेकर 3 अगस्त तक मनाया जाएगा। इस दौरान मंदिर प्रशासन श्रद्धालुओं को दी जाने वाली सुविधाओं को सुनिश्चित करने में जुटा हुआ है।

**क्या बोले मंदिर अधिकारी :** मंदिर अधिकारी अजय मंडियाल ने बताया कि श्रावण अष्टमी मेले के सफल आयोजन को लेकर सभी विभागों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

बिजली, पेयजल और सफाई संबंधी कर्मचारियों को अपनी सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा सकें। श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं मंदिर प्रशासन का उद्देश्य है कि श्रावण अष्टमी मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।



चिंतपूर्णी मेले के लिए तैयारियां शुरू , मुख्य मार्ग पर छत का सुधार करते कामगार

## पूर्व शारीरिक शिक्षा अध्यापक का हृदय गति रुकने से निधन

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तलमेहड़ा के पूर्व शारीरिक शिक्षा अध्यापक सुभाष चंद का पिछले कल आकस्मिक निधन हो गया। वह हृदय गति रुकने के कारण इस संसार से विदा हो गए। उनके इस असामयिक निधन से शिक्षा जगत एवं क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। स्वर्गीय सुभाष चंद शर्मा एक समर्पित अनुशासित एवं विद्यार्थियों के प्रति अत्यंत प्रेरणादायक शिक्षक थे। उन्होंने अपने पूरे सेवाकाल में न केवल शारीरिक शिक्षा को बढ़ावा दिया, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिताएं एवं अभ्यास सत्र छात्रों में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का संचार करते थे।



उनके निधन पर सेवानिवृत्त प्रवक्ता जीवन मोदगिल सहित विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों ने गहरा दुख प्रकट किया है। एक संयुक्त शोक संदेश में सभी ने कहा कि सुभाष चंद एक सौम्य स्वभाव, विनम्र व्यक्तित्व और सेवा भावना से परिपूर्ण व्यक्ति थे।उ नके जाने से विद्यालय परिवार को एक अपूर्णीय क्षति हुई है।

## बीत क्षेत्र सिंचाई योजना-2 के लिए केंद्र से पहली किस्त जारी

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**ऊना।** हरोली विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। केंद्र सरकार ने बीत क्षेत्र सिंचाई योजना-2 के लिए 20.25 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी कर दी है। यह योजना उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के दूरदर्शी और सतत प्रयासों का प्रतिफल है, जिसे भारत सरकार के जलशक्ति मंत्रालय ने मार्च 2025 में स्वीकृति प्रदान की थी। योजना की कुल लागत 75 करोड़ रुपए है, जिसमें 90 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार और 10 प्रतिशत राज्य सरकार वहन करेगी।

इस योजना के तहत बीत, पालकवाह, कर्मपुर क्षेत्र के 22 से अधिक गांवों की लगभग 50 हजार कनाल कृषि भूमि को बेहतर सिंचाई सुविधा मुहैया होगी। इससे क्षेत्र की कृषि उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है। बता दें, यह योजना उपमुख्यमंत्री के हर खेत को पानी पहुंचाने की प्रतिबद्धता का सुफल है और उनके दूरदर्शी और लक्षित प्रयासों से संभव हुई है। इस योजना की मंजूरी के लिए उन्होंने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री से कई चरणों में

**हरोली के 22 से अधिक गांवों की 50 हजार कनाल भूमि को मिलेगा सिंचाई लाभ**

**उपमुख्यमंत्री की 'हर खेत को पानी' पहुंचाने की प्रतिबद्धता का सुफल है यह योजना**



बैठकें कीं और हिमाचल प्रदेश का पक्ष प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। डीपीआर की स्वीकृति सहित सभी तकनीकी प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद अब इसकी पहली किस्त जारी की गई है। उपमुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए राज्य सरकार तथा जलशक्ति विभाग के अधिकारियों के प्रयासों को सराहा।

मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि इससे पहले बीत क्षेत्र उठाऊ सिंचाई योजना के पहले चरण में 42 करोड़ रुपए की लागत से 9 गांवों की 29 हजार कनाल भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाई गई थी। उन्होंने कहा कि बीत क्षेत्र एक समय गंभीर जल संकट से जूझ रहा था, लेकिन अब यहां नकदी फसलों का उत्पादन बढ़ा है और किसान कृषि कार्यों में पुनः सक्रिय हुए हैं। जिन क्षेत्रों में ट्यूबवेल नहीं पहुंचे हैं, वहां नई योजना के माध्यम से जल उपलब्ध करवाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य हर खेत को पानी और हर किसान को राहत पहुंचाना है। इस दिशा में हम योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहे हैं और परिणाम धरातल पर दिखाई दे रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि हरोली क्षेत्र में जल आपूर्ति और सिंचाई क्षेत्र से जुड़ी परियोजनाओं पर कुल 325 करोड़ रुपए की लागत से कार्य किया जा रहा है। इनमें बीत क्षेत्र में 66 करोड़ रुपए की योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं।

पोलियां में 50 लाख लीटर और दुलैहड़ में 25 लाख लीटर जल संग्रहण क्षमता वाले टैंक तैयार किए गए हैं। पाइपलाइन विस्तार कार्य भी पूर्णता की ओर है। बल्क ड्रग पार्क के लिए पेयजल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त, पुराने तालाबों व टोबों की रिचार्जिंग के लिए 12 करोड़ रुपए, पेयजल योजनाओं पर 105 करोड़ रुपए और सिंचाई परियोजनाओं पर 130 करोड़ रुपये की लागत से कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र में नालों के तटीकरण पर भी 13 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं।

## अंब अंदौरा-अंबाला पैसेंजर का हिसार विस्तार बना सिरदर्द

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जब से गाड़ी संख्या 64563 का विस्तार हरियाणा के हिसार जिले के रायपुर हरियाणा स्टेशन तक हुआ है, तब से अंब अंदौरा और ऊना हिमाचल के क्षेत्र के लोगों के लिए परेशानी बढ़ गई है, क्योंकि जब-जब यह रेलगाड़ी अपनी समयसारिणी के अनुसार नहीं चलती है, तब अंबाला रेल मंडल तानाशाही तरीके से इस ट्रेन को पंजाब के अंतिम स्टेशन नंगल डैम तक ही सीमित रखता है और नंगल डैम से आगे इसे रद्द कर दिया जाता है। ऊना के अजय गुप्ता, नरेश कुमार, देवराज, अवनीश का आरोप है कि अंबाला रेलवे हमेशा से ही ऊना जिले के साथ भेदभाव करता रहा है, ऐसे में क्षेत्र के लोगों में रेलवे के प्रति नाराजगी बढ़ती ही जा रही हैं क्योंकि उनका कहना है कि हमारे क्षेत्र से इस रेलगाड़ी के बाद अगली रेलगाड़ी 14054 हिमाचल एक्सप्रेस सात घंटे के लंबे अंतराल के बाद चलती है।

**जनता का सवाल-रेलवे की ऊना से मनमानी क्यों**

चंडीगढ़ और अन्य शहरों में जाने वाले यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ती है। वहीं, दूसरी तरफ रेलवे ने कई ट्रेनों को मनमाने तरीके से नंगल डैम तक ही सीमित रखा हुआ है, ऐसे में इस ट्रेनों का विस्तार अंब अंदौरा तक होता है तो रेलवे की आय में बढ़ौतरी होगी, साथ ही जनता को सुविधा मिलेगी।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम का जिले में स्थापित होगा अस्पताल

**सन्नी पुरी, अनंत ज्ञान**

**गगरेट।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम जिला ऊना में सौ बिस्तर का अस्पताल स्थापित करने जा रहा है, जिसके लिए निगम ने राज्य सरकार को भूमि उपलब्ध करवाने को कहा है, लेकिन जो भूमि प्रदेश सरकार द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अस्पताल के लिए उपलब्ध करवाई जा रही है, उसे लेकर उद्योगपति एकमत नहीं हैं। बताया जा रहा है कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अस्पताल के लिए हरोली विधानसभा क्षेत्र के गोंदपुर जयचंद में भूमि चिन्हित की गई है।

उद्योगपतियों का तर्क है कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम का अस्पताल का निर्माण जिले में ऐसे स्थान पर हो, जहां पर सभी औद्योगिक क्षेत्रों के कामगारों के लिए आवागमन सुगम हो। उद्योगपतियों ने प्रदेश सरकार से सारी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ही ईएसआईसी अस्पताल के लिए भूमि चिन्हित करने की मांग की है। जिले में मैहतपुर, बाथू-भाथड़ी-टाहलीवाल, अंब, गगरेट व जीतपुर बेहड़ी प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र हैं। गोंदपुर जयचंद पंजाब-हिमाचल की सीमा पर स्थित है। यहां से महज बाथू-बाथड़ी-टाहलीवाल औद्योगिक क्षेत्र ही नजदीक पड़ता है जबकि अन्य औद्योगिक

**उद्योगपतियों ने की सही भूमि चयनित करने की मांग**

क्षेत्र दूर हैं। उद्योगपतियों का तर्क है कि अगर गोंदपुर जयचंद में ईएसआईसी का अस्पताल बनता है तो कामगारों को वहां उपचार के लिए जाने के लिए चार-चार बसें बदलनी पड़ेंगी। अंब, गगरेट व जीतपुर बेहड़ी औद्योगिक क्षेत्रों के लिए इससे नजदीक तो होशियारपुर पड़ेगा, ऐसे में वहां कोई कामगार उपचार के लिए नहीं जा सकेगा।

इसके चलते यह अस्पताल महज सफेद हाथी ही साबित होगा। उद्योगपतियों का कहना है कि कामगारों के हितों को ध्यान में रखते हुए जिले में कोई ऐसा स्थान अस्पताल के निर्माण के लिए निर्धारित किया जाए, जहां कामगार आसानी से पहुंच सकें। अस्पताल के निर्माण के लिए पांच से सात एकड़ भूमि चाहिए। उपमंडल औद्योगिक संघ के प्रधान प्रमोद शर्मा व महासचिव सुरेश शर्मा का कहना है कि प्रदेश सरकार ईएसआईसी अस्पताल के लिए किसी सुगम स्थान पर ही जमीन उपलब्ध करवाए। उधर ईएसआईसी के क्षेत्रीय निदेशक कर्नल मंजीत कटोच ने कहा है कि प्रदेश सरकार, जहां जमीन उपलब्ध करवाई जाएगी, वहीं अस्पताल बनेगा।

## कल बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** सोमवार को सुबह 9 से शाम 6 बजे तक 33/11 केवी विद्युत उपकरण अंब भरवाई में स्थापित विद्युत उपकरणों का परीक्षण करने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। प्रभावित क्षेत्र में 33 केवी भरवाईं, चिंतपूर्णी, धर्मसाल महंता, धलवाड़ी फीडर इसके आसपास के क्षेत्र जैसे कि धर्मसाल, महंता, गिडपुर, खरोह, बेहड़ भटेड़, शीतला ज्वाल, घघरेट, गंगुनाला, चिंतपूर्णी बाजार, नारी, वधमाणा, छपरोह, कोटली, डूहल भटबाला, डूहल वंगवाला, भरवाईं, अरनवाल, गूरेट, लोहारा, गुरल, मोईन, किन्नू आदि। बिजली आपूर्ति बाधित रहने की अवधि सुबह 9 से शाम 6बजे तक होगी। यदि मौसम खराब रहता है, तो यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

यह जानकारी विद्युत उपमंडल भरवाईं के सहायक अभियंता रविंद्र शर्मा ने दी है। लोगों से अनुरोध है कि वे अपनी आवश्यकताओं के अनुसार योजना बनाएं।

## सीएम ने आपदा प्रभावितों को बिना भेदभाव दी सहायता : विवेक शर्मा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने मुख्यमंत्री सुक्खू की मानवता और दरियादिली की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सराज और थुनाग क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए जो कदम उठाए हैं, वे राजनीतिक सीमाओं से ऊपर उठकर किए गए हैं। विवेक शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने न केवल पीड़ितों की स्थिति को गंभीरता से समझा, बल्कि उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए तुरंत और प्रभावशाली कदम भी उठाए।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा बाढ़ पीड़ित परिवारों को सात-सात लाख रुपए की राहत राशि देने की घोषणा की, यही नहीं, भूमिहीन परिवारों को भूमि उपलब्ध करवाई जा रही है और हर महीने 15,000 रुपए की आर्थिक सहायता देने की व्यवस्था भी की गई है। इसके अलावा सरकार ने राशन, कपड़ों और अन्य जरूरी वस्तुओं की भी व्यवस्था की है, ताकि बाढ़ पीड़ितों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस त्रासदी में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को पांच लाख रुपए तक का मुआवजा भी प्रदान किया गया है। विवेक शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह इलाका विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का विधानसभा क्षेत्र है, लेकिन मुख्यमंत्री सुक्खू ने बिना किसी राजनीतिक द्वेष के इस क्षेत्र के नागरिकों की मदद की है। यह एक मिसाल है कि सरकार किस प्रकार जनकल्याण को प्राथमिकता देती है और आपदा की घड़ी में सभी नागरिकों को समान रूप से सहयोग प्रदान करती है।

उन्होंने विपक्ष नेता जयराम ठाकुर पर भी तीखा हमला करते हुए कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार होने के बावजूद जयराम ठाकुर ने एक बार भी बाढ़ पीड़ितों के लिए केंद्र सरकार से आर्थिक सहायता की मांग नहीं की। विवेक शर्मा ने कहा कि विपक्ष के नेता को चाहिए था कि वे दिल्ली जाकर प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार से विशेष आपदा राहत पैकेज की मांग करते, ताकि राज्य सरकार को और मदद मिल सके और प्रभावित परिवारों को जल्द राहत मिल पाए। विवेक शर्मा ने कहा कि यह समय राजनीति करने का नहीं, बल्कि एकजुट होकर लोगों की सेवा करने का है।

## संस्थाएं मंडी प्रभावितों की मदद को आगे आईं, सरकार नदारद : विनय

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भाजपा के जिला प्रवक्ता विनय शर्मा ने कहा कि भारी बरसात से हुए नुकसान के कारण आपदा ने पूरे हिमाचल को झकझोर कर रख दिया है। ऐसी आपदा की घड़ी में सभी हिमाचलवासी और संस्थाएं एकजुट होकर पीड़ितों की मदद को आगे आ रहे हैं, जो विश्व में मिसाल पेश कर रहे हैं। भाजपा के नेता जयराम ठाकुर निरंतर दिन-रात एक कर भूख, प्यास और स्वास्थ्य की परवाह किए बिना लोगों के बीच में हैं और लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान करवाने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया कि ऐसी घड़ी में कांग्रेस की प्रदेश सरकार गायब दिखाई दे रही है।



विनय शर्मा ने कहा कि जहां प्रदेश सरकार ओर प्रशासन को लोगों के बीच में जाकर सहायता करनी चाहिए थी, वहीं सरकार के नुमाइंदे आपदा प्रभावित लोगों को पीठ दिखाकर छुपते फिर रहे हैं, जो काम हिमाचलवासी और संस्थाएं खुद कर रही हैं, वे सरकार को त्वरित रूप से करना चाहिए था। विनय ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू लोगों के बीच अपनी लोकप्रियता और प्यार तो खो ही चुके हैं, लेकिन अब तो जनता का उनसे पूरा विश्वास भी उठ गया है।

उन्होंने कहा के मुख्यमंत्री की ईमानदारी पर लोग इतना यकीन करते हैं कि मुख्यमंत्री की अपील करने के बाद भी मुख्यमंत्री राहत कोष में दान देने की जगह हिमाचलवासी खुद गाड़ियां भर-भरकरआपदा ग्रस्त इलाकों में स्वयं भेज रहे हैं ताकि मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया पैसा जनता तक पहुंचेगा भी की नहीं, सुक्खू सरकार पर रति भर भी यकीन नहीं रहा है। मुख्यमंत्री मात्र फोटो ही खिंचवाते हैं ताकि हिमाचलवासी गुमराह हो सके, लेकिन इस बार जनता ने बता दिया है कि आपकी भ्रष्टाचारी सरकार पर अब कोई विश्वास नहीं रहा है। विनय शर्मा ने कहा के ऊना में भी लोगों का काफी नुकसान हुआ, लेकिन सरकार के प्रतिनिधि और प्रशासन कहीं दिखाई नहीं दिए।

**सख्ती** बंगाणा के रामगढ़ धार के गहरा में हुए अवैध कटान का मामला गर्माया, विजिलेंस जांच की उठी मांग

# फॉरेस्ट गार्ड को कारण बताओ नोटिस जारी, बड़े खुलासे की उम्मीद

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की रामगढ़ धार के पलाहटा पंचायत के गांव गहरा क्षेत्र में सरकारी जंगलों में बड़े पैमाने पर अवैध कटान का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस प्रकरण में जहां फॉरेस्ट विभाग ने कार्रवाई की शुरुआत कर दी है, वहीं स्थानीय लोग अब इस पूरे मामले की विजिलेंस जांच की मांग को लेकर मुखर हो गए हैं। रामगढ़ धार के खुरवाई फॉरेस्ट सर्किल के अंतर्गत आने वाले इस क्षेत्र में हुई पेड़ों की अवैध कटाई के चलते संबंधित फॉरेस्ट गार्ड को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

सूत्रों के अनुसार यह नोटिस उसी गार्ड को दिया गया है, जिसकी ड्यूटी के दौरान जंगलों में भारी संख्या में हरे खैर के पेड़ काटे गए। रेंज ऑफिसर संदीप कुमार द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट जिला वन अधिकारी (डीएफओ) सुशील राणा को सौंपी गई, जिसके आधार पर यह नोटिस जारी किया गया। ऊना जिले के डीएफओ सुशील राणा ने पुष्टि की है कि रिपोर्ट मिलने के बाद संबंधित फॉरेस्ट गार्ड को दस दिनों के भीतर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर ने जो रिपोर्ट भेजी है, उसमें स्पष्ट रूप से ड्यूटी में लापरवाही और के संकेत मिले हैं। गार्ड को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और जवाब मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, विभाग ने उस गार्ड का तत्काल प्रभाव से तबादला कर गगरेट रेंज में कर दिया है। हालांकि, यह मामला यहीं थमता नहीं दिख रहा। रामगढ़ धार फॉरेस्ट सर्किल के कुछ अन्य अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। सूत्र बताते हैं कि



जांच के दौरान उन अधिकारियों की कार्यप्रणाली और जंगल क्षेत्र में उनकी निगरानी संबंधी जिम्मेदारियों को भी खंगाला जा रहा है। स्थानीय लोग इस पूरे प्रकरण से खासे नाराज हैं और अब इसे उच्च स्तरीय जांच के दायरे में लाने की मांग कर रहे हैं।

क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा ने बताया कि इस पूरे मामले को लेकर सैकड़ों ग्रामीणों के साथ एक मांगपत्र मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि रामगढ़ धार के जंगलों में बड़े स्तर पर खैर का अवैध कटान हुआ है और यह बिना अधिकारियों की मिलीभगत के संभव नहीं। इसलिए हम मुख्यमंत्री से विजिलेंस जांच की मांग करेंगे ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सके। ग्रामीणों का आरोप है कि न केवल फॉरेस्ट गार्ड, बल्कि उच्च स्तर पर बैठे अधिकारी भी इस गोरखधंधे में संलिप्त हैं और सब कुछ जानबूझ कर नजरअंदाज किया गया।

रामगढ़ धार में जगह-जगह कटे हुए हरे खैर के पेड़ों के ठूंठ और अवैध लकड़ी के ढेर साफ तौर पर इस बात की गवाही दे रहे हैं कि यह अवैध कटान लंबे समय से चल रहा था। अब सबकी नजरें उस फॉरेस्ट गार्ड के जवाब पर टिकी हैं, जिसे कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

जानकारों का मानना है कि अगर गार्ड अपने जवाब में सच उजागर करता है, तो कई बड़े नाम सामने आ सकते हैं और विभागीय कार्रवाई की गाज और अधिकारियों पर भी गिर सकती है। इस बीच, वन विभाग की ओर से कहा गया है कि खैर के अवैध कटान को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है और दोषी चाहे कोई भी हो, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**बड़े भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहा मामला**

**स्थानीय** जनता और जन प्रतिनिधियों के दबाव के बीच यह देखना दिलचस्प होगा कि प्रशासन कितनी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ इस गंभीर मामले की जांच करता है। रामगढ़ धार का यह खैर के पेड़ों का अवैध कटान मामला अब केवल एक विभागीय लापरवाही नहीं बल्कि एक बड़े भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहा है, जिसमें फॉरेस्ट अधिकारियों की मिलीभगत से प्राकृतिक संपदा का खुला दोहन हुआ है। आने वाले दिनों में यदि विजिलेंस जांच होती है, तो यह हिमाचल प्रदेश में वन विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा कर सकती है।

## रास्ता रोककर मारपीट करने का लगाया आरोप

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** उपमंडल गगरेट के टटेहड़ा गांव में मोटरसाइकिल पर फेरी लगाकर कपड़ा बेचने वाले यूपी के एक व्यक्ति का रास्ता रोककर मारपीट किए जाने का मामला गगरेट पुलिस थाना पहुंचा है। पीड़ित का आरोप है कि उसका रास्ता रोककर एक स्थानीय व्यक्ति ने उससे डंडों से मारपीट की। इस मारपीट में उसे चोटें भी आई हैं। गगरेट पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। यूपी के मुरादाबाद जिले के पाडली गांव मोहम्मद आरिफ ने गगरेट पुलिस थाना में दी तहरीर में कहा है कि शनिवार को वह टटेहड़ा गांव में कपड़े बेचने गया तो संत भूरि वाले की कुटिया के पास आगे से आई वरना कार ने उसका रास्ता रोक लिया और उसमें से उतरे रवि पटियाल ने उसके साथ अकारण मारपीट शुरू कर दी। उसने कार के डंडा निकाल कर डंडों से उसे पीटा। इसके चलते उसे चोटें भी आई हैं। एएसपी संजीव भाटिया ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर पुलिस ने आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दियार चौक के समीप तालाब में तब्दील हुआ एनएच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के भुंतर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) तीन में दियार चौक के समीप हल्की सी बारिश से सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है। शनिवार को सड़क पूरी तरह से गंदे पानी से भर गई, जिस कारण राहगीर व वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पानी की निकासी उचित न होने से वाहन चालकों सहित राहगीरों को दिक्कतें आ रही हैं। भुंतर के समीप कुटिआगे गांव के लोग समस्या से परेशान हैं। लोगों के अनुसार कई बार जिला प्रशासन व एनएचएआई को अवगत करवाने के बावजूद भी समस्या का हल नहीं हुआ है। इसे लेकर लोगों में भारी रोष है। स्थानीय ग्रामीण रमेश, संजय, प्रेम, ललित सहित अन्य ने कहा कि जब भी बारिश होती है, तो सारा पानी सड़क पर आकर जमा हो जाता है। पानी की निकासी की उचित व्यवस्था यहां पर नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि सड़क में जमा पानी लोगों के घरों की ओर भी आता है। फोरलेन सड़क पर वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। बीच सड़क में बने पानी के तालाब से हादसों की भी आशंका बनी हुई है। समस्या का जल्द समाधान किया जाए, जिससे लोगों को मुश्किलों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि ऐसे में यहां पर कभी भी कोई बड़ा हादसा भी पेश आ सकता है।



जिला कुल्लू के भुंतर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग तीन मे गंदे पानी के तालाब में तब्दील दियार के समीप एनएच।

## मलबा आने के चलते चार घंटे यातायात रहा ठप

**अनंत ज्ञान, सैंज**

मानसून के चलते पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बारिश से शनिवार को तलाड़ा के पास सड़क पर भारी मलबा आया, जिस कारण लारजी-सैंज संपर्क मार्ग पर चार घंटे यातायात बंद रहा। सड़क बंद होने के कारण किसानों व बागवानों के अतिरिक्त आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पिछले एक सप्ताह से घाटी में लगातार बारिश आम लोगों के लिए आफत बन गई है। भारी बारिश के कारण शनिवार को एक बार फिर सैंज संपर्क मार्ग चार घंटे बंद रहा, जिस कारण दोनों तरफ सैकड़ों गाड़ियां फंसी रही। हालांकि, मौसम खुलते ही लोक निर्माण विभाग की मशीनरी ने सड़क को बहाल कर दिया है। सड़क मार्ग अवरुद्ध रहने से सैकड़ों यात्रियों को चार घंटे भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता चमन सिंह ठाकुर ने बताया कि विभाग की मशीनों ने यातायात को बहाल पर दिया है। वहीं, कुल्लू की डीसी तोरुल एस रविश ने आम लोगों से आग्रह किया कि सड़कों पर ध्यान पूर्वक सफर करना ही उचित समझें।

# कहुधार कांगड़ी नाले ने फिर दिखााया रौद्र रूप, रात को डराए लोग

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

भुंतर में बीती रात मूसलाधार बारिश के चलते कहुधार कांगड़ी नाले ने फिर से अपना रौद्र रूप दिखाया।

नाले का पानी बढ़ने के साथ ही भारी संख्या में पानी व मलबा पारला भुंतर पुराने पुल के पास पहुंचा। नाले का रौद्र रूप देख दुकानदारों में खौफ पैदा हो गया। कहीं पहले की तरह लोगों की दुकानों में पानी व मलबा न भर जाए, इसके लिए नालियों से पानी की निकासी के लिए दुकानदार स्वयं प्रयासरत रहे। स्थानीय जनता ने नालियों में कचरा रुकने नहीं दिया। बारिश में भी लोग नालियों को साफ करते रहे, ताकि बाजार में पानी न भरे। कहुधार कांगड़ी नाला बार-बार किसी बड़ी तबाही की ओर इशारा करता है।

यह नाला कई सालों से अंबेदकर नगर की सड़कें व रास्ते दलदल में बदलता आया है। हालांकि, क्रेट वायर लगाने से ग्रामीणों को थोड़ी राहत मिली है। अब नाले का पानी सीधे बाजार में पहुंच जाता है फिर बाजार पानी व मलबे से भर जाता है। बता दें 2001 में भी इस नाले ने स्थानीय जनता का काफी नुकसान किया है, उसके उपरांत 2019 में भी नाले ने अपना रौद्र रूप दिखाया था। पारला भुंतर पुराना पुल के पास की जनता ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि समस्या का स्थायी हल निकाला जाएगा।

# जुलाई में पहाड़ों पर बर्फ के फाहे



लाहौल-स्पीति की चोटियों पर बिछी बर्फ की सफेद चादर।

**कमलेश वर्मा, कुल्लू/केलांग**

### शिंकुला और रोहतांग दर्रे सहित सभी ऊंची चोटियों में गिरे बर्फ के फाहे

देश के मैदानी इलाकों सहित हिमाचल प्रदेश के कुछ जिला जहां इन दिनों गर्मी की तपिश से झुलस रहे हैं। वहीं, लाहौल व कुल्लू- मनाली की ऊंची चोटियों में जुलाई माह में बर्फ के फाहे गिरने से मौसम कूल-कूल हो गया है। शिंकुला व रोहतांग दर्रे सहित समस्त चोटियां बर्फ की चांदी से चमक उठी हैं। साथ ही जुलाई के आखिर में हुई बर्फबारी से पहाड़ों में पारा लुढ़का है। लाहौल घाटी सहित कुल्लू व मनाली में शुक्रवार रात को बारिश के साथ चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई है।

बारिश व बर्फबारी से किसान-बागवानों ने राहत की सांस ली है। लाहौल में सूखे जैसे हालत होने से यहां मटर सहित दूसरी फसलों को नुकसान हो रहा था। वहीं, बर्फ से घाटी की ऊंची चोटियां सफेद हो गई हैं और ठंड भी बढ़ गई है। वहीं, कुल्लू में भी रातभर भारी बारिश हुई। ब्यास के साथ जिले के नदी-नालों का जलस्तर बढ़ा हुआ है। मनाली की ओर रोहतांग दर्रे सहित धुंधी जोत, सेवन सिस्टर पीक, हनुमान टिब्बा मकरवेद व शिकरवेद की पहाड़ियों, भृगु व दशौहर की पहाड़ियों, पतालसू जोत, इंद्र किला, लद्दाख पीक में बर्फ के फाहे गिरे। वहीं लाहौल की चोटियों शिंकुला व बारालाचा दर्रे सहित घेपन पीक, लेड़ी आफ केलांग, कुजुंम जोत, दारचा की पहाड़ियों, शिला पीक, बढ़ा व छोटा शिंगरी ग्लेशियर, नील कंठ जोत में बर्फबारी हुई है। बारिश व बर्फबारी होने से मौसम सुहावना हो गया है और लोगों ने भी राहत की सांस ली है। ऐसे में अब पर्यटन कारोबारियों को भी पर्यटन कारोबार बढ़ने की उम्मीद जगी है।

# 'सबणी ने बड़ा म्हारा देउ, जेंडा एने करना तेंड़ा होणा'

## बिजली महादेव रोपवे के विरोध में केंद्र व प्रदेश सरकार को चेताया, कहा-देवता के आदेश की पालना हमारे लिए जरूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

बहुचर्चित बिजली महादेव रोपवे निर्माण के विरोध में अब एक बार फिर से विरोध के स्वर उठने लगे हैं। इस बार घाटी की महिलाओं व युवाओं ने मोर्चा संभाला है। शनिवार को बिजली महादेव संघर्ष समिति ने रोपवे के विरोध में खराहल घाटी के चंसारी और बंदल पंचायतों में लोगों के साथ मिलकर रोपवे के विरोध में जनजागरण अभियान चलाया।

इस मौके पर बैठक कर इस गंभीर मुद्दे पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के सचिव फतेह राणा ने की। बैठक में सभी ने एक स्वर में कहा कि विकास के नाम पर देव स्थल और पर्यावरण से छेड़छाड़ को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोगों ने कहा कि हमारे लिए सबसे पहले हमारी देवनीति है और जब बिजली महादेव नहीं चाहते कि रोपवे लगे फिर देवता की बात को अनसुना क्यों किया जा रहा है।



बिजली महादेव रोपवे निर्माण के विरोध में चलाए अभियान के दौरान घाटी के लोग।

लोगों ने कहा कि किसी भी सूरत में हम बिजली महादेव रोपवे का निर्माण नहीं होने देंगे। वहीं, बैठक के दौरान महिलाओं ने कहा कि सबणी ने बड़ा म्हारा देउ, जेंडा एने करना तेंड़ा होणा कि सबसे बड़ा हमारा देवता है और जो वह चाहेगा वही होगा सरकारें चाहे जो मर्जी कर लें। वहीं, इस मौके पर भुंतर की जिया पंचायत के प्रधान एवं बिजली महादेव रोपवे संघर्ष समिति के सदस्य संजीव शर्मा उर्फ संजू पंडित ने बताया कि प्रसिद्ध देव स्थल( बिजली महादेव) को पर्यटक स्थल में बदलने की कोशिश की जा रही है, जो कि हमारी आस्था के साथ खिलवाड़ है। संजू पंडित ने बताया कि रोपवे के नाम पर जहां बिजली महादेव के आदेशों की अवहेलना की जा रही है।

वहीं, सैकड़ों पेडों की बलि देकर पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है, जो कि कतई सहन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जब बिजली महादेव अपनी देव वाणी से रोपवे का विरोध कर चुके हैं और स्थानीय जनता देव आदेश का पालन करते हुए सड़क पर उतर चुकी है, तो उसके बावजूद भी सरकार इस प्रोजेक्ट को लगाने पर तुली है, जो कि सरासर निंदनीय है। उन्होंने कहा कि रोपवे किसी भी सूरत में नहीं लगने देंगे और अब यह विरोध जारी रहेगा।

## जंगलों की निगरानी के लिए समिति का हो गठन : नेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** आम आदमी पार्टी के कुल्लू जिले के अध्यक्ष शेर सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश इन दिनों प्राकृतिक आपदाओं से त्रस्त है।

विभिन्न हिस्सों में बादल फटने और नदियों में आई बाढ़ के चलते, जो तस्वीरें सामने आई हैं, वे केवल एक प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि प्रदेश की भ्रष्ट और लापरवाह सरकार की असली तस्वीर को उजागर करती हैं। उन्होंने हिमाचल में जंगलों की तस्करी को लेकर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों पंडोह डैम में टनों के हिसाब से आई लकड़ी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच करवाई जानी चाहिए। प्रदेश में जंगलों की निगरानी के लिए स्वतंत्र वन निगरानी समिति का गठन हो।

# सीएम साहब! निगम, बोर्ड के अध्यक्षों का बढ़ाया मानदेय, पेंशनर्स की भी करें फिक्र : जेएन शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल पेंशनर्स फेडरेशन महासंघ कुल्लू खंड की मासिक बैठक शीतला माता मंदिर परिसर सरवरी में हुई। बैठक की अध्यक्षता कुल्लू खंड के अध्यक्ष जेएन शर्मा ने की। बैठक के दौरान पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई।

बैठक में महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष टीडी ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे। पेंशनर्स ने सबसे पहले मंडी जिले में आपदा में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। प्रदेश सरकार के खिलाफ भी मांगों की अनदेखी को लेकर रोष प्रकट किया। पेंशनर्स फेडरेशन महासंघ के महासचिव रामशरण शर्मा ने कहा कि कुल्लू में जल शक्ति विभाग के द्वारा लोगों को भारी-भरकम बिल दिए गए हैं। सरकार पानी की बढ़ी हुई दरों को वापस लें और पुरानी दरों के हिसाब से बिल जारी करें अन्यथा पेंशनर्स जल शक्ति विभाग के कार्यालय का घेराव करेंगे।



हिमाचल पेंशनर्स फेडरेशन महासंघ कुल्लू खंड की मासिक बैठक के दौरान चर्चा करते पेंशनर्स।

उन्होंने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री निगम के बोर्डो व अध्यक्षों का मानदेय बढ़ा रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर पेंशनरों को डीए की किश्त तक जारी नहीं की जा रही है। विभागों में पड़े लंबित पड़े मेडिकल बिलों का भी जल्द भुगतान किया जाए। मुख्यमंत्री समय रहते डीए की चार किश्तें, पेंशन एरियर, संशोधित ग्रेच्युटी आदि जल्द जारी करें। करूणामूलक आधार पर भर्ती नीति को स्वीकृति प्रदान करें। जेसीसी का गठन कर पेंशनर्स को बैठक के लिए बुलाया जाए। डीसी कुल्लू ने भी पेंशनर फेडरेशन के साथ बैठक की तिथि निर्धारित करने की मांग की। उन्होंने शीतला माता से लोरन, लोरन मोड़ से सनातन धर्म सभा तक सड़क नो-पार्किंग जोन घोषित की जाए। एसपी कुल्लू यहां गाड़ियां खड़ी करने वालों का चालान करें। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूर्ण देव शर्मा, संगठन सचिव हेमा शर्मा, संयुक्त सचिव लता ठाकुर, प्रचार सचिव माधो कैलाश शर्मा, रूपचंद ठाकुर, एमके गुप्ता, गायत्री शर्मा, कमल नेगी, गजेंद्र ठाकुर, अमर भारती, जय गोपाल शर्मा, मीरा देवी, इंदिरा देवी आदि मौजूद रहे।

# हिमाचल की धरोहरों को बेचने पर तुली सुक्खू सरकार : गोविंद

**अनंत ज्ञान, मनाली**

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कांग्रेस की सुक्खू सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि सुक्खू सरकार हिमाचल प्रदेश को कर्ज के दलदल में धकेलने के बाद अब प्रदेश की बहुमूल्य धरोहरों को निजी हाथों में सौंपने पर तुली है।

हिमाचल पर्यटन विकास निगम के 14 होटलों को बेचने की तैयारी इसका स्पष्ट प्रमाण है। गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पहले प्रदेश हाईकोर्ट से इन होटलों को घाटे से उबारने के लिए समय मांगा था, लेकिन अपने प्रयासों में विफल रहने के बाद अब जनता को गुमराह करने के लिए झूठे आंकड़े पेश कर रही है। सरकार इन होटलों को घाटे में दिखाकर अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने की साजिश रच रही है। यह प्रदेश की जनता और आने वाली पीढ़ियों के साथ विश्वासघात है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल के जिन होटलों को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी हो रही है, उनमें कई होटल ऐसे हैं, जो प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर और पर्यटन की पहचान हैं। इन होटलों को बेचना न केवल प्रदेश के पर्यटन उद्योग को कमजोर करेगा, बल्कि इससे सैकड़ों स्थानीय लोगों का रोजगार भी संकट में पड़ जाएगा। पूर्व मंत्री ने सवाल उठाया कि यदि एचपीटीडीसी के चेयरमैन आरएस बाली खुद यह स्वीकार कर चुके हैं कि निगम को इन होटलों से सालाना 200 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हो रहा है और निगम का कुल राजस्व 100 करोड़ रुपए से अधिक है, तो फिर इन होटलों को घाटे में दिखाने का नाटक क्यों किया जा रहा है। यह सुक्खू सरकार की सुनियोजित चाल है, जो प्रदेश की परिसंपत्तियों को औने-पौने दामों पर बेचकर अपने चहेतों को खुश करना चाहती है।

# आपदा प्रभावितों की मदद को आगे आई सामर्थ्य फाउंडेशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

मंडी जिले के सराज बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए सरकार के साथ साथ कई दानी सज्जन व सामाजिक संस्थाएं सहयोग कर रही हैं। ऐसे में जिले की सामर्थ्य फाउंडेशन प्रदेश के सक्रिय सदस्यों के सहयोग से सक्षम स्वयं सहायता समूह मनाली की महिलाओं ने भी हिमाचल में हो रहे आपदा प्रबंधन अभियान के अंतर्गत सहायता प्रदान की है।

इसमें मुख्य रूप से महिलाओं के स्वच्छता और सुरक्षा के अनुसार हेल्थ और हाइजीन के साथ-साथ अन्य जरूरी वस्तुओं का भी वितरण किया। आपदा प्रभावित परिवारों के लिए बिस्तर और बर्तन आदि भी शामिल हैं। सामर्थ्य फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष नीरज शर्मा ने सभी देश और प्रदेश वासियों से आग्रह किया कि आप सभी भी इस आपदा में अपना बढ़-चढ़कर सहयोग करें, ताकि आम जन मानस का सहयोग हो सके। आपदा प्रभावित सभी अपना जीवन फिर से शुरू कर सकें।



सामर्थ्य फाउंडेशन सहित अन्य लोगों की मदद से आपदा प्रभावितों को भेजी राहत सामग्री।

उन्होंने बताया कि सामर्थ्य फाउंडेशन के सौजन्य से जो आपदा प्रभावित लोगों की मदद का यह अभियान शुरू किया गया है। इसमें बहुत से लोगों ने सहयोग किया। इसमें समूह के सदस्यों, सामाजिक संगठनों और अन्य लोगों ने अपना योगदान दिया है। कश्मीर सिंह, हरि सिंह, अत्ती देवी, बेली राम, नरेंद्र शर्मा, नीरज शर्मा, स्वीटी शर्मा, सपना ठाकुर, पूजा ठाकुर, शिवानी, पूनम, वीना, मनु आदि ने राहत राशि एवं अन्य सहायता प्रदान की। इसके लिए सामर्थ्य फाउंडेशन हिमाचल प्रदेश के संस्थापक एवं अध्यक्ष नीरज शर्मा ने सभी का आभार जताया। उन्होंने बताया कि निकट भविष्य में भी ऐसी समस्या से निपटने के लिए सहयोग की अपील रहेगी।

## तीसरे दिन 683 श्रदालुओं का हुआ पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, आनी।** 10 जुलाई से औपचारिक रूप से शुरू हुई श्रीखंड महादेव पवित्र यात्रा के तीसरे दिन भी बार-बार मौसम खराब रहने के बावजूद श्रद्धालुओं की श्रद्धा, जोश में कोई कमी नहीं देखी गई। एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने बताया कि शनिवार को शाम 6 बजे तक कुल 683 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया।

इसमें 653 पुरुषों के साथ-साथ 30 महिलाएं भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 683 में 431 ऑनलाइन और 252 यात्रियों ने बेसकैंप सिंहगाड में ऑफलाइन पंजीकरण करवाया है। दो दिनों में अब तक कुल 1896 यात्रियों का पंजीकरण हुआ है। एसडीएम मनमोहन सिंह ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि यात्रा सावधान पूर्वक करें, अगर कोई समस्या आए तो प्रशासन को अवगत करवाएं।

# ठाकुर मुरलीधर चतुर्भुज मंदिर में 16 को होने वाले भंडारे की रूप-रेखा तैयार की

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

16 जुलाई बुधवार को ठाकुर मुरलीधर चतुर्भुज मंदिर ठावा मनाली के नग्गर में खीर भंडारे का आयोजन ठावा में मंदिर परिसर में होगा। आदि काल से खीर भंडारा मंदिर में प्रथम श्रावण मास के दिन से आयोजित होता है।

इस बार भी मंदिर में खीर भंडारे का आयोजन इसी परंपरा निभाते हुए किया जाएगा। कारदार बिधि चंद नेगी व मंदिर के पुजारी जय देव आचार्य ने खीर भंडारे की बैठक की। उसके उपरांत उन्होंने स्थान का जायजा लिया। इसके उपरांत खीर भंडारे के आयोजन की रूप रेखा भी तैयार की गई। कारदार बिधि चंद नेगी ने कहा कि मंदिर के हारियान, भक्तजन और श्रद्धालु इस खीर भंडारे में सादर आमंत्रित हैं। उन्होंने सभी का इस भंडारे में आने के लिए आह्वान किया। इस भंडारे को सफल बनाने के लिए कारदार के साथ हरियान, गांववासी और भक्तजन का भरपूर सहयोग किया जा रहा है।



भंडारे के आयोजन को लेकर चर्चा करते हुए पुजारी व अन्य कारदार।

**परंपरा** देवी भगवती व ब्रह्मा के हूम में दिखी देव परंपरा की अनूठी मिसाल, ब्रह्मा लक्ष्मी का होम उत्सव देव रीति के साथ संपन्न

# 60 फुट ऊंची मशाल को कंधे पर उठाकर की गांव की परिक्रमा

**अनंत ज्ञान, सैंज**

कुल्लू जिले की सैंज घाटी की ग्राम पंचायत कनौन में हर वर्ष की तरह इस बार भी हूम मेले में देव परंपरा की अनूठी मिसाल देखने को मिली।

देवता ब्रह्मा व देवी भगवती के होम मेले में देव हारियानों द्वारा लगभग 60 फुट लंबी लकड़ी की जलती मशाल को कंधे पर उठाकर देव कार्य विधि अनुसार गांव की परिक्रमा कर देव कार्य को निभाया। इस परंपरा को देखने के लिए कनौन में देवी भगवती व बह्मा के मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हाजिरी भरी। मान्यता है कि इस दिन देवी भगवती प्राकृतिक आपदा को टालने के लिए देवी महामाई ज्वाला का रूप धारण कर सभी की मनोकामना पूरी करती है। हर वर्ष आषाढ़ महीने में देवी भगवती लक्ष्मी अपने क्षेत्र की रक्षा के लिए होम जगराते का आयोजन करती है। देवी के गुर रोशन लाल, झाबे राम ने बताया कि क्षेत्र में घटने वाली प्राकृतिक आपदा और भूत पिशाच की नजरों से बचने के लिए इस पर्व का आयोजन किया जाता है।



सैंज घाटी की ग्राम पंचायत कनौन में ब्रह्मा लक्ष्मी के होम उत्सव के दौरान देव रीति का निर्वहन करते हुए लोग।

इस पर्व में मशाल जलाने का कारण है कि देवी भगवती इस मशाल में ज्वाला रूप धारण कर उक्त परिस्थितियों से निजात दिलाती है। शनिवार को देवी भगवती और ब्रह्मा ऋषि के रथ को पूरे लाव-लश्कर के साथ माता के मंदिर देहरी में पहुंचाया, जहां देव पूजा-अर्चना कर मध्य रात्रि देव कार्य शुरू हुआ। मंदिर के पास लगभग 60 फुट लंबी मशाल को देव आज्ञा अनुसार मंदिर में जलाया गया और देवता के करिंदों ने इस मशाल को कंधे पर उठाकर मंदिर के चारों ओर परिक्रमा कर लगभग एक किलोमीटर दूर कन्नौन गांव पहुंचाया। गांव के बीच मशाल को खड़ा कर देव खेल का निर्वहन हुआ और जलती मशाल के साथ देवी भगवती के गुर व उनके अंग संग चलने वाले शूरवीर देवता तूदला, बनशीरा खोड़ू, पंचवीर व देवता जहल के गुर ने जलती मशाल के आगे देव खेल कर देव परंपरा का निर्वहन किया।

इसके पश्चात देव कार्य संपन्न होने के पश्चात इस जलती मशाल को गांव के बीच खड़ा किया और पूरी रात देव नाटी का दौर चला। बहरहाल सैंज के कनौन में आस्था का पर्व होम उत्सव देव रीति के साथ संपन्न हुआ। होम उत्सव में अतिथि देव के रूप में पल्दी घाटी के शेषनाग विशेष रूप से पंचायत क्षेत्र में पधारे तथा तीन दिनों तक हारगी पर्व में अतिथि देवता संग आए श्रद्धालुओं की खूब मेहमानबाजी की जाएगी।

### गालियों से भगाई प्रेत आत्माएं

परंपरा का निर्वहन करते हुए इस बार भी अश्लील गालियों का आदान-प्रदान हुआ, जैसे ही मशाल को कन्नौन गांव की ओर लाया जाता है, तो नाले में पहुंचकर अश्लील गालियों का दौर शुरू हुआ। देव हारियानों के अनुसार या गालियां भूत प्रेत व बुरी आत्मा को भगाने के लिए दी जाती हैं नाले में इसलिए दी जाती हैं, ताकि आम जनमानस को यह गालियां न सुनाई दें।

# पानी व्यर्थ न करें, नहीं तो भरना पड़ेगा ज्यादा बिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अपने घरों में पानी उतना ही इस्तेमाल करें, जितनी जरूरत है, व्यर्थ में पानी न बहाएं। नहीं तो पानी बेकार में बहाना आपकी जेब पर भारी पड़ सकता है। जी हां, जल शक्ति विभाग की ओर से पानी के खर्च को लेकर अब नया टैरिफ जारी किया गया है। ऐसे में 1000 लीटर रोजाना खर्च होने पर महीने का 950 रुपए बिल देना होगा, जबकि इससे अधिक पानी खर्च किया, तो उपभोक्ताओं को अधिक राशि चुकानी होगी। लिहाजा, अगर किसी व्यक्ति के घर में किरायेदार रहते हैं, तो उसे अब अधिक पानी खर्च करने पर अधिक राशि देनी होगी।

जल शक्ति विभाग के द्वारा इस बारे अब उपभोक्ताओं को भी जागरूक किया जा रहा है। बीते दिनों जिला कुल्लू में पानी के बिल हजारों रुपए आने पर लोगों ने जल शक्ति विभाग के पास इसकी शिकायत भी दर्ज करवाई थी। वहीं, अब लोगों ने जल शक्ति विभाग से आग्रह किया कि वह पानी का बिल हर महीने जारी करें, ताकि उपभोक्ताओं को भी दिक्कतों का सामना न करना पड़े। इस बारे में जल शक्ति विभाग कुल्लू के अधीक्षण अभियंता अमित मिरूपा ने बताया कि जल शक्ति विभाग द्वारा पानी के बिल को लेकर नया टैरिफ जारी किया गया है, अगर व्यक्ति एक दिन में 1000 लीटर पानी का उपयोग करता है। तो उसका महीने का बिल 950 रुपए होगा, अगर इससे ज्यादा पानी खर्च किया जाए, तो बिल की राशि में भी बढ़ोतरी होगी। ऐसे में लोग अपनी जरूरत के अनुसार ही पानी का उपयोग करें।

> **पानी** के जो बिल हैं, उसको लेकर जो लोगों की चिंता है वह बाजिव है। शिमला का टैरिफ यहां पर लागू हुआ है, वहां क्योंकि पंप सिस्टम है बिजली से पानी लिफ्ट होता है, लेकिन जो कुल्लू शहर को पानी आ रहा है वह ग्रेविटी से बिना पंप सिस्टम का नाले से आ रहा है। ऐसे में निसंदेह जो टैरिफ कुल्लू में नहीं लगना चाहिए। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, जो कि हमारे जलशक्ति विभाग के मंत्री भी हैं, उनसे भी बात की है। जरूरत पड़ी तो इसको रिव्यू करने के लिए बात की जाएगी और यहां की कुछ संस्थाएं हैं, जो कह रही हैं कि वह इसकी लड़ाई लड़ेंगे, मैं उनके साथ हूं।
>
> **सुंदर सिंह ठाकुर, विधायक कुल्लू।**

### पानी के बिल पर अब नए नियम हुए लागू

### लोगों ने बिल अधिक आने पर विभाग के प्रति जताया रोष

### एक हजार लीटर खर्च करने के बाद देनी होगी अधिक राशि

कुल्लू शहर में 4 हजार 800 लोगों को पानी के बिल जारी किए गए हैं। इसमें 3534 उपभोक्ताओं को पानी का बिल 10 हजार से कम आया है, जबकि 2619 लोग ऐसे हैं, जिनका 3 माह का बिल मात्र 3 हजार आया है। लोगों को जब पानी के बिल अधिक आए, तो लोगों ने रोष जाहिर किया। लोगों ने जल शक्ति विभाग से आग्रह किया कि पानी का बिल हर महीने जारी किया जाए, ताकि शहरवासियों पर आर्थिक रूप से बोझ न पड़े। स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार जल शक्ति विभाग द्वारा 3 माह से लेकर 6 माह तक के बिल ग्राहकों को भेजे जाते हैं। ऐसे में इसकी राशि अधिक होने से ग्राहकों को भी परेशानी उठानी पड़ती है।

## न्यूज ब्रीफ

### मोक्षधाम में लिया निर्माण कार्य का जायजा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शहर में मोक्षधाम के जीर्णोद्धार द्वार पर करीब डेढ़ करोड़ रुपए की राशि खर्च की जा रही है। मोक्ष धाम नाहन विकास समिति द्वारा यहां जीर्णोद्धार द्वारा कार्य किए जा रहे हैं पिछले लंबे समय से मोक्षधाम बदहाल स्थिति में था। समिति से जुड़े लोगों ने मोक्ष धाम पहुंचकर जीर्णोद्धार द्वार कार्य का जायजा लिया। मोक्ष धाम नाहन विकास समिति के अध्यक्ष राकेश गर्ग ने बताया कि बदहाल पड़े मोक्ष धाम के हालात सुधारने के लिए समिति द्वारा मार्च महीने से काम किया जा रहा है और यहां कई तरह के कार्य किए जा रहे हैं, ताकि मोक्ष धाम में आने वाले लोगों को सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि मोक्ष धाम पर गाड़ियां नहीं पहुंच पाती थी, मगर अब यहां पर 100 गाड़ियों के खड़ी होने की व्यवस्था की गई है। साथ ही लोगों के बैठने की व्यवस्था के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि भवन के अभाव में यहां बारिश के समय में परेशानियों का सामना करना पड़ता था और मोक्ष धाम में इस्तेमाल होने वाली लड़कियां गीली हो जाती थी, मगर अब यहां इस समस्या से भी छुटकारा मिल जाएगा। बरसात के दौरान मोक्षधाम में पानी घुस जाता था, मगर अब पेयजल निकासी के लिए उचित प्रबंध किए गए हैं, ताकि बरसाती पानी और मलबा मोक्ष धाम में न घुस सके। मोक्षधाम के विकास के लिए करीब डेढ करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट तैयार किया गया है और अभी तक 40 लाख रुपए की राशि खर्च की जा चुकी है। उन्होंने मोक्षधाम निर्माण कार्य के लिए लोगों से भी सहयोग देकर आगे आने की अपील की है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए साक्षात्कार 30 को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** समेकित बाल विकास परियोजना कंडाघाट के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व आंगनबाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार 30 जुलाई को 11 बजे उपमंडलाधिकारी कंडाघाट के कार्यालय में आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी कंडाघाट ने दी। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी वृत्त साधुपुल की ग्राम पंचायत तुंदल के आंगनबाड़ी केंद्र कल्होग, आंगनबाड़ी वृत्त गरू की ग्राम पंचायत वाकना के आंगनबाड़ी केंद्र वाकना तथा आंगनबाड़ी वृत्त शारड़ाघाट की ग्राम पंचायत कनैर के आंगनबाड़ी केंद्र रुगड़ा में एक-एक पद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी वृत्त कंडाघाट की ग्राम पंचायत सैंज के आंगनबाड़ी केंद्र कोहारी, आंगनबाड़ी वृत्त कंडाघाट की ग्राम पंचायत सिरीनगर के आंगनबाड़ी केंद्र शापड़, आंगनबाड़ी वृत्त कंडाघाट की ग्राम पंचायत सिरीनगर के आंगनबाड़ी केंद्र सिरीनगर, आंगनबाड़ी वृत्त साधुपुल की ग्राम पंचायत बांजणी के आंगनबाड़ी केंद्र थरोला, आंगनबाड़ी वृत्त चायल की ग्राम पंचायत नगाली के आंगनबाड़ी केंद्र कनोड़ी, आंगनबाड़ी वृत्त चायल की ग्राम पंचायत हिन्नर के आंगनबाड़ी केंद्र गौड़ा, आंगनबाड़ी वृत्त शारड़ाघाट की ग्राम पंचायत सतड़ोल के आंगनबाड़ी केंद्र डबलोग तथा आंगनबाड़ी वृत्त सायरी की ग्राम पंचायत सायरी के आंगनबाड़ी केंद्र निऊं में एक-एक पद आंगनबाड़ी सहायिकाओं का भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि आवेदनकर्ता को इन पदों के लिए 28 जुलाई सायं 5 बजे तक बाल विकास परियोजना अधिकारी कंडाघाट के कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

### अमरदेव डॉ. परमार साहित्य पुरस्कार से सम्मानित



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** हिमाचल प्रदेश सिरमौर कला संगम वशिष्ठ आश्रम बायरी द्वारा आयोजित 66वें महा अलंकरण समारोह में साहित्यकार अमरदेव आंगिरस को वर्ष 2025 का डॉ. यशवंत सिंह परमार साहित्य पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में उनके दीर्घकालिक योगदान के लिए दिया गया। पुरस्कार समारोह में संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष आचार्य ओम प्रकाश राही और महासचिव दिनेश कुमार ताश द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। अमरदेव आंगिरस मूल रूप से अर्की उपमंडल के दाड़लाघाट क्षेत्र से संबंध रखते हैं। उनका जन्म 1 अगस्त, 1948 को बातल गांव में हुआ। तीन वर्ष की आयु में पिता के निधन के बाद कठिन परिस्थितियों में उन्होंने शिक्षा और जीवन का मार्ग तय किया। 18 वर्ष की उम्र में शिक्षक के रूप में कार्य आरंभ किया और दर्शन शास्त्र में शिक्षा प्राप्त कर 40 वर्षों तक अध्यापन से जुड़े रहे।

### उचित मूल्य की दुकानों के लिए 25 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले सोलन श्रवण कुमार ने कहा कि विकास खंड कुनिहार की पंचायत कोटलु के ग्राम कोटलु, विकास खंड कुनिहार की ग्राम पंचायत बनोह खरडहट्टी के ग्राम डुग्नु के वार्ड नंबर 3, नगर परिषद नालागढ़ के वार्ड नंबर 7, नगर परिषद नालागढ़ के वार्ड नंबर 9, विकास खंड नालागढ़ की ग्राम पंचायत नंदपुर के ग्राम बैरसन, विकास खंड नालागढ़ की ग्राम पंचायत रडियाली के ग्राम चुहुवाल के वार्ड नंबर 12 तथा विकास खंड धर्मपुर की ग्राम पंचायत कोटला के ग्राम कोटला डगरोह में इच्छुक व्यक्ति व संस्थाएं उपरोक्त स्थान पर नई उचित मूल्य की दुकान खोलने के लिए ऑनलाइन माध्यम से वांछित सूचना व अन्य दस्तावेज वेबसाईट emerginghimachal.hp.gov.in पर अपलोड कर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन वेबसाइट पर अपलोड करने की अंतिम तिथि 25 जुलाई निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक व व्यक्तिगत आवेदनकर्ता की आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उचित मूल्य की दुकान खोलने के लिए अधिक जानकारी के लिए वांछित औपचारिकताओं के संबंध में इच्छुक व्यक्ति व संस्थान किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय आकर या कार्यालय दूरभाष नंबर 01792-224114 पर संपर्क कर सकते हैं।

### महेंद्र बने अर्की हेल्पिंग पीपल संस्था के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, अर्की।** विश्राम गृह अर्की में अर्की हेल्पिंग पीपल संस्था की प्रथम बैठक प्रसिद्ध समाजसेवी बालक राम शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विशेषतौर पर संस्था की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष पद के लिए सभी सदस्यों ने महेंद्र सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष पद के लिए वेद ठाकुर, संस्था के मुख्य सलाहकार बालक राम शर्मा, महासचिव संजीव गौतम, कानूनी सलाहकार भीम सिंह ठाकुर, कार्यालय सचिव जुगल किशोर, कोषाध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा, मीडिया व प्रेस सचिव आसिफ चौधरी, कार्यकारिणी सदस्य रतन लाल शर्मा, देवेंद्र शर्मा और मदन लाल को सर्वसम्मति से चुना गया।

### जनसंख्या से जुड़े मुद्दों को सरल तरीके से दिखाया

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** माय भारत सोलन के सहयोग से अंबुजा फाउंडेशन आईटीआई दाड़लाघाट में विश्व जनसंख्या दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 122 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला को गतिविधि आधारित तरीके से आयोजित किया गया। इससे प्रतिभागियों के सीखने में रुचि बनी रही। कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं द्वारा एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इसमें जनसंख्या से जुड़े मुद्दों को सरल और प्रभावशाली तरीके से दिखाया गया। कार्यशाला का संचालन राजेश शर्मा और स्वाति गौतम ने किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को विषय से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा करने का मौका दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में जनसंख्या नियंत्रण और सतत विकास को लेकर जागरूकता फैलाना था। अंत में सभी प्रतिभागियों और आयोजकों ने इस प्रयास की सराहना की।

### उद्योग व शिक्षा में एआई के बढ़ते महत्व पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान, सोलन।** योगानंद स्कूल ऑफ एआई, कंप्यूटर्स एंड डेटा साइंसेज (वाईएसएआईसीडीएस) द्वारा आयोजित एप्लाइड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड इनोवेशन (एएआईआईसी) पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शूलिनी विश्वविद्यालय में शुरू हुआ। इस दो दिवसीय सम्मेलन में दुनिया भर के शिक्षा जगत और उद्योग जगत के विशेषज्ञ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के भविष्य पर चर्चा करने के लिए एकत्रित हुए। वाईएसएआईसीडीएस के सहायक प्रोफेसर डॉ. पीयूष सेवल ने सभी गणमान्य व्यक्तियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों का स्वागत किया। इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रो. वीरेंद्र रिहानी ने उद्योग और शिक्षा दोनों में एआई के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने संबोधन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। एएआईआईसी 2025 के कुलाधिपति और मुख्य संरक्षक, प्रो. पीके खोसला ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि एआई की सभी क्षेत्रों में अत्यधिक मांग है और यह सम्मेलन विशेषज्ञों को एआई तकनीकों का उपयोग करके वास्तविक दुनिया की समस्याओं पर एक साथ काम करने के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान करता है। शूलिनी विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. अतुल खोसला ने कहा कि यह सम्मेलन प्रौद्योगिकी, विज्ञान और सामाजिक आवश्यकताओं को मिलाकर एआई के प्रति एक अंतः विषय दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है।

# सुरक्षा की दृष्टि से डेंजर जोन बन चुके मशरूम चौक पर बनेगा फुटपाथ

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से डेंजर जोन बन चुके माल रोड के ब्लैक स्पॉट को सुरक्षित व सुगम बनाने की पहल हुई है। बॉटल नेक बन चुके ओल्ड डीसी ऑफिस की चौक यानी मशरूम चौक से राजगढ़ की तरफ जाती सड़क की नाली को आखिरकार कवर कर पक्का किया गया है। अब यहां पर सड़क से ऊंचा फुटपाथ बनाने की मांग उठी है। सड़क तंग होने से यहां पर पैदल चलना खतरे से खाली नहीं है। नगर निगम की मेयर उषा शर्मा ने प्रशासन से यहां पर पीडब्लयूडी से सड़क से ऊंचा फुटपाथ बनाने की मांग की है, ताकि यहां पर पैदल चलना सुगम हो सके।



मशरूम चौक में नाली को कवर करने का कार्य प्रगति पर।

> डीआरडीए की मदद से मशरूम चौक की नाली को पक्का कर कवर किया जा रहा है। पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए नाली के ऊपर सड़क से ऊंचा फुटपाथ बनाने का आग्रह प्रशासन से किया गया है।
> **उषा शर्मा, मेयर, एमसी सोलन।**

### जेबरा क्रॉसिंग लगाने की मांग

**ओल्ड** डीसी ऑफिस चौक शहर का सबसे व्यस्त चौक है। यहां चौबीस घंटे वाहनों की भीड़ रहती है। इससे लोगों को क्रॉस करना मुश्किल हो गया है। ऐसे में यहां पर लंबे समय से सड़क के दोनों तरफ जेबरा क्रासिंग लगाने की मांग की जा रही है। चौक में राजगढ़ की तरफ मुड़ने वाले वाहनों के टायर अक्सर नाली के ऊपर आ जाते हैं। इससे राह चलते स्कूली बच्चे, महिलाएं व बुजुर्ग की जान खतरे में पड़ जाती है। सड़क के साथ बनी दुकानों के सामने सेटबेक एरिया नहीं छोड़ने से यहां पर वाहनों की रफ्तार से बचना मुश्किल हो रहा है। चौक का यह हिस्सा पैदल यात्रियों के लिए डेंजर जोन बनने के चलते सामाजिक संस्थाएं फुटपाथ की मरम्मत कर इससे पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित बनाने की मांग करते रहती हैं।

### नाली को कवर करने की लागत अढ़ाई लाख

**ओल्ड** डीसी ऑफिस चौक पर राहगीरों के लिए खतरा बन चुकी ड्रेनेज को पक्का करने का कार्य पूरा होने को है यदि यहां फुटपाथ बनता है, तो राहगीरों को पैदल चलने की सुगमता के साथ ही वाहन चालकों को भी आसानी होगी। जानकारी के मुताबिक यहां पर डीआरडीए की मदद से अढ़ाई लाख की लागत से सड़क की नाली को कवर करने का कार्य किया जा रहा है। पहले यहां नाली को लोहे की जाली से ढक्का गया था, जिस पर भारी वाहन चलने से क्षतिग्रस्त हो गया। इस कारण यहां से चलना जोखिम भरा होने के साथ नाली का पानी भी सड़क पर आ जाता था। नाली की चौड़ाई कम होने के कारण यहां पर नाली भी हमेशा ब्लॉक रहती थी और अब नाली के आकार को बढ़ाकर चौड़ा किया गया है।

# मुख्य न्यायाधीश ने नालागढ़ में नवनिर्मित आवासीय परिसर का किया लोकार्पण



नालागढ़ में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया नए कोर्ट परिसर का उद्घाटन करते हुए।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया ने नालागढ़ में न्यायिक अधिकारियों के लिए नवनिर्मित आवासीय परिसर का लोकार्पण किया।

इस आवासीय परिसर के निर्माण पर लगभग 3 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। मुख्य न्यायाधीश ने इस अवसर पर नवनिर्मित आवासीय परिसर का निरीक्षण भी किया। मुख्य न्यायाधीश ने तदोपरांत नालागढ़ स्थित न्यायिक परिसर में ई-सेवा केंद्र तथा यहां स्थापित अन्य आधुनिक न्यायिक प्रौद्योगिकी को जांचा और न्यायिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल, प्रदेश उच्च न्यायालय के महापंजीयक भूपेश शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सोलन डॉ. अरविंद मल्होत्रा, अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश पंकज गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नालागढ़ अजय ठाकुर, डीसी सोलन मनमोहन शर्मा, पुलिस अधीक्षक बद्दी विनोद धीमान, उपमंडलाधिकारी नालागढ़ राजकुमार, बार एसोसिएशन नालागढ़ के अध्यक्ष मनीष डडवाल, बार एसोसिएशन नालागढ़ के अन्य सदस्य, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च विद्यालय मंगरूर में ग्रीनवेली इको क्लब तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के तत्वाधान में एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में इको क्लब प्रभारी शशि पाल शर्मा और मुख्याध्यापक एलआर ठाकुर ने सक्रिय भूमिका निभाई। विद्यालय में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। इनमें अनार, जामुन और अन्य फलदार पौधे शामिल थे। इसके अतिरिक्त छात्रों को पौधे भी वितरित किए गए, जिससे वे अपने घरों में पौधरोपण कर सकें। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण के महत्व को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर एसएमसी सदस्यों के अलावा अध्यापकों में नरेंद्र कटवाल, मीनाक्षी शर्मा, मनोरमा, राजीव, संजय कुमार, माला भी मौजूद रहे।

## सरकार की नाकामी व अहंकार से जनता में पीड़ा : डॉ. कश्यप

**अनंत ज्ञान, सोलन**



भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. राजेश कश्यप ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर दिए राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के बयान की निंदा की। डॉ. कश्यप ने बताया कि नेगी का यह कहना कि अब जयराम ठाकुर को दर्द का अहसास हो गया है, इसलिए वह सीएम सुक्खू के साथ दिल्ली चलेंगे, न केवल हास्यास्पद है, बल्कि राजनीति की गंभीरता का मजाक भी है।

उन्होंने कहा कि सच तो यह है कि जयराम स्वयं एक संवेदनशील, विनम्र और जनहितकारी नेता हैं, जो हमेशा विपक्ष में भी लोकतंत्र की गरिमा और जनभावनाओं का सम्मान करते रहे हैं। उन्हें किसी से दर्द समझने की सीख लेने की आवश्यकता नहीं है। सच्चाई यह है कि आज जो दर्द जनता को हो रहा है, वह सुक्खू सरकार की नाकामी, अहंकार और भ्रष्टाचार के कारण हो रहा है। त्रासदी में जब जयराम ठाकुर जनता की आवाज बनकर कूचे-कूचे पर उतरते हैं, तो कांग्रेस नेता उसे दर्द की समझ बताकर हल्का करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि हकीकत यह है कि कांग्रेस सरकार खुद दर्द दे रही है और दूसरों से सहानुभूति की उम्मीद कर रही है।

# कार से 125 किलो डायनामाइट और डेटोनेटर सहित तीन गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन**

पड़ोसी राज्य उत्तराखंड में पंचायत चुनाव से पहले हिमाचल सीमा से लगते त्यूणी में हिमाचल नंबर की अल्टो कार से पांच पेटियों में रखा 125 किलोग्राम डायनामाइट और डेटोनेटर के दो डिब्बे बरामद किए गए। पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।



उत्तराखंड में पंचायत चुनाव शुरू होने के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून ने सभी थाना प्रभारियों को चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने और किसी भी प्रकार से प्रलोभन देकर मतदान अपने पक्ष में करने जैसी तमाम गतिविधियों पर रोक लगाते हुए अवैध गतिविधियों पर सतर्क रहने को कहा है। इस पर पुलिस की ओर से लगातार सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। त्यूणी थाना पुलिस की ओर से नाके में चैकिंग के दौरान एक आल्टो कार में से पांच पेटी डायनामाइट कुल वजन 125 किलोग्राम, 2 डिब्बे टोपी (डेटोनेटर), एक रोल लाल रंग की तार तथा एक बंडल आसमानी रंग की बत्ती बरामद की गई। कार में सवार रोहित (19) निवासी रोनहाट जिला सिरमौर, रिंकू (37) निवासी बलग जिला शिमला तथा सुनील (38) निवासी सैडोली कोटखाई हिमाचल प्रदेश से विस्फोटक पदार्थ को परिवहन करने के संबंध में आवश्यक दस्तावेज मांगे गए, लेकिन कोई दस्तावेज नहीं दिखा सके। पुलिस ने वाहन सवार तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। उत्तराखंड के थाना त्यूणी के प्रभारी विनय मित्तल ने कहा कि गिरफ्तार रिंकू, रोहित और सुनील के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम-1884 समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### लक्ष्य शिक्षा संस्थान मन्जयाट में विदाई समारोह

## दुष्यंत मिस्टर फेयरवेल, अंजलि के सिर सजा मिस फेयरवेल का खिताब



लक्ष्य शिक्षा संस्थान मन्जयाट में विदाई समारोह में दुष्यंत मिस्टर और अंजलि बनी मिस फेयरवेल।

**अनंत ज्ञान, अर्की**

लक्ष्य शिक्षा संस्थान मन्जयाट में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। दूसरे सेमेस्टर के छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

चौथे सेमेस्टर के लिए मॉडलिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें दुष्यंत ने मिस्टर फेयरवेल, अंजलि ने मिस फेयरवेल, आकाशदीप ने मिस्टर पर्सनालिटी और सबा चौधरी ने मिस पर्सनालिटी का खिताब जीता। अजय तीसरे सेमेस्टर में प्रथम, अंजली दूसरे स्थान पर तथा श्रेया तीसरे स्थान पर रही। विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस समारोह में अध्यक्ष डॉ. पीएल गुप्ता, डॉ. कुसुम गुप्ता और लक्ष्य शिक्षा संस्थान के अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### बाड़ादेवा रिया जातरा जो आसां जाई लैणा भजन हुआ रिलीज

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** बाघल होटल दाड़लाघाट में आयोजित कार्यक्रम में विधायक अर्की संजय अवस्थी ने नम्होल (टेपरा) निवासी सुभाष शर्मा द्वारा लिखा और स्वरबद्ध भजन बाड़ादेवा रिया जातरा जो आसां जाई लैणा को रिलीज किया। इस भजन के लेखक और स्वरबद्ध करने वाले स्वयं सुभाष शर्मा हैं, जबकि संगीत परमजीत पम्मी द्वारा दिया गया है। डीओपी साहिल वर्मा ने अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया और पोस्टर डिजाइन कनिष्क वर्मा द्वारा किया गया है। यह भजन सुभाष शर्मा के यूट्यूब चैनल सुभाष शर्मा हिमाचली पर उपलब्ध है। सुभाष शर्मा एक प्रसिद्ध हिमाचली गायक और लेखक हैं, जिन्होंने अपने संगीत सफर की शुरुआत स्कूल के दिनों से की। उन्होंने हिमाचल के पारंपरिक गीत, लोक गाथाएं, संस्कार गीत, विवाह गीत आदि गीतों को अपने यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया है, जो दर्शकों द्वारा बहुत पसंद किए गए हैं।

## चायल अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित, लोगों को मिलेगी सुविधा

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट**



पर्यटन नगरी चायल के नागरिक अस्पताल में शनिवार को अल्ट्रासॉउंड मशीन लगाई गई।

इस मशीन के लगने के साथ चायल को अल्ट्रासॉउंड की सुविधा मिल गई है। यह सुविधा प्रदेश सरकार और चायल के उपप्रधान पंकज ठाकुर के माध्यम से किसी गुप्त नाम व्यक्ति ने दी है। प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने विगत दिनों चायल में अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद जल्द अल्ट्रासाउंड सुविधा का आश्वासन दिया था। उन्होंने आज से डेप्युटेशन पर अल्ट्रासॉउंड का डॉक्टर भी तैनात किया है। अल्ट्रासाउंड मशीन के उद्घाटन कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी सायरी डॉ. अजय सिंह, डॉ. विवेक शर्मा, डॉ. अक्षिता, अस्पताल का स्टॉफ, पंचायत के प्रतिनिधि और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। उन्होंने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और गुप्त दानी सज्जन का आभार जताया।

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि जिस डॉक्टर को अल्ट्रासाउंड के लिए डेप्युटेशन पर भेजा है, उनको स्थायी रूप से यही तैनात किया जाए। चायल को यह सुविधा मिलने के साथ जिला सोलन की सात और जिला शिमला की तीन ठेठ ग्रामीणों पंचायतों के ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। अभी तक लोगों को इस सुविधा के लिए सोलन और शिमला जाना पड़ता था।

### रेणुका झील से मिली लापता मदन की लाश

**अनंत ज्ञान, नाहन।** श्री रेणुका जी झील से शनिवार को एक 65 वर्षीय व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम झील परिसर पहुंची और बरामद लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल रवाना किया। मृतक की पहचान मदन शर्मा के रूप में हुए है, जो कुछ दिनों से लापता थे। उन्होंने हिंदी प्रवक्ता के रूप में शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं दी थी। जिले के एएसपी योगश रोल्टा ने बताया कि लाश की शिनाख्त रेणुका ब्लॉक के गांव नडॉड़सी निवासी 65 वर्षीय मदन शर्मा के रूप में हुई है। एएसपी ने बताया कि लाश को कब्जे में लिया गया है पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मृतक के परिजनों को पुलिस ने सूचित कर दिया है। जानकारी के अनुसार मदन शर्मा को 10 जुलाई को आखिरी बार ददाहू बाजार में देखा गया था। मृतक की लोकेशन सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई थी, लेकिन कोई सुराग नहीं लग रहा था। स्वामी तीर्थानंद ने बताया कि मदन शर्मा घर से तड़के 4-5 बजे बिना किसी को कुछ बताए निकल थे।

**परेशानी** फोरलेन के निर्माण का कई जगह लोगों को भुगतना पड़ रहा खामियाजा

# मलबे से खतरे की जद में दोलग गांव

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान**

**कंडाघाट।** हिमाचल प्रदेश में फोरलेन के निर्माण का कई जगह लोगों को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। इनमें कंडाघाट के समीप दोलग गांव भी इसकी मार झेल रहा है। यहां पिछले दिनों बारिश से फोरलेन के ऊंचे डंगे पर लगे कलवर्ट से भारी मात्रा में पानी और उसके साथ मलबा आने से गांव के कई घर, इस गांव की बाबा थड़ा मूला सड़क, स्कूल भयानक तबाही से बाल-बाल बच गए। आज भी गांव की सड़क बहाल नहीं हुई है।



फोरलेन के ऊंचे डंगे पर लगे कलवर्ट से आया मलबा गांव की बाबा थड़ा मूला सड़क पर।

स्कूल, घरों और सड़क को खतरा बना है और लोग यहां खौफ के साये में रह रहे हैं। पिछले दिनों लगातार तीन दिन हुई बारिश से फोरलेन के ऊंचे डंगे पर बनाए कलवट से पानी के साथ निर्माण में निकला भारी मात्रा में मजबा गांव तक पहुंच गया। इससे गांव की सड़क अवरुद्ध होने के साथ राजकीय प्रारंभिक पाठशाला दोलग के भवन और गांव के करीब आधा दर्जन घरों को खतरा पैदा हो गया। पंचायत प्रतिनिधियों ने मामला एसडीएम कंडाघाट और लोक निर्माण विभाग के संज्ञान में लाया। इसके बाद लोक निर्माण विभाग कंडाघाट ने सड़क बहाल की थी। उसके बाद फिर बारिश से मलबा आया और सड़क बंद हो गई, अब विभाग ने पैदल चलने लायक रास्ता फिलहाल बहाल किया है।

इसके अतिरिक्त एसडीएम कंडाघाट ने प्रतिनिधियों को मामला डीसी से उठाने का आश्वासन दिया है। ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि एनएचआई जिसने यहां फोरलेन बनाई, ठीक गांव के ऊपर कलवट बना दिया। इससे सड़क का पानी मजबे के साथ उनके जान माल की तबाही का खतरा बन रहा है। उसका कोई अधिकारी मदद तो दूर नुकसान देखने भी नहीं आया। उनका मानना है कि जिसकी वजह से नुकसान हुआ, उससे भरपाई करवानी चाहिए। इस बारे में पंचायत प्रधान राजविंद्र कौर और पूर्व प्रधान गुरविंदर ने बताया कि गांव की सड़क बहाल करने, खतरे की जद में आए घरों और स्कूल की सुरक्षा के लिए कलवट का पानी ड्रेन के माध्यम से किसी नाले तक पहुंचाने की आवश्यकता है, नहीं तो गांव को खतरा बना रहेगा। ग्रामीण मांग कर रहे हैं कि सुरक्षा के उपाय और सड़क व्यवस्था बहाल करने का दायित्व एनएचआई को करने के निर्देश दिए जाएं क्योंकि उन्हीं के निर्माण की वजह से गांव में ऐसे हालत हुए हैं।

### 247 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 16 को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** मैसर्ज तपन इंडस्ट्रीज सोलन में सेल्स एग्जीक्यूटिव के 25 पद, मैसर्ज महिंद्रा एवं महिंद्रा लिमिटेड मोहाली में अप्रेंटिस के 200 पद तथा मैसर्ज फोर्ज इंडिया प्राईवेट लिमिटेड परवाणू में फोर्जर और इलेक्ट्रिशन के 22 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 16 जुलाई को जिलस रोजगार कार्यालय सोलन में 10.30 बजे आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। जगदीश कुमार ने कहा कि उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, ग्रेजुएट, पेंटर, फिटर, डीजल मकैनिक, लाइट मोटर व्हीकल मकैनिक, टर्नर व इलेक्ट्रिशन पास व आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन पदों की विस्तृत जानकारी आवेदक विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस में प्राप्त कर सकते हैं। सभी योग्य एवं इच्छुक आवेदक विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस पर कैंडिडेट लॉगइन टैब के माध्यम से पंजीकृत करने के उपरांत अपने रजिस्ट्रेशन प्रोफाइल पर अधिसूचित रिक्तियों के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने से पूर्व प्रत्येक आवेदक का नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है।

## दाड़लाघाट बाजार में पानी की उचित निकासी न होने से वाहन चालक परेशान



दाड़लाघाट बाजार में पानी की उचित निकासी न होने से वाहन चालक हो रहे परेशान।

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

दाड़लाघाट बाजार में वर्षा के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नेशनल हाईवे द्वारा इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दिए जाने के कारण वर्षा के पानी की उचित निकासी नहीं हो पा रही है, जिससे आम जनता का सड़कों पर चलना कठिन हो गया है। पहले सड़कों के किनारे बने कलवर्ट, जो नाले तक जाते थे, उन्हें बंद कर दिया गया है। इससे पानी सड़कों पर बह रहा है। इससे दाड़लाघाट के स्यार से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक पानी सड़कों पर बह रहा है। इस समस्या के कारण छात्रों और आम जनता को चलने में कठिनाई हो रही है। राजकीय महाविद्यालय के पास छात्रों को बस में उतरने और चढ़ने के लिए वर्षा के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व सचिव हिमाचल संस्कृत अकादमी डॉ. मस्तराम शर्मा ने स्थानीय विधायक संजय अवस्थी और मुख्यमंत्री सुक्खू से इस समस्या का समाधान करवाने के लिए नेशनल हाईवे के अधिकारियों को आदेश देने का आग्रह किया है। उन्होंने पुराने नाले और सड़कों के किनारे बने कलवर्ट को खोलने की मांग की है, ताकि लोगों को आने-जाने में कठिनाई का सामना न करना पड़े।

## न्यूज ब्रीफ

### अंग्रेजी साहित्य पर 10 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** एमसीएम डीएवी महिला महाविद्यालय के स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग द्वारा अंग्रेजी साहित्य पर 10 दिवसीय ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स का सफल आयोजन किया गया। यह पाठ्यक्रम साहित्यिक इतिहास, सिद्धांतों और समकालीन सांस्कृतिक विमर्श की गहन व व्यापक समझ प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया था। 38 प्रतिभागियों के साथ आयोजित इस 30 घंटे के कार्यक्रम में एलिजाबेथीयन युग से लेकर आधुनिक और उत्तर-आधुनिक संदर्भों तक अंग्रेजी साहित्य के विकास को विस्तार से समझाया गया। इस कोर्स को और समृद्ध बनाने के लिए विशेषज्ञ वक्ताओं ने सत्र लिए, जिनमें सुश्री अनीता, सुश्री करिश्मा चौहान, सुश्री अपराजिता और सुश्री श्रुति शर्मा शामिल थीं। प्रतिभागियों को कई विविध विषयों से जोड़ा गया, जिनमें अंग्रेजी भाषा में समय के साथ हुए परिवर्तन, विभाजन साहित्य को आघात और स्मृति अध्ययन के दृष्टिकोण से देखना तथा शास्त्रीय आलोचना से लेकर उत्तर-मानवतावादी दृष्टिकोण तक साहित्यिक समालोचना का विस्तृत सर्वेक्षण शामिल रहा। कोर्स में सांस्कृतिक अध्ययन, नव-मीडिया, डिजिटल संचार, भारतीय मीडिया का विकास, झूठे समाचार और नागरिक पत्रकारिता जैसे समकालीन विषयों को भी शामिल किया गया। ग्राफिक नॉवेल्स और वैकल्पिक साहित्यिक रूपों को सम्मिलित कर कोर्स को अंतर्विषयक आयाम भी प्रदान किया गया।

### लायंस क्लब चंडीगढ़ होस्ट ने बांटे फूड पैकेट्स

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** लायंस क्लब चंडीगढ़ (होस्ट) द्वारा आज 'हंगर' सेवा परियोजना का आयोजन गवर्नमेंट मेडिकल स्पेशलिटी हॉस्पिटल, सेक्टर-16, चंडीगढ़ में किया गया, जिसमें लगभग 300 जरूरतमंद लोगों को फूड पैकेट्स वितरित किए गए। इस सेवा कार्य में लायन एचएस अटवाल (अध्यक्ष), लायन जगदीश कुमार (सचिव), लायन एमएस संधू, लायन आरके बंसल, लायन एके अग्रवाल, लायन अरुण आनंद, लायन आर्यन आनंद, लायन वीना कुमार, लायन संदीप सिंह और लायन सुरिंदर शर्मा ने भाग लिया।



### सेक्रेड हार्ट स्कूल में लगाया आधार अपडेट शिविर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** यूटी चंडीगढ़ में अनिवार्य बायोमेट्रिक लंबित मामलों को निपटाने के प्रयासों के तहत यूआईडीएआई द्वारा आज सेक्रेड हार्ट स्कूल, सेक्टर 26, चंडीगढ़ में एक विशेष आधार एमबीयू शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन आधार सेवा केंद्र (एएसके) द्वारा किया गया, जिसका संचालन यूआईडीएआई, शिक्षा विभाग तथा आईटी विभाग, यूटी चंडीगढ़ द्वारा किया जाता है। यह शिविर स्कूल में आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) के साथ रखा गया, जिससे अभिभावकों और छात्रों को अपनी उपस्थिति के दौरान एमबीयू सेवाओं का सुविधाजनक रूप से लाभ उठाने का अवसर मिला। इस शिविर में स्कूल के 300 से अधिक छात्रों ने अपना आधार अपडेट कराया। यह समन्वित प्रयास पूरे केंद्र शासित प्रदेश में एमबीयू अनुपालन लक्ष्य को पूरा करने और छात्रों को आधार से जुड़ी सेवाओं की सतत पहुंच सुनिश्चित करने के व्यापक अभियान का हिस्सा है। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि स्कूल जाने वाले बच्चों का बायोमेट्रिक विवरण समय पर अपडेट हो, जो आधार प्रमाणीकरण को सक्रिय और सटीक बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम है। एमबीयू सुविधा का लाभ सभी संपर्क केंद्रों, आधार सेवा केंद्र, यूटी चंडीगढ़ के चयनित बैंकों और डाकघरों में भी लिया जा सकता है।



# कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने भ्रष्टाचारी 42 अधिकारियों-कर्मचारियों को किया चार्जशीट

## रिटायर्ड और वर्तमान अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध, करोड़ों के टेंडर में नियमों को किया दरकिनार

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** जनस्वास्थ्य आभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (क्क॥श्व) में सामने आए टेंडर प्रक्रिया की अनियमितताओं के मामलों को लेकर विभाग के 42 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चार्जशीट किया गया है। मामला रोहतक जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (क्क॥श्व) से जुड़ा है। इनके खिलाफ अब विभागीय जांच होगी। कैबिनेट मंत्री श्री गंगवा ने कहा कि सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। किसी भी प्रकार की ना तो कामकाज में लापरवाही बर्दाश्त की जाएगी और ना ही भ्रष्टाचार करने वालों को बख्शा जाएगा।



रोहतक जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (क्क॥श्व) के संबंध में सरकार को शिकायत मिल रही थी कि नियमों को अनदेखा करते हुए सिविल कार्य करवाएं जा रहे हैं। टेंडर प्रक्रिया में भारी अनियमितताओं को बरता जा रहा है। जिसके बाद सरकार की तरफ से इसकी जांच करवाई गई। कैबिनेट मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि जांच में कई तथ्य सामने आए हैं, उनके आधार पर इस बाबत निर्देश देते हुए कार्रवाई की सिफारिश की गई है।

**बिना ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया के दिए गए वर्क ऑर्डर:** जांच रिपोर्ट में सामने आया है कि विभिन्न विकास कार्यों के वर्क ऑर्डर बिना ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया के जारी किए गए हैं। इससे एक तरह से न केवल नियमों की अनदेखी सामने आई है, बल्कि सरकारी खजाने को भी नुकसान हुआ। विभागीय वित्तीय नियमों के विरुद्ध जाकर कथित इमरजेंसी कार्य घोषित कर ऑफलाइन कोटेशन पर काम करवाए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार ये अनियमितताएं उस अवधि में हुई जब सम्बंधित एक अधीक्षण अभियंता (एसई) और कार्यकारी अभियंता (एक्सीएन) कार्यरत थे।

### न पहले थे इस प्रकार के काम और न बाद में

**हैरानी** की बात यह है कि जांच में सामने आया है कि पहले के अधिकारियों के कार्यकाल में इस प्रकार के काम ऑफलाइन कोटेशन पर नहीं हुए थे, वहीं इन अधिकारियों के कार्यकाल में एकदम से ऑफलाइन वर्क आर्डर जारी हुए। इनमें रोहतक सब डिवीजन, सांपला सब डिवीज़न और महम सब डिवीजन सहित अन्य क्षेत्र शामिल हैं। कुछ ठेकेदारों को एक ही दिन में 10 से अधिक काम सौंपे गए, वह भी सभी कार्य सीमा के पास-पास, जिससे यह भी संकेत मिलता है कि यह वर्क आर्डर जान-बूझकर विभाजित कर नियमों को दरकिनार किया गया है। इस पूरे मामले में न केवल अधीक्षण अभियंता और कार्यकारी अभियंता, बल्कि संबंधित सब डिवीजनल इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर तक की भूमिका जांच के दायरे में है। उन्होंने कहा कि इस मामलेमें संलिप्त अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

# रोजगार मेले में 200 अभ्यर्थियों को प्रदान किए नियुक्ति पत्र

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

केंद्र सरकार की रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत देश के 47 शहरों के साथ-साथ इसी श्रृंखला में उत्तर रेलवे के मुख्य कारखाना जगाधरी वर्कशॉप द्वारा यमुनानगर में 16वें रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस कार्यक्रम के अंतर्गत अनुमानित 200 नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअली शामिल होकर देश के युवाओं को संबोधित किया।

प्रधानमंत्री ने कहा है कि रोजगार मेला भारत सरकार की रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की दिशा में एक प्रभावी कदम है। यह न केवल युवाओं को अवसर देता है, बल्कि युवाओं को सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भी भागीदारी का मार्ग प्रदान करता है। लाखों युवाओं को बिना पर्ची-बिना खर्ची नियुक्ति पत्र प्रदान किए जा चुके हैं, जो देश के निर्माण में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे।

रोजगार मेले में उपस्थित युवाओं को नियुक्ति पत्र देते हुए हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने रेलवे, उच्च शिक्षा कुरुक्षेत्र, डाक विभाग एवं गृह मंत्रालय में चयनित हुए 30 युवाओं को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री मोदी द्वारा युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जा रहे हैं और जिन युवाओं को ये नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए हैं, उन्हें न केवल रोजगार मिला है, बल्कि उन्हें देश के नव निर्माण में अपनी सेवाएं प्रदान करने अवसर भी मिला है। इसलिए हमें पूरी निष्ठा व लगन के साथ जनता की सेवा करनी चाहिए।

हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और लोकतंत्र का अर्थ है, ज्यादा से ज्यादा जनता से संपर्क एवं सेवा भाव से कार्य करते हुए देश के विकास में योगदान देना। देश को संकल्प वाद एवं दृढ़ इच्छा रखने वाला व्यक्ति देश को प्रधानमंत्री के रूप में मिला है, जिनके कुशल नेतृत्व में देश का नाम विश्व में चमका है। उन्होंने कहा कि आज देश के जिन युवाओं को पर्ची-बिना खर्ची देश की जनता की सेवा करने का मौका मिला है और हरियाणा में भी युवाओं को उनकी योग्यता के आधार पर रोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा है। आज हरियाणा बिना पर्ची-बिना खर्ची के नौकरियां मिलने के कारण के युवाओं में प्रतियोगी परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने की होड़ लगी है।

# 'स्वास्थ्य सिद्धि' पहल स्वास्थ्य के क्षेत्र में मील का पत्थर होगी साबित: अरविंद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि यह केंद्र समाज कल्याण, प्राकृतिक चिकित्सा एवं आयुर्वेदिक शोध के क्षेत्र में कार्य करेगा, जिससे स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारी पुरानी परंपरा व संस्कृति दोबारा जीवित होगी। उन्होंने कहा कि पुराने समय में भारत में प्राकृतिक व आयुर्वेदिक चिकित्सा से ही लोगों का इलाज किया जाता था, जो हमारे देश की एक पहचान थी। उन्होंने कहा कि इसी पहचान को दोबारा जीवित रखने के लिए हरियाणा सरकार आयुर्वेदिक चिकित्सा के क्षेत्र में अहम कदम उठा रही है।

शर्मा शनिवार को सोनीपत में मोहाना स्थित बाबा नैना नाथ जी डेरे में बनाए जा रहे बाबा सुमर नाथ अनुसंधान एवं वेलनेस सेंटर का बतौर मुख्यातिथि शिलान्यास करने उपरांत बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शिवा ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशंस एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्वास्थ्य सिद्धि के रूप में शुरू की गई पहल स्वास्थ्य के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी, जिससे इस क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि पहले गरीब लोगों के मन में एक ही शंका रहती थी कि अगर वे बीमार हो गए तो उनका बिना पैसे के कैसे इलाज हो सकेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब लोगों की इसी शंका व चिंता को खत्म करने के लिए देश का प्रधानमंत्री बनते हुए देश में आयुष्मान भारत योजना की शुरूआत की, जिसकी मदद से गरीब व्यक्ति भी जरूरत पड़ने पर अपना ईलाज अच्छे अस्पतालों में करवा सकता है। इस योजना के शुरू होने से अब किसी भी गरीब व्यक्ति को अपने इलाज की कोई चिंता नहीं है।

## हरियाणा में प्रतीक्षा सूची वाले डॉक्टरों को मिलेगी तैनाती

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग में अब प्रतिक्षा सूची में शामिल रहे डाक्टरों को तैनाती दी जाएगी। इस संबंध में विभाग की तरफ से फाइल मुख्यमंत्री को भेज दी गई है। स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों के 777 खाली पद भरने की कवायद पिछले कई माह से चल रही है लेकिन अभी तक इन पदों पर शत-प्रतिशत तैनाती नहीं हो पाई है। इन पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के बाद सरकार की तरफ से 502 डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए थे। जिसके बाद शेष बचे 275 पदों पर भर्ती के लिए वेटिंग लिस्ट में से करीब 126 डॉक्टरों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के बाद नियुक्ति पत्र सौंप जाने हैं। यह डॉक्टर पिछले करीब दो माह से ज्वाइनिंग की इंतजार कर रहे हैं। अभी तक इन्हें नियुक्ति पत्र नहीं मिले हैं। नियुक्ति पत्र से जुड़ी फाइल सीएम नायब सिंह सैनी के पास पहुंच गई है। अब वहां से मंजूरी मिलने के बाद इन डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। अभी वेटिंग लिस्ट से जुड़े 126 डॉक्टरों की ज्वाइनिंग नहीं हो पाई है कि विभाग ने वेटिंग लिस्ट से ही जुड़े 58 अन्य डॉक्टरों को दस्तावेजों की जांच के लिए बुलाया है। इन्हें पंचकूला स्थित मुख्यालय पर दस्तावेजों की जांच के लिए बुलाया गया है। प्रदेश में डॉक्टरों के खाली 777 पदों पर भर्ती के लिए रोहतक पीजीआई द्वारा परीक्षा ली गई थी।

# स्वीडन में फुटबॉल टूर्नामेंट में प्रतिभा दिखाएंगे हरियाणा के खिलाड़ी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

नई दिल्ली स्थित स्वीडन एम्बेसी में हरियाणा अंडर-15 महिला टीम और भारत स्पेशल ओलंपिक के खिलाड़ियों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ये खिलाड़ी 13-19 जुलाई को स्वीडन के गोथेनबर्ग में होने वाले दुनिया के सबसे बड़े युवा फुटबॉल टूर्नामेंट गोथिया कप 2025 में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस कार्यक्रम में हरियाणा प्रदेश के खेल युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता तथा कानून एवं विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस मौके पर खेल मंत्री ने कहा कि यह सिर्फ खेल नहीं, भारत की बेटियों और खिलाड़ियों के आत्मविश्वास, जुनून और समर्पण का प्रदर्शन है। खेल सीमाएं नहीं मानते बल्कि ये सपनों को उड़ान देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की बेहतरीन खेल नीतियों की बदौलत आज देश के खिलाड़ी ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलों समेत कई अंतरराष्ट्रीय खेलों में उच्च कोटि का प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

आज हरियाणा के खिलाड़ियों का विश्व स्तर पर डंका बज रहा है। यह सब प्रधानमंत्री मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के खेल के क्षेत्र में युवाओं को बेहतरीन सुविधाएं देने के साथ-साथ करोड़ों रुपए की पुरस्कार राशि और सरकारी नौकरियां उपलब्ध करवाने की बदौलत हो पा रहा है। इस अवसर पर डॉ. मल्लिका नड्डा, यान थेस्लेफ समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

### प. बंगाल में कार ट्रक से टकराई, चार की मौत

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर जिले के बेल्दा में शनिवार को एक कार और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर सुबह करीब साढ़े छह बजे हुई, जब ओडिशा जा रही कार के चालक के वाहन पर से नियंत्रण खो देने के बाद विपरीत लेन में चली गई। इसके बाद ट्रक से उसकी सीधी टक्कर हो गई और वह क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि कार में सवार सभी चार लोग पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले से आ रहे थे। (अनंत ज्ञान)

### कर्नाटक की गोकर्ण गुफा से रूसी महिला रेस्क्यू



**एजेंसी, कारवाड।** उत्तर कन्नड़ जिले के कुमता तालुक में रामतीर्थ पहाड़ियों की गोकर्ण गुफा से एक रूसी महिला और उसके दो छोटे बच्चों का रेस्क्यू किया गया। महिला की पहचान 40 साल की नीना कुटीना उर्फ मोही के रूप में हुई है। यह महिला बिजनेस वीजा पर भारत आई थी। हिंदू धर्म और भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं से गहराई से प्रभावित होकर गोवा होते हुए गोकर्ण पहुंची। उसके साथ 2 बेटियां 6 साल की प्रेया और 4 साल की अमा थी। जंगल के बीचों-बीच बनी गुफा में ये लोग 2 हफ्ते से थे।हाल ही में हुए लैंडस्लाइड के बाद रूटीन पेट्रोलिंग कर रही पुलिस ने गुफा के बाहर कपड़े लटके हुए देखे। अंदर पहुंचने पर टीम को महिला और बच्चे मिले। उन्हें रेस्क्यू कर एक मंदिर में ठहराया गया है। (अनंत ज्ञान)

### आतंकी संगठन आईएस से जुड़ा व्यक्ति गिरफ्तार

**एजेंसी, लखनऊ।** देश की केंद्रीय जांच एजेंसी- राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) ने प्रतिबंधित आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) की गतिविधियों को बढ़ावा देने के आरोप में रिजवान अली उर्फ अबू सलमा उर्फ मोला को लखनऊ से गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि वह आईएस पुणे स्लीपर मॉड्यूल मामले में 11वां वांछित आरोपी और प्रमुख साजिशकर्ता है। एनआईए की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि आईएस की भारत विरोधी साजिश के हिस्से के रूप में अली ने विभिन्न स्थानों की टोह लेने में सक्रिय भूमिका निभाई थी। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# यूपी के कानपुर में रेलवे ट्रैक धंसा

## एमपी के मंडला में बाढ़ से अब तक 7 लोगों की मौत

**एजेंसी, लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में शनिवार को भारी बारिश हो रही है। कानपुर में बारिश से रेलवे ट्रैक धंस गया है। इसके चलते कालिंदी एक्सप्रेस को रोका गया है। लखनऊ की सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया है। वहीं, मध्य प्रदेश में बारिश अब आफत बनकर बरस रही है। मंडला में बाढ़ से अब तक 7 लोगों की मौत हो चुकी है। शुक्रवार को सिवनी, छतरपुर समेत 10 जिलों में बाढ़ जैसे हालात रहे। आज भी सभी जिलों में हल्की से तेज बारिश का अलर्ट है। राजस्थान में भी इस बार मानसून जमकर बरस रहा है। शुक्रवार को बीकानेर, झुंझुनूं सहित 13 जिलों में 4 इंच तक बरसात हुई। धौलपुर में पार्वती नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। श्रीमाधोपुर में दुकानों में पानी घुस गया। फलोदी में शहर के बीच पानी नदी की तरह बहने लगा। उधर, पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में लगातार तेज बारिश जारी है। उत्तरकाशी में लैंडस्लाइड में दबने से 57 साल की महिला की मौत हो गई। (अनंत ज्ञान)

### आईआईएम कलकत्ता में छात्रा से रेप, आरोपी काबू

**एजेंसी, कोलकाता।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) कलकत्ता में शनिवार को एक स्टूडेंट से बलात्कार का मामला सामने आया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, सोशल मीडिया पर दोनों की जान-पहचान हुई थी। स्टूडेंट किसी निजी मामले में सलाह के लिए आरोपी से मिलने आईआईएम आई थी। इसके बाद उसे बॉयज हॉस्टल ले जाया गया, जहां उससे रेप हुआ। घटना बिजनेस स्कूल के बॉयज हॉस्टल में शुक्रवार को हुई थी। आरोपी स्टूडेंट को शुक्रवार रात हिरासत में ले लिया गया था, आज गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़ित ने बताया है कि उसे काउंसिलिंग सेशन के लिए हॉस्टल बुलाया गया। वहां उसने एक ड्रिंक पी, जिससे वह बेहोश हो गई। होश में आने पर पता चला कि उसके साथ बलात्कार हुआ है। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप टेक्सास में बाढ़ पीड़ितों से मिले

## अमेरिकी राष्ट्रपति बोले- ऐसी तबाही पहले कभी नहीं देखी

**एजेंसी, वॉशिंगटन**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टेक्सास के केरविल शहर का दौरा किया, जहां 4 जुलाई को आई भीषण बाढ़ ने भारी तबाही मचाई थी। इस बाढ़ में अब तक कम से कम 120 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 170 से ज्यादा लोग लापता हैं। ट्रंप ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और राहत कार्यों में जुटे स्थानीय अधिकारियों की सराहना की। इस दौरान उन्होंने पहली बार भावुक लहजे में कहा कि उन्होंने ऐसी तबाही पहले कभी नहीं देखी।

डोनाल्ड ट्रंप लंबे समय से फेडरल इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी (फेमा) को खत्म करने की बात करते रहे हैं। लेकिन टेक्सास में भारी नुकसान देखने के बाद उन्होंने फेमा की भूमिका पर कोई टिप्पणी नहीं की। इसके बजाय उन्होंने कहा कि हम जो भी कर सकते हैं, टेक्सास के लिए करेंगे। ट्रंप ने 8 और काउंटियों को 'डिजास्टर जोन' घोषित कर, उन्हें फेडरल मदद दिलाने का ऐलान भी किया। (अनंत ज्ञान)

### तेलुगु भाषा मां के समान तो हिंदी मौसी जैसी: पवन

**एजेंसी, हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम और जनसेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण ने कहा कि अगर तेलुगु भाषा हमारी मां के समान है, तो हिंदी मौसी जैसी है। हिंदी सीखने से क्षेत्रीय पहचान को खतरा नहीं है। यह भारत को एक करती है। उन्होंने यह भी कहा कि साउथ फिल्मों को हिंदी में डब कराकर खूब पैसा कमाया जाता है, लेकिन इस भाषा को सीखने से आपत्ति है। यह कैसा दोहरा रवैया है। पवन ने कहा कि क्षेत्रीय भाषाओं का महत्व तो है ही लेकिन हिंदी भारत के विविध हिस्सों को जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। (अनंत ज्ञान)



# ईरान ने 16 दिन में 5 लाख अफगानियों को निकाला

**एजेंसी, तेहरान**

ईरान ने महज 16 दिनों में 5 लाख से ज्यादा अफगान नागरिकों को देश से बाहर निकाल दिया है। यह कार्रवाई 24 जून से 9 जुलाई के बीच हुई है। यानी हर दिन औसतन 30,000 से ज्यादा अफगानों को देश से निकाला गया।

संयुक्त राष्ट्र ने इसे दशक की सबसे बड़ी जबरन निकासी में से एक करार दिया है। ईरान इजराइल के साथ तनावपूर्ण संघर्ष के बाद आंतरिक सुरक्षा का हवाला देकर प्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है। ईरान ने मार्च 2025 में ऐलान किया था कि अवैध रूप से रह रहे अफगान प्रवासी 6 जुलाई तक देश छोड़ दें, वरना उन्हें जबरन निकाला जाएगा। जून में ईरान और इजराइल के बीच 12 दिन चले सैन्य संघर्ष के बाद यह अभियान और तेज हो गया। (अनंत ज्ञान)



### बांग्लादेश में हिंदू समर्थक अर्थशास्त्री बरकत अरेस्ट

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश में अर्थशास्त्री अबुल बरकत को भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया है। वह हिंदू अल्पसंख्यकों की वकालत के लिए भी जाने जाते हैं। बरकत ने कट्टरपंथी इस्लामी विचारधाराओं, विशेषकर जमात-ए-इस्लामी जैसी ताकतों की खुलकर आलोचना की है। अबुल बरकत पर आरोप है कि उन्होंने अपने कार्यकाल में रेडीमेड गारमेंट कंपनी 'एनॉनटेक्स ग्रुप' को गलत तरीके से कर्ज दिलवाने में मदद की और जनता बैंक से जुड़े 2.97 अरब टका का गबन किया है। (अनंत ज्ञान)



# भारत में बहुसंख्यक शासन लागू करना चाहते हैं भाजपा व चुनाव आयोग: कपिल सिब्बल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर सियासी घमासान जारी है। विपक्षी पार्टियां इस मुद्दे पर भाजपा और चुनाव आयोग को घेरने में लगी हैं। इस बीच, राज्यसभा सांसद और सुप्रीम कोर्ट के वकील कपिल सिब्बल ने भी भाजपा को घेरा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ऐसा कहा जा रहा है कि यह अभ्यास एक पायलट प्रोजेक्ट है। यह NRC को वापस लाने का एक और तरीका है। ऐसा करके वे भारत में बहुसंख्यक शासन लागू करना चाहते हैं।

भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार पर तंज कसते हुए सिब्बल ने कहा कि वे नहीं चाहते कि भारत में कोई और सत्ता में आए। महाराष्ट्र का उदाहरण देते हुए सिब्बल ने आरोप लगाया कि वहां उन्होंने वोटों की संख्या बढ़ाई और यहां वे इसे कम कर रहे हैं। मेरा आरोप है कि चुनाव आयोग और उनके (भाजपा) बीच साझेदारी है। (अनंत ज्ञान)

### बिहार में 75 फीसदी मतदाताओं के गणना फॉर्म जमा

**बिहार** में मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम तेज गति से आगे बढ़ रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा शुक्रवार को जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, अब तक हर चार में से तीन मतदाताओं ने अपने गणना फॉर्म जमा करा दिए हैं। आयोग के मुताबिक बिहार में 74.39 प्रतिशत से अधिक ने अपने गणना प्रपत्र जमा कर दिए हैं जबकि इन प्रपत्रों को जमा करने की अंतिम तिथि से अभी 14 दिन शेष हैं।

## सियासत

### केंद्रीय गृहमंत्री ने तिरुवनंतपुरम में केरल के सीएम पिनाराई विजयन पर साधा निशाना, कहा-

# भ्रष्ट है एलडीएफ सरकार, केरल में खूब घोटाले हो रहे : शाह

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को केरल सरकार और सीएम पिनाराई विजयन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केरल की एलडीएफ सरकार भ्रष्ट है। राज्य में खूब घोटाले हो रहे हैं।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तिरुवनंतपुरम में केरल में स्थानीय निकाय चुनावों और अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के अभियान की शुरुआत करने से पहले यहां भाजपा की नई राज्य समिति कार्यालय मराजी भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि केरल में लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) और यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) का ट्रैक रिकॉर्ड भ्रष्ट सरकार का रहा है। एलडीएफ ने विस्फोटक घोटाला, सहकारी बैंक घोटाला, AI कैमरा घोटाला, लाइफ मिशन घोटाला, पीपीई किट घोटाला और भारत का सबसे बड़ा सोना तस्करी घोटाला किया। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि भाजपा के लिए सरकार में मुख्यमंत्री रखने से ज्यादा महत्वपूर्ण यह सुनिश्चित करना है कि यहां उसका राज्य कार्यालय विकसित केरलम का केंद्र बने। 'विकसित भारत' का रास्ता 'विकसित केरलम' से होकर ही जाता है। अब से भाजपा का मूल उद्देश्य विकसित केरलम होगा।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत 31 मार्च, 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। आतंकवाद का जवाब पीएम मोदी और भाजपा के अलावा कोई नहीं दे सकता। (अनंत ज्ञान)



### भाजपा के लिए कैडर से ऊपर विकसित केरल

**अमित** शाह ने कहा कि भाजपा और माकपा दोनों ही कैडर आधारित पार्टियां हैं, लेकिन दोनों में बड़ा अंतर है। केरल में कैडर कल्याण राज्य के विकास से बड़ा है, जबकि भाजपा के लिए कैडर से ऊपर विकसित केरलम है। उन्होंने कहा कि केरल के विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी के तीन मुख्य दृष्टिकोण हैं-भ्रष्टाचार मुक्त शासन, सरकारी योजनाओं में कोई भेदभाव नहीं और राजनीतिक लाभ से परे केरल का विकास। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कार्यकर्ता सम्मेलन को अन्य राजनीतिक दलों के सार्वजनिक समारोहों जितना ही बड़ा बना दिया है और यह केरल में भाजपा के भविष्य का प्रतीक है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### लिवरपूल ने डिओगो जोटा की जर्सी नंबर 20 को किया रिटायर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** लिवरपूल ने पिछले सप्ताह कार दुर्घटना में डिओगो जोटा की मृत्यु के बाद उनके द्वारा पहनी गई जर्सी नंबर 20 को रिटायर कर दिया है। क्लब ने जोटा के सम्मान में सभी स्तरों पर जर्सी नंबर 20 को रिटायर करने का ऐलान किया है। 28 साल के पुर्तगाली फुटबॉलर जोटा और उनके भाई आंद्रे सिल्वा (जो स्वयं फुटबॉल खिलाड़ी थे) की स्पेन के उत्तर-पश्चिमी शहर जमोरा के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। लिवरपूल ने कहा कि महिला टीम और अकादमी सहित क्लब के सभी स्तरों पर उनके नंबर को रिटायर कर दिया जाएगा। प्रीमियर लीग क्लब ने एक बयान में कहा, 'यह वह नंबर था जिसे वह गर्व और विशिष्टता के साथ पहनते थे और इस प्रक्रिया में हमें अनगिनत जीत दिलाते रहे। जोटा ने अभी-अभी अपने करियर का सबसे सफल सत्र पूरा किया था, जिसमें उन्होंने लिवरपूल को रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए 20वां इंग्लिश लीग खिताब दिलाया था और पुर्तगाल के साथ यूईएफए नेशंस लीग जीती थी। डिओगो जोटा हमेशा लिवरपूल फुटबॉल क्लब के नंबर 20 खिलाड़ी रहेंगे।' लिवरपूल ने कहा कि उसने उनके परिवार से सलाह-मशविरा करने के बाद यह फैसला लिया। (अनंत ज्ञान)




### डिओगो जोटा की मौत ने क्रिकेटर मोहम्मद सिराज को चौंकाया

**एजेंसी, लंदन।** खेल जगत में उस वक्त सनसन फैल गई जब लिवरपूल से खेलने वाले पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर डिओगो जोटा की कार दुर्घटना में अचानक मौत हो गई। इस घटना ने प्रशंसकों से लेकर खिलाड़ियों तक को झकझोर कर रख दिया। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को भी डिओगो जोटा की मौत ने झकझोर कर रख दिया है। इसका खुलासा उन्होंने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा जारी किए गए वीडियो में किया। बीसीसीआई ने शनिवार को एक वीडियो जारी किया, जिसमें सिराज को डिओगो जोटा पर बात करते देखा गया। उन्होंने कहा- %आखिरी मैच में जब हम लोग आ रहे थे तब पता चला था कि डिओगो जोटा की कार दुर्घटना में मौत हो गई। मैं पुर्तगाल का प्रशंसक हूं क्योंकि सीआर7 (क्रिस्टियानो रोनाल्डो) भी उसी टीम से खेलते हैं। मैं बहुत भावुक हूं।% तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन सिराज ने जोटा को अपना विकेट समर्पित किया था और उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। (अनंत ज्ञान)



### कातिलाना अंदाज में इवा निकोला

**पोलैंड।** इवा निकोला स्वोबोडा एक पोलिश ट्रैक और फील्ड धावक हैं जो छोटे स्प्रिंट में माहिर हैं। अपने शरीर में टैटू की वजह से वह मीडिया की सुर्खियां बनती हैं। सोशल मीडिया पर उनके चाहने वालों की कमी नहीं है।



**भारत-इंग्लैंड तीसरा टेस्ट | तीसरा दिन | टी-ब्रेक तक भारत 5 विकेट पर 316 रन**

# केएल राहुल ने लॉर्ड्स में शतक लगाकर रचा इतिहास

**एजेंसी, लंदन**

लॉर्ड्स टेस्ट के तीसरे दिन चाय के ऐलान तक भारत ने 5 विकेट के नुकसान पर 316 रन बना लिए थे और वह इंग्लैंड से अभी भी 71 रन पीछे था। क्रीज पर मौजूद नीतीश रेड्डी और रवींद्र जडेजा के बीच साझेदारी 62 रनों की हो चुकी है। दूसरे सेशन में भारत ने केएल राहुल का विकेट गंवाया और 25.3 ओवर में 68 रन बटोरे। लंच के ठीक बाद केएल राहुल शतक लगाकर शोएब बशीर का शिकार बने। राहुल लॉर्ड्स में दो शतक लगाने वाले पहले भारतीय ओपनर हैं। उन्होंने अपने टेस्ट करियर का 10वां शतक 176 गेंदों में जड़ा। लंच तक भारत ने 4 विकेट के नुकसान पर 248 रन बनाए थे। पहले सेशन पूरी तरह से भारत के नाम हो रहा। हालांकि, लंच से ठीक पहले आखिरी ओवर में ऋषभ पंत 74 के स्कोर पर रन आउट हुए। इससे पहले, लॉर्ड्स टेस्ट के दूसरे दिन भारतीय टीम ने दिन की समाप्ति के समय तक 3 विकेट के नुकसान पर 145 रन बनाए। समाचार लिखे जाने तक टीम इंडिया ने पहली पारी में 91 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 316 रन बना लिए हैं। रवींद्र जडेजा (40) और नीतीश कुमार रेड्डी (25) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। दोनों के बीच फिफ्टी पार्टनरशिप हो चुकी है। (अनंत ज्ञान)



शतक लगाने के बाद खुशी जाहिर करता केएल राहुल।

## अनिल कुंबले ने उठाई क्रिकेट नियमों में बदलाव की मांग

**एजेंसी, लंदन**

पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले ने क्रिकेट नियमों में बदलाव की मांग की है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध हटाने और ड्यूक गेंद की गुणवत्ता बहान करने की सिफारिश की है। दरअसल, भारत और इंग्लैंड के बीच जारी टेस्ट सीरीज के अभी सिर्फ तीन मुकाबले हुए हैं और ड्यूक बॉल को लेकर विवाद शुरू हो गया है।



**आईसीसी से की इन मुद्दों पर फैसला लेने की सिफारिश**

कुंबले ने कहा कि हां, यह उचित ही है कि गेंद नरम हो रही है या उसे बदलने की जरूरत है, क्योंकि यह लगातार और बहुत बार अपनी लय खो रही है। कुछ तो जरूर करना होगा। अगर गेंद 10 ओवर तक नहीं टिकती, तो बार-बार गेंद बदलना अच्छी बात नहीं है, न सिर्फ क्रिकेट के लिए, बल्कि गेंद के लिए भी।

लॉर्ड्स में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन सुबह के सत्र में दो बार गेंद को बदला गया। महज 10 ओवर के खेल के बाद गेंद को दोबारा बदलने को लेकर भारतीय खिलाड़ियों में रोष दिखा था। महान लेग स्पिनर कुंबले ने आगे कहा कि एक संभावित समाधान पिछले वर्षों के विनिर्माण मानकों पर लौटना हो सकता है। उन्होंने ड्यूक्स गेंद के पुराने संस्करण को बहाल करने की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि यह उचित है कि आप पाँच साल पहले जो उपलब्ध था उसे वापस लाएं। (अनंत ज्ञान)

**लार के उपयोग पर प्रतिबंध हटाने की मांग**

इस दौरान कुंबले ने आईसीसी से गेंद को चमकाने के लिए लार के उपयोग पर प्रतिबंध हटाने का आग्रह किया। उन्होंने आगे कहा- इससे निश्चित रूप से मदद मिलेगी। गेंद को बेहतर ढंग से चमकाएं और कम से कम उसे रिवर्स करें। आजकल, ऐसे ज्यादा मौके नहीं आते जहां गेंद रिवर्स हो, खासकर इन हालातों में।

## ईस्ट एशियन कप : द. कोरिया ने हांगकांग को 2-0 से हराया

**एजेंसी, योंगइन ( दक्षिण कोरिया )**

मेजबान दक्षिण कोरिया ने शुक्रवार को ईस्ट एशियन कप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए हांगकांग, चीन को 2-0 से हराकर टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत हासिल की। मैच के 27वें मिनट में कांग सांग-यून ने सियो मिन-वू के पास पर अपने डिफेंडर को छकाते हुए शानदार फिनिश के साथ पहला गोल किया। हाफ टाइम के बाद दक्षिण कोरिया ने दो बार लंबी दूरी से गोल करने की कोशिश की लेकिन दोनों बार निशाना चूक गया। हालांकि 67वें मिनट में ली हो-जे ने दमदार हेडर के जरिए टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया। पूरा मैच दक्षिण कोरिया के दबदबे में रहा। टीम ने कुल 78 प्रतिशत गेंद पर कब्जा बनाए रखा और 20 शॉट लिए, जिनमें से 6 सीधे गोल पोस्ट की दिशा में थे। ईस्ट एशियन कप चार टीमों की एक मिनी लीग है, जिसमें हर टीम अन्य तीन टीमों से एक-एक बार मुकाबला करती है। अंक तालिका का निर्धारण अंकों, फिर आमने-सामने के परिणाम, गोल अंतर और किए गए गोलों के आधार पर होता है। दक्षिण कोरिया ने अपने पहले मुकाबले में चीन को 3-0 से हराया था। दो जीत के साथ कोरियाई टीम के अब छह अंक हो गए हैं। अगला मुकाबला 15 जुलाई को जापान के खिलाफ होगा, जबकि हांगकांग का सामना चीन से होगा। यह टूर्नामेंट 7 से 16 जुलाई के बीच दक्षिण कोरिया के ग्योंगगी प्रांत के सुवोन और योंगइन शहरों में आयोजित किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)



## बुमराह बोले-मेहनत करता हूं, मैं मैच फीस नहीं कटवाना चाहता




**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंग्लैंड के इस दौरे पर 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान सबसे ज्यादा विवाद बॉल को लेकर हुई है। ड्यूक बॉल को लेकर विवाद छिड़ गया है। भारत और इंग्लैंड दोनों टीम के खिलाड़ी से लेकर पूर्व क्रिकेटर तक इस पर काफी कुछ बोल चुके हैं। दूसरे दिन के खेल में सिर्फ जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी ही नहीं बल्कि सुर्खियों में कुछ और भी चीज रही। मैच में इस्तेमाल हो रही ड्यूक्स गेंद ने अपनी शेप खो दी थी और भारत को दी गई दूसरी नई गेंद को महज 63 लीगल गेंदों के बाद ही बदलना पड़ा। बदलने के बाद दी गई गेंद को भी सिर्फ 48 गेंदों के बाद बदलना पड़ा। नाराज शुभमन गिल को ऑन-फील्ड अंपायर पॉल रिफेल और शरफुद्दौला के साथ एनिमेटेड चर्चा करते हुए देखा गया।

बुमराह ने हालांकि, इस विवाद पर चुप्पी साधी और कहा कि गेंद बदलती है, मैं इसे कंट्रोल नहीं कर सकता। मैं पैसे नहीं खोना चाहता, क्योंकि मैं बहुत मेहनत करता हूं और बहुत सारे ओवर खेलता हूं। इसलिए, मैं कोई विवादास्पद बयान नहीं देना चाहता और अपने मैच फीस कटवाना नहीं चाहता। (अनंत ज्ञान)

## बोटाफोगो छोड़कर नॉटिंघम फॉरेस्ट में शामिल हुए जैर कुन्हा

**एजेंसी, रियो डी जेनेरियो।** ब्राजीलियन क्लब बोटाफोगो ने पुष्टि की है कि उसके सेंट्रल डिफेंडर जैर कुन्हा इंग्लिश प्रीमियर लीग क्लब नॉटिंघम फॉरेस्ट में शामिल हो गए हैं। यह ट्रांसफर डील लगभग 12 मिलियन यूरो में पूरी हुई है। 20 वर्षीय जैर, जो 2028 तक बोटाफोगो से अनुबंधित थे, अब नॉटिंघम फॉरेस्ट के साथ जून 2030 तक का अनुबंध कर चुके हैं। बोटाफोगो ने शुक्रवार को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बयान में कहा गया कि हम डिफेंडर को हमारे क्लब के लिए उनकी प्रतिबद्धता और मेहनत के लिए धन्यवाद देते हैं और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं। जैर ने फरवरी में सैंटोस से बोटाफोगो में शामिल होने के बाद क्लब के लिए सभी प्रतियोगिताओं में कुल 22 मैच खेले। वह ब्राजील की अंडर-20 राष्ट्रीय टीम के सदस्य भी हैं। गौरतलब है कि जैर इस हफ्ते नॉटिंघम फॉरेस्ट से जुड़ने वाले बोटाफोगो के दूसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले क्लब ने स्ट्राइकर इगोर जीसस को 11.5 मिलियन यूरो की रिपोर्टेड फीस पर साइन किया था।



## मुख्यमंत्री ने जापानी कराटे प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों को किया रवाना

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जापान के ओसाका में 15 से 23 जुलाई तक होने वाली शिटोकाई गोजू-रियू कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 20 सदस्यीय भारतीय दल को रवाना किया। अपने आधिकारिक आवास ओक ओवर से रवाना करते हुए, मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनके अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने को गर्व का क्षण बताया। उन्होंने खिलाड़ियों के परिश्रम की सराहना करते हुए उनके बेहतर प्रदर्शन और जीत की कामना की।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राज्य में खेल और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने बताया कि सरकार ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की है। ओलंपिक, पैरालंपिक और शीतकालीन ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि 3 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपए, रजत पदक विजेताओं के लिए 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ रुपए, और कांस्य पदक विजेताओं के लिए एक करोड़ से बढ़ाकर 2 करोड़ रुपए कर दी गई है।

कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 20 सदस्यीय भारतीय दल में 11 खिलाड़ी शिमला जिले के बाघी स्थित रूट्स कंट्री स्कूल से हैं, जबकि शेष खिलाड़ी हिमाचल प्रदेश सहित देशभर के विभिन्न क्षेत्रों से हैं। यह भारतीय टीम पांच साल के अंतराल के बाद इस प्रतियोगिता में भाग ले रही है। खिलाड़ियों के साथ टीम के मुख्य कोच सेंसेई अनिल कुमार जिष्ठा और सहायक कोच सेंसेई हरि तमंग भी जापान गए हैं।


सीएम सुक्खू कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के साथ।

## एथलेटिक बिलबाओ के गोलकीपर वेलेंसिया क्लब में हुए शामिल

**एजेंसी, मैड्रिड**

ला लीगा क्लब वेलेंसिया ने एथलेटिक बिलबाओ के गोलकीपर जुलेन एगिरेजाबाला को लोन पर साइन कर लिया है। यह कदम वेलेंसिया के मुख्य गोलकीपर जियोर्गी ममारदाशविली के लिवरपूल ट्रांसफर के बाद लिया गया है, ताकि टीम को एक भरोसेमंद विकल्प मिल सके। एगिरेजाबाला 2025-26 सीजन के लिए वेलेंसिया से जुड़ेंगे और क्लब के पास सीजन के अंत में उन्हें स्थायी रूप से साइन करने का विकल्प भी होगा। 24 वर्षीय एगिरेजाबाला ने यह निर्णय नियमित पहले एकादश में खेलने के मौके पाने के उद्देश्य से लिया है, क्योंकि एथलेटिक में उनके आगे स्पेन के अंतरराष्ट्रीय गोलकीपर उनाई सिमोन हैं। अब तक एगिरेजाबाला मुख्य रूप से सिमोन के विकल्प के रूप में ही खेले हैं। हालांकि, पिछले सीजन सिमोन की कलाई की सर्जरी के चलते उन्होंने ला लीगा में 14 मुकाबले खेले और यूरोपा लीग में एथलेटिक की ओर से पहले विकल्प के रूप में खेले। एगिरेजाबाला ने 2023/24 कोपा डेल रे अभियान में एथलेटिक की पूरी भूमिका निभाई थी। इस दौरान क्लब ने 40 वर्षों बाद यह प्रतिष्ठित खिताब जीता और निर्णायक पेनल्टी शूटआउट में एगिरेजाबाला की अहम बचाव भूमिका रही।



## अस्मिता महिला वुशु सिटी लीग-2025 शुरू

**पंकज सोनी, अनंत ज्ञान**

**ज्वालामुखी।** अस्मिता महिला वुशु सिटी लीग 2025 का भव्य शुभारंभ शनिवार को लॉरिएट ग्लोबल स्ल कथोग में खंड विकास अधिकारी सुरानी अंशुल चंदेल की अध्यक्षता में किया गया। यह दो दिवसीय खेल आयोजन 12 व 13 जुलाई 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में जिला कांगड़ा के विभिन्न स्कूलों से लगभग 150 प्रतिभागी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें अंडर-7 से अंडर-17 आयु वर्ग तक के खिलाड़ी शांशु व तालु वर्ग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।



इस अवसर पर वाइस प्रेसिडेंट वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया पीएन आजाद, अध्यक्ष जिला कांगड़ा वुशु संगठन सुधांशु शर्मा एवं जनरल सेक्रेटरी हिमाचल प्रदेश वुशु संगठन पवन नाग विशेष रूप से उपस्थित रहे। अंशुल चंदेल ने कहा कि यह आयोजन न केवल खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का माध्यम है, बल्कि यह महिलाओं में आत्मरक्षा, आत्मबल और आत्मविश्वास को भी सशक्त करता है। उन्होंने यह भी कहा कि ज्वालामुखी वासियों के लिए भी यह एक गौरव का पल है कि पहली बार लॉरिएट ग्लोबल स्कूल कथोग में अस्मिता महिला वुशु सिटी लीग 2025 प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने वुशू एसोसिएशन ऑफ इंडिया का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर पीएन आजाद द्वारा वुशू फेडरेशन की ओर से लॉरिएट ग्लोबल स्कूल को पांच ताईची शांग भेंट किए गए, जो कि इस क्षेत्र में खेल को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय अस्मिता वूमेन वुशु लीग में भाग लेंगे, जो कि ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल नगरोटा बगवां में आयोजित की जाएगी। वुशु स्टेट एक्सीलेंसी सेंटर कंसा चौक मंडी के खिलाड़ियों द्वारा तालु की विविध कलाओं का भव्य प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर कैंपस निदेशक लॉरिएट इंस्टिट्यूट कथोग डॉ. एमएस आशावत, प्रधानाचार्य लॉरिएट ग्लोबल स्कूल कथोग डॉ. अंकिता शर्मा सहित स्कूली बच्चे व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**फिडे महिला विश्व कप**

## वंतिका अग्रवाल ने पूर्व विश्व चैंपियन उशेनीना को हराया

**एजेंसी, बटुमी (जॉर्जिया)।** फिडे महिला विश्व कप में भारत की वूमन ग्रैंडमास्टर वंतिका अग्रवाल ने जबरदस्त मुकाबले में पूर्व विश्व चैंपियन एना उशेनीना (यूक्रेन) को टाईब्रेक में हराकर तीसरे दौर में जगह बना ली है। वहीं, दूसरी ओर, पद्मिनी राउत को स्विट्जरलैंड की पूर्व विश्व चैंपियन अलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक के हाथों हार का सामना करना पड़ा और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। दूसरे दौर के मुकाबले में वंतिका और उशेनीना के बीच स्कोर 3-3 से बराबरी पर था, जिसके बाद मुकाबला टाईब्रेक में गया। दोनों खिलाड़ियों ने क्लासिकल गेम्स में एक-दूसरे को हराया, जिसके चलते मुकाबला रैपिड टाईब्रेक में पहुंचा। वंतिका ने काले मोहरों से खेलते हुए पहली जीत दर्ज की, लेकिन उशेनीना ने स्कोर 2-2 से बराबर कर लिया।

आगे के ड्रॉ ने मुकाबले को 5-5 मिनट के ब्लिट्ज गेम तक पहुंचा दिया, जहां हर खिलाड़ी को 3 सेकेंड की अतिरिक्त समय-सीमा मिल रही थी। इसी हाई-प्रेशर गेम में उशेनीना की एक बड़ी चूक का फायदा उठाकर वंतिका ने बढ़त बनाई और अंततः 4.5-3.5 से मैच जीतकर तीसरे राउंड में जगह बनाई। अब उनका सामना रूस की अनुभवी ग्रैंडमास्टर कैटेरीना लाग्नो से होगा। (अनंत ज्ञान)

**रचा इतिहास | आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप-2026 के क्वालीफायर मैच में इटली का शानदार प्रदर्शन**

# इटली ने टी20 वर्ल्डकप के लिए किया क्वालिफाई

**एजेंसी, हैदराबाद**

आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के क्वालीफायर मैच में इटली ने शानदार प्रदर्शन से कई प्रतिष्ठित टीमों को चौंका दिया है। पूर्व ऑस्ट्रेलिया बल्लेबाज जो बर्न्स के अगुवाई में इटली ने पहली बार टी20 वर्ल्ड कप में एंट्री मारकर इतिहास रचा दिया है। हेग में अपने अंतिम क्वालीफायर मैच में नीदरलैंड से हारने के बावजूद, इटली वर्ल्ड कप का टिकट पाने में कामयाब रही, क्योंकि इसका नेट रन रेट जर्सी से बेहतर था।

क्वालीफिकेशन में इटली का अभियान ग्वेर्नसे पर सात विकेट से जीत के साथ शुरू हुआ और जर्सी के खिलाफ उनका मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। हालांकि, यूरोपीय टीम के लिए सबसे महत्वपूर्ण परिणाम स्कॉटलैंड के खिलाफ रहा, जहां उन्होंने 12 रनों से जीत हासिल की। इटली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 167 का स्कोर बनाने के बाद स्कॉटलैंड को 155 पर ही रोक दिया, लेकिन उनको नीदरलैंड के खिलाफ 9 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। फिर भी टीम ने जर्सी से बेहतर नेट रन रेट के आधार पर नीदरलैंड के साथ बड़े टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने इटली को विश्व कप में पहुंचाया।

इटली क्रिकेट टीम के कप्तान जो बर्न्स एक पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2014 से 2020 के बीच ऑस्ट्रेलिया के लिए 23 टेस्ट मैच और 6 वनडे मैच खेले, जिसमें 36.97 की औसत से 1,442 टेस्ट रन बनाए। बर्न्स ने 2024 में अपने भाई, डोमिनिक बर्न्स को खो दिया, जो इटली में अपनी नाना नानी के साथ रहता था। यह बर्न्स के करियर का एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ, क्योंकि उन्होंने अपने भाई के सम्मान में, इटली जाने का फैसला किया और भाई की जर्सी नंबर 85 पहनकर इतालवी राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व करने का फैसला किया। 2026 का संस्करण अब तक का सबसे बड़ा टी20 विश्व कप होगा, जिसमें 20 टीमें भाग लेंगी। इससे पहले 2024 टी20 विश्व कप में 16 टीमों ने भाग लिया था। इटली 2026 संस्करण में भाग लेने वाली 15वीं टीम बन गई है। तीन और टीमें पूर्वी एशिया प्रशांत क्वालीफायर से क्वालीफाई करेंगी, जबकि दो टीमें अफ्रीका क्वालीफायर के माध्यम से क्वालीफाई करेंगी। (अनंत ज्ञान)

